वर्ष 73 अंक 184 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 03 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कुछ भी आपके साथ नहीं होता, बल्कि आपके लिए होता है। नकारात्मक घटनाओं में भी सकारात्मक पहलू देखने की कोशिश करें।
–जोएल ओस्टीन




### जंग का 34वां दिनः ईरानी सुप्रीम लीडर के करीबी सलाहकार घायल, पत्नी की मौत


# ट्रंप ने किया जीत का दावा, ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की दी धमकी

**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान-अमेरिका संघर्ष के 34वें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस युद्ध में 'जीत हासिल कर चुका है' और ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया, तो अमेरिका उसे 'पाषाण युग' में पहुंचा देगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरानी सेना अब अमेरिका के प्रभावी नियंत्रण में है और उसकी मिसाइल, ड्रोन और नौसैनिक ताकत बुरी तरह कमजोर हो चुकी है। ट्रंप ने कहा कि आने वाले 2-3 हफ्तों में अमेरिका बड़ा सैन्य कदम भी उठा सकता है। हालांकि, उनके 19 मिनट के भाषण में कोई नई नीति या ठोस घोषणा सामने नहीं आई। इसी बीच, ईरान के पूर्व विदेश मंत्री और सुप्रीम लीडर के करीबी सलाहकार कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर अमेरिकी हमले की खबर है। इस हमले में उनकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि खराजी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। खराजी फिलहाल स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं, जो सीधे सुप्रीम लीडर को सलाह देने वाली अहम संस्था है।

सूत्रों के मुताबिक, खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के जरिए संभावित सीजफायर वार्ता के लिए बैकचैनल संपर्क में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इधर, ब्रिटेन में होर्मुज स्ट्रेट को लेकर 35 देशों की अहम बैठक हो रही है। इसमें भारत भी शामिल होगा। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी करेंगे।

### युद्ध आने वाली पीढ़ियों के लिए निवेशः ट्रंप



ट्रंप ने अपने भाषण में एक ओर बातचीत की बात कही, वहीं दूसरी ओर यह भी कहा कि उन्हें समझौते की जरूरत नहीं है। उन्होंने युद्ध को जरूरी बताते हुए कहा कि यह 'आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश' है, भले ही इससे अमेरिकी जनता को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हो।

## ईरानी राष्ट्रपति का अमेरिकी जनता को पत्र क्या यह युद्ध 'अमेरिका फर्स्ट' के अनुरूप

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच अमेरिकी जनता को खुला पत्र लिखकर ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यह युद्ध वास्तव में 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के अनुरूप है या नहीं। पेजेशकियन ने अपने पत्र में कहा, 'आखिर इस युद्ध से अमेरिकी जनता के कौन से हित पूरे हो रहे हैं?' ईरानी राष्ट्रपति ने पत्र में कहा कि क्या 'अमेरिका फर्स्ट' वास्तव में अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता है? यह युद्ध किसके फायदे के लिए लड़ा जा रहा है? उन्होंने यह भी दावा किया कि



ईरान ने अपने आधुनिक इतिहास में कभी आक्रामक या विस्तारवादी नीति नहीं अपनाई। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की 'खतरे की छवि' ताकतवर देशों की राजनीतिक-आर्थिक सोच का परिणाम है। हालिया ड्रोन और मिसाइल हमले 'वैध आत्मरक्षा' के तहत किए गए।

> जो लोग ईरान को धमकी दे रहे हैं, वे असल में अपने ही सैनिकों को मौत की तरफ धकेल रहे हैं। ईरान को 'स्टोन एज' (पाषाण युग) में भेजने की बात सिर्फ कल्पना है और ऐसा करना संभव नहीं है। हॉलीवुड अमेरिका के दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा है। अमेरिका सिर्फ 250 साल पुराना देश है, जबकि ईरान की सभ्यता 6,000 साल पुरानी है और वो हमें डाराने की कोशिश कर रहा है। होर्मुज हमारे कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।
> - **माजिद मौसवी**, कमांडर, ईरानी एयरस्पेस फोर्स






आर्टेमिस 2 मिशन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाएगा।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच 30 जून तक राहत

## उर्वरक समेत 40 पेट्रोकेमिकल्स पर शून्य की गई कस्टम ड्यूटी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया संकट से वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़े असर के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा आर्थिक फैसला लिया है। सरकार ने उर्वरक उत्पादों समेत 40 से अधिक अहम पेट्रोकेमिकल्स पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह खत्म कर दी है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह छूट 2 अप्रैल 2026 से लागू होकर 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसका मकसद घरेलू उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और बढ़ती लागत पर लगाम लगाना है।

**इन सेक्टर्स को फायदा**
- प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग
- टेक्सटाइल (कपड़ा) सेक्टर
- फार्मास्यूटिकल्स (दवा उद्योग)
- केमिकल इंडस्ट्री
- ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स

**यह होगा सस्ता**
- पानी की बोतल, पैकेजिंग, दवाएं, कपड़े, पेंट, खिलौने, ऑटो पार्ट्स
- शैंपू, प्लास्टिक सामान, पैकेज्ड प्रोडक्ट सस्ते हो सकते हैं
- दवाओं और कपड़ों की कीमतों में राहत संभव

### ऑफ बीट

## चीनः 3.5 मीट्रिक टन वजन लेकर उड़ेगा 'ट्रक'



*चीन ने तकनीकी क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुनिया के सबसे बड़े मानव रहित मालवाहक ड्रोन का सफल परीक्षण किया है। 'चांगयिंग-8' नाम का यह ड्रोन 3.5 मीट्रिक टन तक का भारी माल उठाने में सक्षम है, जिसे 'उड़ने वाला ट्रक' कहा जा रहा है। यह ड्रोन हेनान प्रांत के झेंग्झौ शांगकियाओ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरकर करीब 30 मिनट तक हवा में रहा और सुरक्षित लैंडिंग की। उड़ान के दौरान इसके फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम, एवियोनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सिस्टम समेत सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की गई। यह अधिकतम 3.5 मीट्रिक टन तक भार उठाने की क्षमता रखता है। और करीब 3000 किलोमीटर की उड़ान रेंज है। इसकी लंबाई 17 मीटर और 25 मीटर विंगस्पैन हैं। इसका कच्चे और कठिन इलाकों में भी संचालन संभव है। इस उन्नत ड्रोन को चीन की प्रमुख रक्षा कंपनी चाइना नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विकसित किया है।*

### आईपीएल में आज

**चैन्नई बनाम पंजाब**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## ओबीसी आरक्षणः 27 अप्रैल से होगी नियमित सुनवाई

### हाईकोर्ट का निर्देशः सभी पक्ष लिखित जवाब प्रस्तुत करें

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के बाद दायर हुई याचिकाओं पर शीघ्र अंतिम फैसला आने की उम्मीद जाग गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल से इस मामले की नियमित सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसफर किए गए मामलों पर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने कहा कि आगामी 27 से 29 अप्रैल तक हर रोज दोपहर 12:30 बजे से मामलों पर सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने सभी पक्षों को उससे पहले अपने लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



### भोजशाला मामले की भी 6 अप्रैल से रोज सुनवाई

**इंदौर/धार, जेएनएन।** धार स्थित भोजशाला विवाद मामले में हाईकोर्ट ने अहम कदम उठाते हुए 6 अप्रैल से रोजाना सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच सोमवार दोपहर 2.30 बजे से सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगी। अदालत ने स्पष्ट किया है कि पहले याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी जाएंगी, इसके बाद आपत्ति दर्ज कराने वाले पक्षों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि भोजशाला विवाद में अंतिम फैसला अब हाईकोर्ट ही करेगा।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को निर्देश

## हटाए जाएं हनी सिंह और बादशाह के विवादित गाने



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रैपर हनी सिंह और सिंगर बादशाह के एक पुराने विवादित गाने को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उसे सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि गाने के बोल बेहद अश्लील, अभद्र और महिलाओं के प्रति अपमानजनक हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते। यह गाना साल 2000 के आसपास का बताया जा रहा है, जब हनी सिंह और बादशाह 'माफिया मुंडीर' नाम के ग्रुप के तहत साथ काम करते थे। दोनों ने कई लोकप्रिय गाने बनाए, लेकिन यह खास गाना अपने आपत्तिजनक शब्दों के कारण विवादों में आ गया।

### प. बंगाल में मुख्यमंत्री ने 5 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरवाए, ममता सरकार पर बरसे

# बंगाली मानुष के अधिकार बांग्लादेश को देने पर तुली हैं ममता दीदीः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने 5 भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरवाए। वहीं जनसभाओं में मौजूदा टीएमसी सरकार की जमकर आलोचना की। डॉ. यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब दीदी नहीं अप्पी हो गई हैं।

बांकुरा में जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकार बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। ऐसे में यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। बंगाल के युवा, महिला, गरीब और किसान बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन -बान -शान के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में दुनिया की कोई भी ताकत भाजपा को बंगाल में सत्ता हासिल करने से नहीं रोक सकती।



उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल से बांकुरा के लोग दीदी के शासन में पलायन करने को मजबूर हैं। यहां का युवा कंगाल हो गया है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का बढ़ता हुआ कद और उसका मान-सम्मान देख रही है। बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं बची है।

**21 राज्यों में हमारी सरकारें**

चुनावी सभा के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि देश के 21 राज्यों में भाजपा या हमारे गठबंधन की सरकारें हैं। ऐसे में इस विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनती दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से पूरे प्रदेश परेशान है। घुसपैठियों को जिस तरीके से बढ़ावा दिया गया, हिन्दुओं को अपमानित किया गया। सारा हिसाब चुकता करने का लोकतंत्र में सबसे बड़ा अवसर चुनाव का होता है।

## एएनआई-ओपनएआई केस में फैसला सुरक्षित

### खबरों के इस्तेमाल पर विवाद, चैटजीपीटी पर कॉपी का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूज एजेंसी एएनआई और ओपनएआई के बीच चल रहे महत्वपूर्ण कॉपीराइट विवाद में सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह मामला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कॉपीराइट कानून से जुड़ा देश का पहला बड़ा केस माना जा रहा है। एएनआई ने आरोप लगाया है कि ओपनएआई ने अपने एआई मॉडल चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल किया। एजेंसी का कहना है कि ओपनएआई ने वेब टूल्स के जरिए उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना अनुमति व भुगतान के उसका उपयोग किया, जो कॉपीराइट कानून और 'फेयर डीलिंग' के दायरे में नहीं आता। ओपन एआई ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चैट जीपीटी पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता बल्कि सिस्टम इंटरनेट पर उपलब्ध डेटा से केवल पैटर्न और भाषा सीखता है। आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई को ब्लॉक कर दिया है।

## छगः जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी दोषी करार

### 3 सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश

**बिलासपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह फैसला सीबीआई द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर सुनाया। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमित जोगी ने कहा कि उन्हें पूरी सुनवाई का मौका नहीं मिला और यह फैसला उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने इसे 'अन्याय' बताया। मामले में 4 जून 2003 को रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कुल 31 आरोपी बनाए गए। इनमें से 28 आरोपियों को सजा हुई, जबकि अमित जोगी को ट्रायल कोर्ट ने बरी किया था।



### हाईकोर्ट सख्तः भाजपा विधायक पर जज को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप

## संजय पाठक पर दर्ज हो सकता है केस

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ गंभीर रुख अपनाते हुए केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। यह मामला खनन से जुड़े 443 करोड़ रुपए के वसूली प्रकरण और न्यायाधीश से संपर्क करने के आरोप से जुड़ा है।



हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने पाठक को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उनके विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ता कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव और पुनीत श्रोती ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भाजपा विधायक संजय पाठक ने हाई कोर्ट के जज से संपर्क करने की कोशिश की थी, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है। दरअसल, पाठक परिवार से जुड़ी खदानों के मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की अदालत में निर्धारित थी। इसी दौरान एक सितंबर, 2025 को न्यायमूर्ति मिश्रा ने स्वयं यह तथ्य उजागर किया था कि विधायक द्वारा उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई है। इस तरह साफ है कि यह मामला किसी जनप्रतिनिधि द्वारा जज से संपर्क करने की कोशिश न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े कर सकती है।

यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह जनप्रतिनिधियों के आचरण से जुड़े गंभीर मुद्दे को उजागर करता है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना भी प्रशासनिक तंत्र पर सवाल उठाता है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया था। उन्होंने प्रकरण प्रशासनिक स्तर पर मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने की व्यवस्था दी थी।

## विधायक राजेंद्र भारती को तीन साल की सजा

### कोर्ट ने एक महीने की जमानत भी दी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ग्रामीण बैंक घोटाले के मामले में दतिया से कांग्रेस के विधायक राजेंद्र भारती और सह-आरोपी रघुबीर शरण प्रजापति को 3 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है और अपील दायर करने के लिए एक महीने की जमानत प्रदान की है।



**यह है मामला**

भारती और अन्य आरोपियों ने मिलकर सहकारी ग्रामीण विकास बैंक को धोखा देने की साजिश रची। आरोप है कि 3 साल की अवधि वाली फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) 2011 में समाप्त होने के बाद भी आरोपियों ने उच्च ब्याज दर पर राशि निकालना जारी रखा। इसके लिए बैंक के दस्तावेजों में जालसाजी की गई।

### सर्वे: परिवार में रोजगार न होने पर बुजुर्गों की मानसिक सेहत पर 12 फीसदी तक ज्यादा खतरा

# बेरोजगार बच्चों के कारण बढ़ रहा बुजुर्गों में डिप्रेशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में बेरोजगारी को आमतौर पर युवाओं की समस्या माना जाता है, लेकिन इसका प्रभाव अब परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की मानसिक सेहत पर भी गहराई से पड़ने लगा है। हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने इस कड़वी सच्चाई को उजागर किया है कि जिन घरों में वयस्क बच्चे बेरोजगार हैं, वहां माता-पिता के डिप्रेशन में जाने का खतरा काफी बढ़ जाता है। पारंपरिक भारतीय समाज में बुजुर्ग अपनी आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा के लिए बच्चों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में जब युवा पीढ़ी रोजगार से दूर होती है, तो यह केवल उनकी व्यक्तिगत समस्या नहीं रह जाती, बल्कि पूरे परिवार में असुरक्षा, तनाव और चिंता का माहौल पैदा करती है। यह स्थिति खासतौर पर उन परिवारों में अधिक गंभीर हो जाती है, जहां सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। यह शोध संकेत देता है कि बेरोजगारी अब एक व्यापक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले रही है।

नए सर्वे में खुलासा हुआ है कि जिन बुजुर्गों के वयस्क बच्चे बेरोजगार हैं, उनमें डिप्रेशन का खतरा करीब 12 फीसदी तक बढ़ जाता है। यह निष्कर्ष 'लॉन्जिट्यूडिनल एजिंग सर्वे ऑफ इंडिया' के डेटा के विश्लेषण से सामने आया है। शोध के अनुसार, बच्चों की बेरोजगारी के कारण माता-पिता में डिप्रेशन का जोखिम 3.14 फीसदी से बढ़कर 12.48 फीसदी तक पहुंच जाता है। यह अध्ययन संकेत देता है कि बेरोजगारी केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट भी बनती जा रही है। भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की सुरक्षा काफी हद तक परिवार पर निर्भर है, यह मुद्दा और गंभीर हो जाता है।



**इस तरह किया शोध**
- सर्वे में 45 वर्ष से अधिक उम्र के 73,000 से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया
- शोध स्वीडन की उमेआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया
- रिपोर्ट 'सोशल साइंस एंड मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित

**इसलिए बढ़ता है डिप्रेशन का खतरा**
- बुजुर्ग आर्थिक और सामाजिक रूप से बच्चों पर निर्भर रहते हैं
- बेरोजगारी से परिवार की आय और सुरक्षा दोनों प्रभावित होती हैं
- भविष्य को लेकर असुरक्षा और चिंता बढ़ती है

**भारत में असर ज्यादा**
- देश में बड़ी बुजुर्ग आबादी, लेकिन सीमित सामाजिक सुरक्षा
- 60+ उम्र के सिर्फ 18 फीसदी लोगों के पास हेल्थ इंश्योरेंस

**परिवार पर निर्भरता ज्यादा**

शोधकर्ताओं के मुताबिक, भारत में पीढ़ियों के बीच गहरा संबंध होता है। ऐसे में जब युवा बेरोजगार होते हैं, तो बुजुर्गों में असुरक्षा और मानसिक तनाव तेजी से बढ़ता है।

**सिफारिशें इनसे मिलेगी राहत**
- सामाजिक मेलजोल और सक्रिय जीवनशैली
- परिवार और समुदाय से भावनात्मक समर्थन
- आर्थिक सुरक्षा के विकल्प

## आप ने सांसद राघव चड्डा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

### पार्टी की ओर से बोलने पर रोक, वजह स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्डा को उपनेता पद से हटा दिया। उनकी जगह पंजाब से ही सांसद अशोक मित्तल को नया उपनेता नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस संबंध में राज्यसभा सचिवालय को पत्र भेजकर जानकारी दी है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अब राघव चड्ढा को सदन में पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। आप ने इस बदलाव के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। हालांकि, राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि राघव चड्ढा पिछले कुछ समय से पार्टी से दूरी बनाए हुए थे और अहम मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दे रहे थे। दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को राहत मिलने के बाद भी उनकी चुप्पी चर्चा में रही थी।



**राघव के उठाए प्रमुख मुद्दे**
- **गिग वर्कर्स का मुद्दाः** जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट कर्मियों की कम सैलरी और सुरक्षा की कमी
- **डिजिटल क्रिएटर्सः** कॉपीराइट कानून में बदलाव की मांग
- **स्वास्थ्य क्षेत्रः** 'वन नेशन, वन हेल्थ ट्रीटमेंट' का प्रस्ताव
- **खाद्य मिलावटः** यूरिया जैसी मिलावट का मुद्दा
- **एयरपोर्ट पर सस्ता खानाः** 150+ एयरपोर्ट्स पर किफायती कैफे की मांग
- **मोबाइल रीचार्जः** 28 दिन की जगह पूरा कैलेंडर महीना लागू करने की मांग

# करोड़ों खर्च, फिर भी सड़कों पर गड्ढों का राज मैहर में पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली पर सवाल

**जागरण, मैहर**



विश्व प्रसिद्ध आस्था नगरी मैहर, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं, वहीं शहर की सड़कों के हालात व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। स्थिति यह हैं कि प्रमुख मार्गों पर चलना तक मुश्किल हो गया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कागजों में विकास दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के मुख्य मार्ग घंटाघर से देवी जी रोड तक की स्थिति बेहद खराब है। घंटाघर से महाराजा अग्रसेन चौराहे तक सड़क इतनी खराब है कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ा डामर और उड़ती धूल लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। यही हाल देवी जी रोड से अंदर हनुमान मंदिर मार्ग का भी है, जहां नई सड़क बनने के बावजूद घटिया सामग्री के चलते सड़क बीच से उखड़ने लगी है। शहर के अन्य प्रमुख मार्ग जैसे घंटाघर से सतना रोड और रेलवे स्टेशन रोड भी बदहाल स्थिति में हैं। हर तरफ टूटी सड़कों और धूल के गुबार से लोग परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपए हर साल सड़कों के निर्माण और मरम्मत के नाम पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई सुधार नजर नहीं आता।

सूत्रों के मुताबिक लोक निर्माण विभाग में 10 लाख रुपए से कम के कामों के टेंडर बार-बार कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं। पैचवर्क और बांड के नाम पर कागजों में कार्य पूर्ण दिखा दिया जाता है, जबकि वास्तविकता में सड़कें जस की तस बनी रहती हैं। इससे साफ है कि सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है और बंदरबांट का खेल जारी है। विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए नगरपालिका पर आरोप लगाते हैं कि पाइपलाइन और अन्य कार्यों के लिए सड़कों को खोद दिया जाता है, जिससे सड़कें खराब होती हैं। लेकिन सवाल यह है कि मरम्मत की जिम्मेदारी आखिर कौन निभाएगा। धूल और खराब सड़कों के कारण स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय अस्पतालों में सांस और एलर्जी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का मानना है कि सड़कों से उड़ने वाली धूल संक्रमण का बड़ा कारण बन रही है। सड़क किनारे रहने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जिनके घरों में हर समय धूल जमी रहती है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जिस शहर की पहचान इतनी बड़ी है, वहां की मूलभूत सुविधाएं इस स्तर की होना निराशाजनक है। कई यात्रियों ने इसे गांवों से भी खराब स्थिति बताया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक मैहर की जनता इन बदहाल सड़कों का खामियाजा भुगतेगी। क्या जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देंगे या फिर कागजों में ही विकास चलता रहेगा। फिलहाल स्थिति यह है कि पूरी मैहर खराब सड़कों के बोझ तले कराह रही है और समाधान का इंतजार कर रही है।

# सरस्वती विद्यालय के गौरव प्रशासनिक अधिकारी अखिल पाण्डेय का हुआ सम्मान




**सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान में आयोजित विशेष सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के गौरव पूर्व छात्र अखिल पाण्डेय का शाल स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया । अखिल पाण्डेय का हाल ही में आयोजित यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए हैं । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल पाण्डेय विद्यालय अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक सिंह विशिष्ट अतिथि अमृतलाल पाण्डेय रहे । इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र मृत्युंजय सिंह का भी सम्मान किया गया जिनका हाल ही में शासकीय शिक्षक के पद पर चयन हुआ है । साथ ही सुधीर सिंह राठौर संदीप गुप्ता को सम्मानित किया गया । अखिल पाण्डेय चयन होने के पश्चात रामपुर आगमन पर सर्वप्रथम सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे । उद्बोधन में अपने विद्यालयीन समय को याद करते हुए अपनी इस सफलता को अपने माता पिता बड़े भाई व गुरुजनों विशेष रूप से स्व दिनेश मिश्रा को समर्पित किया। स्वण् दिनेश मिश्रा को विशेष रूप से याद करते हुए बताया कि आचार्यजी ने हमेशा प्रशासनिक सेवा के लिए प्रोत्साहित किया था । चयनित शासकीय शिक्षक पूर्व छात्र मृत्युजय सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर रामबिहारी पाण्डेय पिता अनिल पाण्डेय अंकित पाण्डेय विष्णुधर भट्ट अजय मिश्रा कोषाध्यक्ष राहुल चौरसिया रामबक्स सिंह नरेंद्र पाण्डेय आदि गणमान्य नागरिक के साथ अभिभावक एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहे । पूर्व छात्र परिषद सचिव मृत्युंजय त्रिपाठी विनय सोनी आशीष सिंह विशाल त्रिपाठी योगेश सोनी निधि साहू विपिन शुक्ला शिवम पाण्डेय नितिन त्रिपाठी आदि ने शुभकामनाएं दी । परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रभारी प्राचार्य उमेश शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक पंकज सोनी ने किया । मंच संचालन प्रवीण निगम दीदी एवं मंचीय व्यवस्था बहन निधि द्विवेदी व रवि पाण्डेय ने की । हनुमान जयंती के इस विशेष अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति सुंदरकाण्ड एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया गया जिसका आयोजन सभी आचार्य परिवार एवं अभिभाविकाओं के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

## सेवा निवृत्त पर दी गई विदाई

**अमदरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र तिघरा कला में पदस्थ एएनएम श्रीमती प्रभा त्रिपाठी के सुखद एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत्ति अवसर पर एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पीयूष पाण्डेय द्वारा की गई। इस अवसर पर बीपीएम मनोज सिंह बीएएम हबीब मंसूरी बीसीएम अरबाज खान डीईओ पंकज मिश्रा सेक्टर सुपरवाइजर हरप्रसाद सूत्रकार एमपीडब्ल्यू हरिदीन प्रजापति सहित मैहर ग्रामीण क्षेत्र की समस्त सीएचओए एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रीमती प्रभा त्रिपाठी के लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निष्ठा समर्पण और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# भाजपा के बरौधा मण्डल का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

## विभिन्न विषयो पर वक्ताओ ने रखे विचार




**सतना।** भाजपा के बरौंधा मण्डल के प्रशिक्षण वर्ग 2026 का समापन गुरुवार को किया गया नानाजी श्रद्धा केन्द्र नकैला स्थान पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मे बरौंधा मण्डल से बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रशिक्षित होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग मे भाजपा जिलाध्यक्ष ् भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे। चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त विजय तिवारी कार्तिकेय द्विवेदी ओंमप्रकाश शर्मा जयप्रताप गुप्ता संजीव द्विवेदी पंकज सिंह परिहार ने अपने अपने विषयो के माध्यम से कार्यकर्ताओ को अवगत कराया। पार्टी के सभी कार्यक्रम बूथ मे अनिवार्य रुप से हो. भगवती पाण्डेय भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बरौंधा मण्डल के प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रमुख कार्यक्रम बूथ मे अनिवार्य रुप से होने चाहिए जिससे बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने न केवल सक्रियता बनी रहती है बल्कि पार्टी संगठनके उद्देश्य आमजनता तक पहुचते है। उन्होने कहा कि बूथ कमेटी के पदाधिकारियो को समाज के सभी वर्गो को जोड़कर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना चाहिए। श्री पाण्डेय कहा कि बूथ कमेटियों मे जमीनी कार्यकर्ताओ को स्थान देकर प्रभावशाली और मजबूत बनाया जा सकता है। बूथकमेटी जितनी अधिक जमीनी और प्रभावशाली होगी संगठन उतना ही मजबूत होगा। इसके अतिरिक्त विजय तिवारी ने वैचारिक अधिष्ठान, कार्तिकेय द्विवेदी ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, ओंमप्रकाश शर्मा ने कार्यविस्तार, जयप्रताप गुप्ता ने कार्य पद्धति संजीव द्विवेदी ने सोशल मीडिया, नमो एप्प एवं सरल एप्प पंकज सिंह परिहार ने केन्द्र सरकार की योजनाएं विषयो के माध्यम से कार्यकर्ताओ को अवगत कराया।

## बाजार में लुट रहा किसान : रामशंकर



**जागरण सतना।** मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी को लेकर एक बार फिर सरकार की नियत और नीति पर सवाल खड़े हो गए हैं स अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू करने का ऐलान करने वाली भाजपा सरकार अब पीछे हटती नजर आ रही है । ताजा फैसले के अनुसार खरीदी की तारीख को बढ़ाकर कुछ संभाग में 10 अप्रैल और कुछ संभाग में 15 अप्रैल कर दिया गया हैए जिससे प्रदेश के किसानों में भरी आक्रोश है । रामपुर बघेलान के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने इस मुद्दे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की यह लेटलतीफी सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय है । गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार होकर किसानों के घर पहुंच चुकी है ए लेकिन खरीदी शुरू न होने से किसान खुले बाजार में औने - पौने दामों पर अपनी उपज बेचने को मजबूर हैं । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के लिए किसान नहीं बल्कि बहाने प्राथमिकता बन गए हैं। कभी बारदाने की कमी तो कभी व्यवस्थाओ का रोना रो कर खरीदी डाल दी जाती है जबकि असलियत यह है कि सरकार किसानों की फिक्र करने की वजह सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा नाम मात्र का घोषित बोनस भी केवल दिखावा साबित हो रहा है। एक ओर बोनस का ढोल पीटा जा रहा है दूसरी ओर खरीदी ही समय पर नहीं हो रही है दोहरी नीति किसानों के साथ छलावा है। रामशंकर पयासी ने मांग की है कि सरकार तत्काल प्रभाव से गेहूं खरीदी शुरू करें और किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।

# कृष्णकिशोर अग्निहोत्री के निधन पर मौदहा ग्राम में शोक



**बिरसिंहपुर।** मौदहा निवाशी कृष्णकिशोर अग्निहोत्री का निधन पानी में डूबने से हो गया। उनके अग्निहोत्री परिवार समेत उनके पूरे मौदहा ग्राम में शोक की लहर सी हो गई जबकि बताया जा रहा है कि कृष्णकिशोर अग्निहोत्री बहुत ही धार्मिक शांतिप्रिय व आध्यात्मिक स्वभाव के व्यक्ति थे उनके निधन से उनके भाई भतीजों समेत पूरे परिवार में गहरा शोक है शोक व्यक्त करने में प्रमुख रूप से संतोष कुमार अग्निहोत्री अजय नारायण अग्निहोत्री मुनेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री मोहनलाल अग्निहोत्री दुर्गेश अग्निहोत्री विजयशंकर अग्निहोत्री उमाशंकर अग्निहोत्री ब्रजेश अग्निहोत्री रामनरेश अग्निहोत्री रत्नेश सतेंद्र विपिन अंबिका प्रसाद ईश्वरी प्रसाद अवधबिहारी शिवरतन अतुल अमित आयुष लवकुश कृष्णा अतुल रामशंकर जयप्रकाश साहबलाल श्रीहरि रघुवर शरण अग्निहोत्री पूरे अग्निहोत्री परिवार समेत हरिशरण द्विवेदी सरपंच पुष्पेंद्र तिवारी दैनिक जागरण बिरसिंहपुर संवाददाता पत्रकार बद्री पाठक रामकेश बडखेरा पुष्पेंद्र शुक्ला संदीप पांडेय व मौदहा ग्राम समेत क्षेत्र के बहुत से गणमान्य नागरिको ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए भगवान मृतक की आत्मा को शांति दे ऐसी सभी ने कामना किया।

## आरटीई के तहत 3854 विद्यार्थियों को प्राईवेट विद्यालय में मिलेगा दाखिला

**जागरण सतना।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया में सतना जिले के कुल 2797 एवं मैहर जिले के 1057 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश हेतु आवंटन प्राप्त हुआ। ऑनलाइन लॉटरी 02 अप्रैल 2026 को राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा की गई है। आरटीई प्रभारी दिवाकर सिंह नें बताया कि सतना जिला के 555 स्कूलों में 3096 सीटों के विरुद्ध 2797 बच्चों को स्कूल आवंटित किये गए है। इसी प्रकार मैहर जिला के 203 स्कूलों में 1164 सीटों के विरुद्ध 1057 बच्चों को स्कूल आवंटित किये गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं तकनीक आधारित है। चयन की सूचना अभिभावकों को एसएमएस के माध्यम से भेजी जा रही है। आवंटन की स्थिति पोर्टल पर देखी जा सकती है तथा आवंटन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश की तिथि चयनित विद्यार्थी 03 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के मध्य संबंधित विद्यालयों में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकेंगे।

## गौतम अदाणी ने दोहराया आस्था और सेवा का संदेश



**सतना।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अपनी पत्नी डॉ प्रीति अदाणी बड़े बेटे करण अदाणी और बहू परिधि अदाणी के साथ अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन किया और इसके बाद नि शुल्क गुरुकुल महाविद्यालय जाकर वहां के विद्यार्थियों और शिक्षकों से मुलाकात की। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर बना यह मंदिर आस्था और भारत की सभ्यता का बड़ा प्रतीक माना जाता है। गौतम अदाणी ने कहा कि हनुमान जयंती के दिन अयोध्या आना उनके लिए बहुत भावुक और खास अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि मंदिर में दर्शन करते समय उन्हें गर्व और गहरी भावना महसूस हुई। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है बल्कि यह भारत की संस्कृति एकता और बढ़ते आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों सच्चाई कर्तव्य और सेवा को देश के लिए प्रेरणा बताया।

## विश्व हिंदू महासंघ भारत की रामपुर बघेलान अध्यक्ष बनी मधु सिंह



**जागरण सतना।** विश्व हिंदू महासंघ भारत संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय संगठन में मातृशक्ति विंग की महामंत्री श्रीमती मिथिलेश सिंह बघेल की अनुशंसा पर श्रीमती मधु सिंह को महिला विंग की रामपुर बघेलान ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।अपनी नियुक्ति पर श्रीमती मधु नंदकिशोर पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगीं और हिंदुत्व के लिए सदैव समर्पित रहेगी उनकी इस नियुक्ति पर मध्य प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल उपाध्यक्ष रामानंद सिंह प्रदेश प्रवक्ता प्रणय धाराधर राकेश गुप्ता संदीप गुप्ता दीपक चुगवानी मातृशक्ति विंग से श्रीमती पूजा चतुर्वेदी जयश्री द्विवेदी पूजा शर्मा आरती गुप्ता नितिन सिंह परमार सहित संगठन की समस्त मातृशक्तियों ने उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं।

## वीर सपूत का भव्य स्वागत




**जागरण सतना।** चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व सैनिकों एवं बृजेश सिंह बघेल के परिवारजनों द्वारा भारतीय सेना के जांबाज सैनिक सुबेदार बृजेश सिंह बघेल 10 पैरा कमांडो मौहार कोठीद्वका भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही वे स्टेशन पहुंचेए वहां मौजूद लोगों ने फूल.मालाओं ढोल.नगाड़ों और जयकारों के साथ उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिकों ने अपने साथी योद्धा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में योगदान देने वाले हर सैनिक का सम्मान करना समाज का कर्तव्य है। स्वागत के दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और उपस्थित लोगों में उत्साह व गर्व का माहौल दिखाई दिया।

# पौड़ी धाम में धूम-धाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**अमदरा ।** सिद्ध पीठ आश्रम पौड़ी धाम में हनुमान जन्म उत्सव का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पवनसुत हनुमान की पूजा.अर्चना में लीन नजर आए। पूरे धाम परिसर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला जहां श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का सामूहिक पाठ कर अपने जीवन को धन्य बनाया। मेरे राम पौड़ी धाम की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। हनुमान जन्म उत्सव के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें दूर.दूर से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं जहां भक्तों ने लाइन में लगकर हनुमान जी के दर्शन एवं पूजन किए।इस दौरान श्रद्धालुओं ने परम पूज्य गुरु जी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया और अपने जीवन में सुख.समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की कि उनकी कृपा सभी भक्तों पर सदैव बनी रहे।

# कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**जागरण सतना।** श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर आज भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धाए भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही जन्मोत्सव का प्रसंग आया पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा और श्रद्धालु जय श्री कृष्णश् के जयघोष से गूंज उठे। इस अवसर पर कथा श्रोता केसरी गुप्ता एवं श्रीमती कौशल वाई गुप्ता ने श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा ग्रंथ को धारण कर विधिवत पूजा.अर्चना करते हुए कथा श्रवण किया। कथा वाचक पूज्य पं विनोद कृष्ण महाराज ने अपने मधुर भावपूर्ण एवं संगीतमय प्रवचनों से सभी श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि यह केवल एक धार्मिक कथा नहीं बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। उन्होंने अपने प्रवचन में भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान के नाम का स्मरण ही जीवन को सार्थक बनाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, रूद्र गुप्ता, श्रीमती रश्मि गुप्ता, श्रीमती साधना गुप्ता, श्रीमती प्रिया गुप्ता, रामशिरोमणि गुप्ता, जगदीश गुप्ता, कामता गुप्ता, धनराज गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, गणेश गुप्ता, रामनरेन्द्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, पिंटू गुप्ता, श्रीनाथ गुप्ता, विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुरेश गुप्ता, महेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, प्रेम लाल गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता, भारत गुप्ता, ददन गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ,वं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## श्रम कानूनो का लम्बे समय से हो रहा दुरूपयोग : सुरेंद्र शर्मा

सतना। जदयू राष्ट्रीय कार्य समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने मांग करते हुए कहा कि सतना जिले में भी स्थापित सीमेंट कारखानों की वजह से निश्चित ही श्रम का शोषण खनिजों का दोहन पर्यावरण में प्रदूषण और स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा लम्बे समय से की जा रही है यह बड़ी चिंता का विषय है स्थापित कल कारखानों ने हमारे यहां के जल जंगल और जमीन का दोहन तो किया लेकिन जिस अनुपात में यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराना चाहिए वह काम नहीं किया गया इतना ही नहीं श्रम कानूनों का खुला दुरुपयोग बदस्तूर लंबे समय से जारी है इसके खिलाफसमय.समय पर लोगों ने व श्रम संगठनों ने आवाज उठाई लेकिन कोई असर नहीं पड़ा इसलिए हमारे सांसद जी ने लोकसभा में इस विषय पर मैहर की अनियमितता की जांच की मांग की है जो स्वागत योग्य है पर मेरा ऐसा मानना है कि मैहर के साथ सतना जिले के भी सीमेंट कारखानों को भी जांच के दायरे में लिया जाना चाहिए देश का पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय इस पर संज्ञान ले और ठोस कार्रवाई करें।

# मॉडल स्कूल रामनगर में धूम-धाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव



**रामनगर ।** नई शिक्षा नीति और राज्य सरकार के स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 01अप्रैल को मॉडल विद्यालय रामनगर में नवीन शिक्षण सत्र 2026.27 के लिए प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और शाला त्यागी दर को शून्य करना है। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12वी में प्रवेश लेने वाले नन्हें.मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्य रामनगर राजेश कुमार द्विवेदी रहे। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ष्बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शाला प्रांगण में उत्सव का माहौल रहा। कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार उरमलिया अनुज प्रताप तिवारी तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार द्विवेदी एवं गणमान्य नागरिक पालकगण एवं विद्यालय के सभी गुरुजन समुदाय उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# स्वास्थ्य शिविर में 80 लोगो का हुआ परीक्षण



**जागरण सतना।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर श्री राम होमियोपैथी क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटरए हनुमान नगर नई बस्ती सतना द्वारा 31 मार्च को मैत्री पार्क हवाई पट्टी सतना में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर डॉण् ऋतुराज दहायत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के लगभग 80 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उपस्थित सभी मरीजों का सावधानीपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क होमियोपैथिक औषधियों का वितरण भी किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस जनहितकारी पहल की सराहना की। श्री राम होमियोपैथी क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती रहेंगी।

सूर्य उदय - अस्त
06.16 अस्त : आज
05.58 उदय : कल

शहर का तापमान
37.0 0 अधिकत
18.0 0 न्यूनतम

# शहरवासियों को जल्द मिलेगी नए पार्क की सौगात



जागरण सौगात

## अमृत-2 योजना से पार्क का कार्य अंतिम चरण में

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परिसर में बन रहा भव्य पार्क



जागरण, सीधी

सीधी शहर वासियों को जल्द ही भव्य एवं सर्वसुविधायुक्त पार्क की सौगात मिलने वाली है। पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय परिसर में बन रहे पार्क का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। 45 लाख रुपए की लागत से बन रहे पार्क में कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अमृत-2 योजना के तहत निर्माणाधीन बहुप्रतीक्षित पार्क में लोगों को हरियाली और सुकून भरा व्यवस्थित ठिकाना मिलेगा। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस परिसर में विकसित हो रहा यह पार्क उत्तर करौंदिया, हाउसिंग बोर्ड प्रियदर्शिनी नगर और दक्षिण करौंदिया क्षेत्र के रहवासियों के लिए खास आकर्षण रहेगा। यहां से पार्क नजदीक होने के कारण उक्त क्षेत्रों के लोगों की संख्या यहां ज्यादा पहुंचेगी। यहां बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और हरित वातावरण जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बच्चों के लिए खेल सामग्री झूले आदि के भी इंतजाम हैं। निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अप्रैल महीने के अंत तक पार्क को जनता के लिए समर्पित किया जा सके। स्थानीय लोगों में भी इस नए पार्क को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। निर्माणाधीन पार्क का जायजा लेने के लिए काफी संख्या में लोग अभी से पहुंच रहे हैं। चर्चा के दौरान पार्क क्षेत्र के समीपी लोगों का कहना था कि शहर में व्यवस्थित पार्कों की कमी के बीच यह पहल निश्चित रूप से लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाएगी। लोगों को सैर-सपाटे के लिए यह पार्क बेहतर स्थान साबित होगा। नए पार्क को लेकर सुबह सैर-सपाटा करने वाले लोगों में ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। ऐसे लोगों का मानना है कि पार्क के हरियाली भरे वातावरण में टहलने का कुछ अलग ही आनंद रहेगा। यहां सुबह के समय टहलना सेहत के लिए काफी लाभदायक रहेगा। शहरी क्षेत्र के नजदीक पार्क का निर्माण होने से इसका लुत्फ उठाने वालों की संख्या काफी ज्यादा मानी जा रही है। यह अवश्य है कि पार्क का लुत्फ वही लोग उठा सकते हैं जो सुबह जल्द उठें और शाम को भी जिनके पास समय रहे।

### ओपन जिम की भी व्यवस्था

पार्क में ओपन जिम का भी निर्माण किया जा रहा है। कॉलेजी छात्रों के साथ ही स्थानीय मोहल्लों के लोगों को खुले वातावरण में सेहत सुधारने के लिए ओपन जिम में विभिन्न उपकरण मिलेंगे। इन उपकरणों के माध्यम से लोग सुबह-शाम अपनी सेहत को सुधारने के लिए तरह-तरह की कसरतें भी कर सकेंगे। खासतौर से बिना किसी शुल्क के व्यवस्थित ओपन जिम की व्यवस्था उपलब्ध होगी। ओपन जिम की सुविधा को लेकर किशोरों एवं युवाओं में खासा उत्साह बना हुआ है। चर्चा के दौरान कुछ युवाओं का कहना था कि जिम की व्यवस्था लेने के लिए बाजार में हजारों रुपए शुल्क देना पड़ता है। पार्क में ओपन जिम की व्यवस्था मिलने के बाद से लोगों को मुफ्त में अपनी सेहत सुधारने का अवसर मिलेगा। ओपन जिम में कई तरह की आधुनिक मशीनें उपलब्ध होंगी। जिनका उपयोग लोग अपनी सेहत को सुधारने में आसानी से कर सकेंगे।

### सीधी शहर को मिलेगी चौथे पार्क की सौगात

सीधी शहर के कॉलेज परिसर में बन रहे पार्क की चौथी सौगात जल्द मिलेगी। अभी तक सीधी शहर का सबसे पुराना पार्क जवाहर पार्क है जो कि वर्तमान में पूजा पार्क क्षेत्र में स्थित है। इसके बाद सूखा नाला के ऊपर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे पार्क का निर्माण कराया गया। तत्पश्चात सर्किट हाउस के समीप मेघदूत पार्क का निर्माण कराया गया। सभी पार्कों का संचालन नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा किया जा रहा है। जवाहर पार्क के अलावा अन्य दोनो पार्कों में बच्चों के लिए खास सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिसमें झूले एवं फिसल पट्टी भी शामिल हैं। लंबे अरसे से शहर वासियों द्वारा सर्वसुविधा युक्त नए पार्क की मांग की जा रही थी। जिसमें बच्चों के लिए आधुनिक झूलों के साथ ही युवाओं के लिए ओपन जिम की सुविधा भी उपलब्ध हो। इसको गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा 45 लाख की लागत से सर्वसुविधायुक्त पार्क का निर्माण कॉलेज परिसर की खाली पड़ी भूमि में कराने की कार्ययोजना तैयार की गई। उक्त पार्क को काफी भव्यता प्रदान करने के लिए विशेष कार्य कराए जा रहे हैं। लंबे क्षेत्रफल में फैले इस पार्क के चलते जहां शहर की सौंदर्यता को भी बढ़ावा मिलेगा वहीं लोगों को हरियाली का सुकून भी मिलेगा।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस का प्रहार

**जागरण, सीधी।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और उत्तेजक सामग्री साझा कर किसी निर्दोष व्यक्ति के विरुद्ध जन-आक्रोश भड़काने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक अभियान शुरू किया है। थाना सेमरिया अंतर्गत एक कंटेनर यूपी 78 जेएन 9557 के संबंध में अपहरण की मिथ्या सूचना प्रसारित करने के मामले में दो इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार दिनांक 9 मार्च 2026 को ग्राम बढ़ौरा हाईवे पर उक्त कंटेनर की गहन जांच के उपरांत पुलिस ने पाया था कि लड़कियों को ले जाने वाली सूचना पूर्णतः निराधार और तथ्यहीन है। पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल इसका आधिकारिक खंडन भी किया गया था। इसके बावजूद इंस्टाग्राम आईडी गुडियारानी एवं बालमुकुंदपाण्डेय5633 के यूजर्स द्वारा बिना किसी उत्तरदायित्व के इस अफवाह को प्रचारित किया गया, जिससे समाज में एक अनावश्यक तनाव की स्थिति निर्मित हुई। जांच में यह अत्यंत चिंताजनक पहलू सामने आया है कि इन भ्रामक पोस्ट्स के माध्यम से समाज में ऐसा उकसावा पैदा किया गया जो किसी भी निर्दोष व्यक्ति कंटेनर चालक व क्लीनर के विरुद्ध अनचाही अनहोनी की पृष्ठभूमि तैयार कर सकता था। सोशल मीडिया पर बिना प्रमाण किसी को अपराधी घोषित करना, दरअसल समाज को कानून हाथ में लेने के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से उकसाने के समान है। ऐसी गैर-जिम्मेदाराना पोस्ट्स किसी भी बेगुनाह व्यक्ति के सुरक्षा कवच को अत्यंत कमजोर कर देती हैं और उसे भीड़ की हिंसा के प्रति असुरक्षित बना देती हैं। हम ऐसी डिजिटल अराजकता के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपना रहे हैं। उक्त इंस्टाग्राम आईडी के यूजर्स के विरुद्ध धारा 353(1)(ख) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। साइबर सेल के माध्यम से इन यूजर्स की गतिविधियों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पुलिस की जांच अभी निरंतर जारी है। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जो भी अन्य नए बिंदु या संलिप्त व्यक्ति सामने आएंगे, उन पर भी विधि अनुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

## प्रस्फुटन समिति ने जल मंदिर प्याऊ का किया संचालन



**जागरण, मझौली।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में नगर विकास प्रस्फुटन समिति मझौली द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली परिसर में जल मंदिर प्याऊ का संचालन विगत 1 अप्रैल को किया गया जिसका उद्घाटन मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्तव्य निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे डॉ. राकेश तिवारी व कृषि विस्तारक अधिकारी मझौली पुष्पेंद्र वर्मा द्वारा किया गया है। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी द्वारा बताया गया कि गर्मी बढ़ाने के कारण लोगों की पीने के पानी की आवश्यकता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। यहां आने वाले मरीजों एवं उनके लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल मिल सके जिसको लेकर विकासखंड समन्वयक रजनीश मिश्रा के मार्गदर्शन व परामर्शदाता मास्टर ट्रेनर रजनीश द्विवेदी के प्रेरणा पर समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में जल मंदिर प्याऊ का संचालन किया गया है। इस दौरान अधिकारियों कर्मचारियों के साथ समाज सेवी एवं स्वयंसेवी संस्था के लोग शामिल रहे।

## स्वामी विवेकानंद एकेडमी में मना प्रवेशोत्सव



**जागरण, मझौली।** जिले के मझौली अंचल स्थित स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही ताला में 31 मार्च को शिक्षा सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए 1 अप्रैल को हर्षोउल्लास के साथ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का आगाज विद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में पधारे अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मझौली एडवोकेट प्रवीण तिवारी, पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद तिवारी व शिक्षक-शिक्षिकाओ बच्चों को टीका-चन्दन लगा बच्चों के साथ रिबन काटकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया, नए प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर नेहा गुप्ता एवं प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया गया। समस्त शिक्षकों ने बच्चों को प्रेरणादायक उद्बोधन, खेल गतिविधियां व संगीत के माध्यम से बच्चों के मन में प्रतिदिन विद्यालय आने व शिक्षा की ओर अग्रसर किया। इसके साथ ही सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## आराध्या तिवारी की जन्म जयंती पर रक्तदान शिविर कल



**जागरण, सीधी।** विंध्य की बेटी आराध्या तिवारी के जन्मजयंती पर आराध्या फाउंडेशन द्वारा 4 अप्रैल 2026 को जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में युवा समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया, स्वयंसेवी संस्थाओं से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। मालूम रहे कि विंध्य की बेटी आराध्या तिवारी का जन्म 4 अप्रैल 2014 को चैत्र नवरात्रि में पंचमी को रोहिणी नक्षत्र शुक्रवार को हुआ था। जन्म के कुछ समय बाद ही मालूम पड़ा कि वह थैलीसीमिया की बीमारी से पीड़ित हैं। नन्ही आराध्या की जान को सुरक्षित करने के लिए उनके माता-पिता ने लाखों की राशि एकत्रित करने के लिए जगह-जगह पैदल घूमे। आराध्या 11 वां जन्मदिन मनाकर वेल्लोर हॉस्पिटल में जटिल ऑपरेशन के लिए माता-पिता के साथ गई थी। उसकी जान बचाने के लिए विंध्य के साथ ही जगह-जगह के लोग ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे किंतु ऑपरेशन के बाद उनकी हालत में सुधार होने की बजाय लगातार गंभीर होती गई और 21 सितंबर 2024 को उन्होने अंतिम सांसे ली। यह खबर मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। अपनी बेटी की जान को बचाने के लिए कठिन संघर्ष करने वाले पिता पंकज तिवारी ने बताया कि आराध्या के जन्म जयंती पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आराध्या फाउंडेशन द्वारा 4 अप्रैल 2026 को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

## मनरेगा खात्मा मजदूरों के पेट में लात मारने जैसा: भदौरिया



**जागरण, सीधी।** केंद्र शासित भाजपा सरकार ने मनरेगा समाप्त करके श्रमिकों के पेट में लात मारने का काम किया है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने स्थानीय स्तर पर गांव में मजदूरों को साल भर में 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी थी। जिसे भाजपा ने जी राम जी का नामकरण करके रोजगार का कानूनी अधिकार समाप्त कर दिया है। काम का कानूनी अधिकार समाप्त हो जाने से श्रमिक पलायन करने के लिए भी विवश हो गए हैं। इसके विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूरे देश में अभियान चलाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह चौहान द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया को चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगढ़ सेक्टर में जनसंपर्क कर जन संवाद करने की जिम्मेदारी सौंपी है। ब्लॉक कांग्रेस हनुमानगढ़ के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह गोड़ ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्री भदौरिया 4 अप्रैल को झगरी, पोस्ता, धनिगमा, 5 अप्रैल को पोड़ी, हनुमानगढ़, अकौरी, 7 अप्रैल को कुशमहर, चकड़ौर, धनहा तथा 8 अप्रैल को भुईयाडोल, बजरंगगढ़ तथा खड्डी खुर्द में श्रमिकों से जनसंपर्क करके संवाद करेंगे। उन्होंने संबंधित सभी स्थानीय प्रदेश, जिला, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर, प्रकोष्ठ तथा बीएल के साथियों से अनुरोध किया है कि निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचकर जनसंपर्क व जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का कष्ट करें।

## जल गंगा संवर्धन के तहत नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ



**जागरण, सेमरिया।** ग्राम पंचायत झगरहा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया जी रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच निशा संजय पाण्डेय ने की। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. विपिन शर्मा उपयंत्री रामकृष्ण उपाध्याय, सचिव रोजगार सहायक सहित आम जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को पानी के सदुपयोग और संरक्षण के लिए जागरूक किया। साथ ही नि:शुल्क प्याऊ के माध्यम से आमजन को गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की गई। ग्रामीणों ने इस पहल को सराहते हुए पंचायत के प्रयासों की प्रशंसा की और ऐसे जनहितकारी कार्यों को आगे भी जारी रखने की बात कही।

## बढ़ौरा में दो हैंडपंप खराब, ग्रामीण पानी के लिए परेशान



**जागरण, सेमरिया।** जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ौरा में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आई है। गांव के दो अलग-अलग स्थानों पर कई दिनों से हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार एक हैंडपंप वार्ड क्रमांक 17 में गुलाब यादव के घर के पास तथा दूसरा वार्ड क्रमांक 18 में जमुना यादव के घर के पास खराब है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप खराब होने की सूचना संबंधित कर्मचारियों को पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है और पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय बढ़ौरा निवासी एवं सेमरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि बढ़ौरा में दो हैंडपंप कई दिनों से खराब पड़े हैं हुए हैं जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, पीएचई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी से अपील है की हैंडपंप को अतिशीघ्र बनवा दें ताकि ग्रामीणों को पानी समय से मुहैया हो सके।

**नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

मैं अभिषेक गौतम निवासी ग्राम झाझ तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.) यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री का पूर्व नाम AAHANA GAUTAM था, जिसे अब बदलकर ANSHIKA GAUTAM कर दिया गया है।

अतः भविष्य में मेरी पुत्री को सभी शैक्षणिक, सरकारी एवं अन्य समस्त अभिलेखों में ANSHIKA GAUTAM के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

# जिले के स्थानीय उत्पादों को मिलेगी नई पहचान

## आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न



जागरण, सीधी

जिले में आजीविका मिशन के कार्यों को अधिक प्रभावी, संगठित और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आजीविका मिशन का उद्देश्य केवल आय बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका के माध्यम से समाज में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने मिशन को परिवर्तन का माध्यम बताते हुए कहा कि हर गतिविधि का सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में दिखाई देना चाहिए। कलेक्टर ने समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि बेहतर गुणवत्ता से ही उत्पादों की पहचान बनेगी और बाजार में उनकी मांग बढ़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने आकर्षक पैकेजिंग (पैकिंग) और प्रस्तुतीकरण पर ध्यान देने को कहा, ताकि स्थानीय उत्पाद प्रतिस्पर्धा में टिक सकें और अपनी अलग पहचान बना सकें। कलेक्टर ने आजीविका मिशन के तहत विपणन व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय ही नहीं, बल्कि बड़े बाजारों से भी जोड़ा जाए। विशेष रूप से साप्ताहिक हाट-बाजारों में समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे उनकी बिक्री बढ़े और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके। बैठक में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि कृषि से जुड़े कार्यों में मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर आय के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल देते हुए कलेक्टर ने कहा कि मिशन की दीदियों को केवल उत्पाद निर्माण तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें प्रशिक्षक के रूप में विकसित किया जाए। इससे वे अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा सकेंगी और मिशन का विस्तार तेजी से होगा। उन्होंने कौशल विकास को मिशन की सफलता का आधार बताते हुए कहा कि समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि समूह नई तकनीकों और बेहतर कार्य पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें।

# गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए संकल्पित है सरकार: टेकाम

## खंड स्तरीय प्रवेश उत्सव व अन्य कार्यक्रम आयोजित



जागरण, मझौली

स्कूल चले अभियान अंतर्गत शासन की दिशा निर्देश अनुसार नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ 1 अप्रैल से किया गया है। जिसको लेकर जिले भर के मझौली क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में उत्साहपूर्वक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। खंड स्तरीय प्रवेश उत्सव, जल संवर्धन अभियान, हित लाभ वितरण, निर्माण कार्य भूमि पूजन का भव्य आयोजन क्षेत्रीय विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य, सरपंच डांगा एड. अखिलेश जायसवाल के अध्यक्षता तथा कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी व प्रभारी सीईओ धनंजय मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डांगा के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम द्वारा कहा गया कि हमारी केंद्र व प्रदेश की सरकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए कृत संकल्पित है। अच्छी शिक्षा के लिए हम सबको अपनी जवाबदारियों को निभाना होगा। सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क पाठ पुस्तक, छात्रवृत्ति, वाता अनुकूलित विद्यालय भवन, रहने खाने के लिए छात्रावासों की व्यवस्था, आने-जाने के लिए नि:शुल्क साइकिल वितरण, वाहन सुविधा आदि अनेकों योजनाएं संचालित कर रखी है। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत डांगा में विद्यालय भवन रामगढ़ में प्रयोगशाला, आंगनवाड़ी भवन के साथ गांव में अन्य कोई विकास व निर्माण कार्य जिनकी मांग पूर्व में सरपंच द्वारा की गई थी और स्वीकृत मिल चुकी है। लगभग करोड़ रुपए की लागत राशि के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं अन्य कई लोगों को स्वरोजगार के लिए लगभग 50 लाख रुपये हित लाभ अंतर्गत वितरण किया गया। इस दौरान नवागत कलेक्टर के कार्यप्रणाली से प्रभावित हो कर मझौली क्षेत्र के दूर-दराज के ग्राम पंचायतों से पहुंचे लोग अपनी फरियाद सुनाने जब मंच पर बैठे कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा के पास पहुंचने लगे तो कलेक्टर मंच से उतर प्रशासनिक अमले के साथ लोगों के बीच पहुंच संवेदनशीलता के साथ फरियाद सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को अप्रैल तेरा मई मेरा के तर्ज पर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत डांगा एडवोकेट अखिलेश जायसवाल व प्राचार्या नीता सिंह व शिक्षक भैयालाल यादव द्वारा अतिथियों एवं प्रशासनिक-अधिकारियों का सम्मान साल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अतिथियों का आभार ज्ञापित सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा तथा मंच संचालन विद्यालय शिक्षक अमित मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह टेकाम, कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह, जिला पंचायत सदस्य खडौरा व वन समिति सभापति जिप सीधी कृष्णलाल छोटू पयासी, जिला पंचायत सदस्य नीता कोल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लवकेश सिंह गहरवार सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

## लोकसभा में गूंजी विवि मांग की आवाज: इंद्रलाल

**जागरण, सीधी।** छात्र-छात्राओं के द्वारा सीधी जिले में पिछले कई साल से लगातार सीधी मांगे विश्वविद्यालय संघर्ष समिति के माध्यम से विश्वविद्यालय खोलने की मांग की जा रही है। इस मांग को लेकर सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्र को ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने इस मांग को फिर एक बार संसद में शून्य काल के दौरान उठाया। टीम के छात्र इस खबर को सुनते ही गदगद हुए। विश्वविद्यालय मांग के नेतृत्वकर्ता शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने टीम की ओर से सांसद डॉ. राजेश मिश्र का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मिल रहा शीतल जल

**जागरण, सीधी।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के 15वें दिन विभिन्न ग्राम पंचायतों द्वारा जनभागीदारी के साथ सराहनीय पहलें देखने को मिलीं। अभियान के अंतर्गत जगह-जगह प्याऊ स्थापित किए गए हैं, जहां राहगीरों को भीषण गर्मी में ठंडा और शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में नि:स्वार्थ सेवा, पुण्य और सामाजिक समरसता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा दान माना गया है। इसी भावना के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में घड़ों के माध्यम से जल सेवा की यह परंपरा पुनः जीवंत नजर आ रही है।

# पुलिस का अंतर्राज्यीय नेटवर्क पर प्रहार, नशीली कफ सिरप बरामद



जागरण कार्रवाई

## नशा मुक्त भारत अभियान में पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### नशे के अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप




जागरण, सीधी

केंद्र सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीधी पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के तहत जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे नशा कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा जोन हेमंत चौहान के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व अमन मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा यह प्रभावी कार्रवाई की गई। दिनांक 1 अप्रैल 2026 की रात्रि में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उत्कृष्ट विद्यालय के पास एक व्यक्ति नशीली सिरप की खेप खपाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आशीष सिंह उर्फ राजन गहरवार उम्र 26 वर्ष निवासी पड़रा को मौके से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 28 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी के निशानदेही के आधार पर पुलिस ने तत्काल कमला कॉलेज के पीछे स्थित ठिकाने पर दबिश दी, जहां से 415 अतिरिक्त शीशी बरामद की गई। आरोपी से यह जानकारी प्राप्त करने हेतु पूछताछ की जा रही है कि वह उक्त नशीली कफ सिरप कहां से लेकर आया था। साथ ही नशीली सिरप के अवैध क्रय-विक्रय एवं नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस कार्रवाई में जप्त सामग्री में कुल नशीली कफ सिरप 443 शीशी, अनुमानित मूल्य 88,600 रुपए, एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन शामिल है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, धारा 5/13 मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### सीधी पुलिस ने की आम नागरिकों से अपील

सीधी पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि आपके आसपास नशे के अवैध कारोबार की कोई भी जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। आपकी सतर्कता और पुलिस की कार्रवाई मिलकर समाज को सुरक्षित और नशामुक्त बना सकती है।

### कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मी होंगे पुरष्कृत

इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय थाना प्रभारी कोतवाली, उपनिरीक्षक राजमणि वर्मा, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह, जयराम सैनी, आरक्षक बालेन्द्र सिंह एवं चालक सुभाष सिंह को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।



नशे के विरुद्ध केंद्रीय गृह मंत्री के द्वारा आगामी 3 वर्षों में देश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के तहत नशा मुक्त भारत अभियान 1 अप्रैल को प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में सीधी पुलिस द्वारा यह सख्त कार्यवाही की गई है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान निरंतर और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।

**संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक सीधी**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## 'नो किंग्स' का नारा दुनिया के कोने-कोने में बुलंद हो

राष्ट्रपति ट्रंप अपने ही देश में बुरी तरह घिर गए हैं। उनके खिलाफ 'नो किंग्स' बैनर वाले विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सांसद भी सडक़ों पर उतर आए हैं। अमरीका के 50 राज्यों में 3500 से अधिक स्थानों पर करीब 80 लाख लोग सडक़ों पर आक्रोशित हैं और राष्ट्रपति ट्रंप का इस्तीफा मांग रहे हैं। ये विरोध-प्रदर्शन ट्रंप के अधिनायकवाद के खिलाफ हैं और ब्रिटेन, यूरोप तक फैल गए हैं। ईरान पर हमला अमरीका और इजरायल के शासनाध्यक्षों का तानाशाही किस्म का रवैया था। उनके तमाम मंसूबे अधूरे रहे हैं। युद्ध को एक महीना बीत चुका है। लगभग पूरी दुनिया हिल चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी का सर्वेक्षण है कि ईरान युद्ध से 4.5 करोड़ से अधिक लोग 'भुखमरी' के कगार पर हैं। अनुमानित डाटा है कि युद्ध में अभी तक 4500 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, करीब 10 लाख लोग बेघर हो चुके हैं, वैश्विक जीडीपी के 2 फीसदी नीचे आने के खतरे सामने हैं। यदि अमरीका और इजरायल में जनता ट्रंप और नेतन्याहू का आक्रामक विरोध कर रही है, तो बिल्कुल लोकतांत्रिक कदम है। अमरीका सबसे प्राचीन लोकतंत्र है। बल्कि विरोध इतना तीखा और सटीक होना चाहिए कि दोनों नेता इस्तीफा देने को विवश हो जाएं। दोनों देशों के नेता 'कब्जेबाज' हैं, लिहाजा युद्ध को माध्यम बनाए हुए हैं। दोनों देशों में चुनाव होने हैं और वे निम्नतम लोकप्रियता के स्तर पर हैं। पेंटागन का आकलन है कि एक माह के युद्ध में ही अमरीका का करीब 30,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ईरान का भी 15-20 लाख करोड़ रुपए और खाड़ी देशों का करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप अब भी विमानवाहक युद्धपोत, मरीन कमांडो, सैनिक, विमान आदि ईरान की ओर भेज रहे हैं। बॉम्बर्स से बमबारी करवा रहे हैं। ईरान को 'कब्रिस्तान' बना दिया है। अब जमीनी युद्ध की भी संभावनाएं हैं।

अमरीका और इजरायल ने एक माह की अवधि में ईरान पर 10,000 से अधिक हमले (प्रति) कर उसके 66 फीसदी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। आखिर मिसाइल, ड्रोन कितने बचे होंगे? और ईरान कब तक उनके सहारे युद्ध लड़ता रहेगा? यह बेहद चिंतित सवाल है। युद्ध से विश्व के सामने ऊर्जा-संकट पैदा हो गया है, जो लगातार गहराता जा रहा है। मुद्रास्फीति और सप्लाई चेन की अवरुद्धता ने दुनिया को झटके दिए हैं। ट्रंप की इस तानाशाही और वैश्विक गुंडागर्दी को क्यों सहन किया जा रहा है? यूरोप, एशिया (भारत, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया आदि समेत), अफ्रीका, लैटिन अमरीका और जो देश ईरान युद्ध से पिसे, कुचले जा रहे हैं, वे संयुक्त राष्ट्र में जाएं और ट्रंप के खिलाफ आंदोलन करें। अब प्रस्ताव पारित कराने का वक्त निकल चुका है। देशों को आक्रामक होना होगा, लेकिन अहिंसक आंदोलन करना होगा। यह कूटनीति या राजनीति अथवा अमरीका के साथ संबंधों वक्त नहीं है, बल्कि विश्व के अस्तित्व का सवाल है। विरोध देश का नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप का करना है। भारतीय विशेषज्ञ मान रहे हैं कि हमारी तेल-गैस की आपूर्ति लगातार कम हो रही है और खपत जस की तस है। हमारी जरूरत 20 की है, लेकिन सप्लाई 10 की ही हो रही है। साफ है कि कमी बढ़ती रहेगी, तो अंततः एक विकराल संकट सामने खड़ा हो सकता है। चूंकि खाड़ी देशों में तेल-गैस ठिकानों को व्यापक स्तर पर तबाह किया गया है, आग ने सब कुछ खाक कर दिया है, लिहाजा यह तय है कि आगामी 4-5 साल तक आपूर्ति वैसी नहीं रहेगी, जैसी युद्ध से पहले थी। भारत के लिए मध्य-पूर्व ही सबसे मुफीद क्षेत्र है, जहां से तेल-गैस का आयात 2-4 दिन में ही संभव है। अन्य देश हमसे बहुत दूर हैं और सप्लाई में 40-45 दिन लग जाते हैं। भारत जितना विशाल, विराट देश है, उतनी ही हमारी जरूरतें हैं। तेल-गैस के बजाय बिजली वाले वाहनों को ज्यादा सार्वजनिक बनाया जाए।

प्रसंगवश


## नक्सलवाद से मुक्ति की सफलता का दावा

भारत लगभग नक्सल-मुक्त हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में यह दावानुमा घोषणा की। नक्सल-मुक्त स्थिति के लिए 31 मार्च, 2026 आखिरी तारीख तय की गई थी, लेकिन संसद में नक्सलवाद पर बहस हुई, जिसके जवाब में गृहमंत्री ने घोषणा की और नक्सलवाद के विस्तार की स्थितियों और कारकों का भी खुलासा किया। गृहमंत्री ने उल्लास और उत्साह में यह भी घोषणा की कि देश में 'लाल कॉरिडोर' का खात्मा कर दिया गया है। जो 2-4 नक्सली नेता फरार हैं, वे या तो आत्मसमर्पण कर देंगे अथवा उन्हें ढेर कर दिया जाएगा।

बहरहाल अब 'नक्सलवाद' शब्द इतिहास में दर्ज होकर रह जाएगा। देश से 'वामपंथी, माओवादी आतंकवाद' के खात्मे में करीब 59 लंबे साल लग गए। जो आंदोलन वामपंथी नेता चारु मजूमदार और कानू सान्याल के नेतृत्व में 1967 में पश्चिम बंगाल से शुरू किया गया था, वह वैचारिक कम और हथियारबंद, हिंसक अधिक था। बेशक आंदोलन को किसान, मजदूर, भूमिहीन, आदिवासी की लड़ाई का आवरण दिया गया। आर्थिक असमानता, शोषण, अन्याय, पूंजीवाद, भूमि का असमान वितरण या भूमिहीनता, सर्वहारा, बुर्जुआ आदि शब्दों को नारों के तौर पर इस्तेमाल किया गया, लेकिन 2026 तक भी वे नारे खोखले, आडंबर साबित हुए, क्योंकि असमान स्थितियां आज भी देश में हैं। नक्सली देश की संसदीय व्यवस्था के खिलाफ थे और देश में 'सशस्त्र क्रांति' लाने के पक्षधर थे। जो आंदोलन या उग्रवाद देश के करीब 150 जिलों तक फैला था और जिसे 'रेड कॉरिडोर' नामकरण दिया गया था, वाकई वे इलाके रक्त-रंजित थे। नक्सलियों ने समानता और न्याय की अपनी सोच गढ़ते हुए 7532 मासूम, बेगुनाह लोगों को मारा। करीब 5000 सुरक्षा-जांबाजों को 'शहीद' किया। देश के करीब 17 फीसदी हिस्से पर जिनका 'रेड कॉरिडोर' था, देश की 12 करोड़ से अधिक आबादी 'लाल उग्रवाद' से प्रभावित और दमित थी, वह कैसा सामाजिक आंदोलन था? जिन्होंने करीब 20,000 युवाओं की हत्या की। क्यों की...? करीब 92 फीसदी अत्याधुनिक हथियार पुलिस और सुरक्षा बलों से छीन लिए, यह समानता और गरीबी-उन्मूलन का कैसा आंदोलन था? 'लाल आतंकवाद' के खिलाफ लड़ाई और उसे खत्म करने की मुहिम पर सरकार को 2000 करोड़ रुपए सालाना खर्च करने पड़ रहे थे। देश को नक्सल-मुक्त करने के अभियानों, संघर्षों, मुठभेड़ों के दौरान 706 नक्सली मार दिए गए, 2208 को गिरफ्तार कर जेलों में भेज दिया गया और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। ये तमाम खुलासे गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किए हैं और सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों को 'सैल्यूट' किया है। मुक्ति-अभियान के बावजूद एक तबका ऐसा है, जिसने जेएनयू में जश्न मनाया था, जब नक्सलियों ने हमला कर सीआरपीएफ के 76 जवानों को एक साथ 'शहीद' किया था। यही तबका 'अरबन नक्सल' है, जिसमें बौद्धिक, डॉक्टर, पत्रकार, सांसद, सम्मानित लेखक आदि शामिल हैं। वे आज भी नक्सलियों के पैरोकार हैं और उनके पक्ष में आलेख लिखते रहे हैं। एक हिंसक आंदोलन की पैरोकारी भी 'अपराध' है। नक्सलवाद की स्थापना और सक्रियता के बाद, एक ही साल में, 3620 हिंसक घटनाएं की गई थीं। 2002 में 'राजधानी एक्सप्रेस' रेलगाड़ी पर हमला बोल कर 130 बेगुनाह यात्रियों को मार दिया गया था। बहरहाल, बेशक 'लाल आतंकवाद' का लगभग खात्मा हो जाए, लेकिन आपराधिक, हत्यारी मानसिकता के अवशेष जिंदा रहते हैं। उन्हें भी कुचलना चाहिए।



# कितने ईसा... कितनी सलीबें ...



कइयों ने 'ईसा' को सलीब पर लटकते देखा...सुना... और... पढ़ा है...लेकिन कितनों की रूह ने...उस दर्द...उस तड़प...उस पीड़ा का एहसास किया है...जो पीड़ा ईश्वर के इस पुत्र को सलीब पर चढ़ते वक्त हुई होगी... वह पीड़ा ईसा को सिर्फ इसलिए नहीं हो रही थी कि ... जल्लादों ने उनके हाथ-पैरों में बड़े-बड़े कीले ठोंक डाले थे... जिनसे झर-झर-झर... खून बह रहा था... उस दयालु 'ईसा' के मस्तिष्क को भी जालिमों ने काँटों का ताज पहना कर लहू-लुहान कर डाला था...मौत देने वाले इन जख्मों की पीड़ा... उनका दर्द... उनकी तकलीफ भी शायद उस 'मसीहा' को इतनी नहीं रही होगी... जितनी तकलीफ जितनी पीड़ा 'यीशु' के मन को इस बात की सलीब पर लटकते वक्त रही होगी कि... वह विचार जो नेकी के विचार थे... वह ख्यालात जो आदमी को ईश्वर का प्रेम उसकी प्राप्ति का मार्ग बतलाने के थे...वह वाणी जो 'परमात्मा' का गुणगान करने के लिए 'ईसा मसीह' के मुख से निकलती थी... उनके वह विचार... वह वाणी... बिना अपनी बात पूरी किये हुये... पूरी दुनिया में विस्तार बिना पाये... 'नेकी' को 'बदी' की सलीब पर चढ़ाये जाने से हमेशा-हमेशा के लिये खामोश होने जा रही थी...

गुनाह करके... जब एक गुनाहगार जब फाँसी पर चढ़ता है तो... उसे इतनी मर्मान्तक पीड़ा नहीं होती होगी... क्योंकि उसकी 'रूह' उसे धिक्कार रही होती है... कि तेरी बदी का यही सिला तुझे मिलना था... पर उस नेकी के फरिश्ते ईसा मसीह का क्या कसूर था...? ईश्वर का पुत्र 'यीशु' तो जमाने में मोहब्बत बाँट रहा था...वह संसार में प्रेम का विस्तार कर रहा था जन-जन में... उस दयालु 'ईसा' का इसमें तो कोई कसूर नहीं था कि वह पीड़ित मानवता को आरोग्य और खुशियाँ बाँट रहा था जेरुसलम के समाज में... अगर वह 'मसीहा' पिछड़े यहूदियों को रूहानी तरक्की की राह पर ले जा रहा था तो इसमें तो वह खुदायी फरमान की ही तामील कर रहा था... वह 'फरिश्ता' समाज में समरसता-समभाव का विस्तार कर रहा था... माँ मरियम का बेटा... वह 'ईश्वर पुत्र'... 'ईसा'... अपने परम पिता परमात्मा के पास जाने की सच्ची राह ही तो दिखला रहा था भटकी हुई मानवता को...उसे...! बिना किसी गुनाह के...अपनी सब सद्इच्छाएं...अपने सब सद्कार्यों को... अधूरा छोड़कर.. सूली पर चढ़कर... संसार को 'अलविदा' कहने में... कितना आत्मिक कष्ट हो रहा होगा...? मैं पूछना चाहता हूँ कि भला 'यीशु' को हुए इस दर्द का एहसास कितने लोगों ने अपने अन्दर... बहुत अन्दर... अपनी आत्मा की गहराई तक जाकर महसूस किया होगा...?




मुझे आभास होता है कि जब-जब ऐसी नेक रूहें ऐसे 'ईश पुत्र'... ऐसी महान आत्मायें... इस धरती पर आती हैं तब उनके शरीर भले ही चले जाते हों... दुनिया से दूर-बहुत दूर... पर उनके महान कर्म... उनकी वाणी... उनके विचार... उनके द्वारा दिये गये संस्कार...कभी दूर नहीं जाते दुनिया से... क्योंकि दुनिया के तमाम ग़म-जदा लोगों से बे-पनाह सच्ची मोहब्बत करती हैं ऐसी दिव्य-पुण्य देव आत्मायें...उनका निःस्वार्थ प्रेम कभी नहीं मरता... उनके जमाने से जाने के बाद भी उनका निश्छल प्रेम खुद-ब-खुद विस्तार पाता रहता है दुनिया के हर मायूस-मज़लूम इंसान के दिल में...

बात तो हम सब 'ईसा', 'बुद्ध' और 'नानक' की करते हैं पर घबड़ाते हैं अपनी ही निज पीड़ाओं से... हम अपनी निज पीड़ा से डरने वाले लोग भला जमाने भर की पीड़ा क्या दूर करेंगे...? जब जीवन के अंतिम क्षणों तक... हम सुख की ही कामना में ही जीते चले जायेंगे..तो दुःख की व्याख्या भला हम क्या समझ पायेंगे... ?

**मेरी इच्छायें नहीं होतीं जलकर राख**
**मना कर देती हैं चिता पर चढ़ने से**
**या चढ़कर भी... उतरकर भाग आती हैं**
**झुलसते शरीर को घसीटते हुए...**

'ईसा' की बात तो सब करते हैं... परन्तु 'ईसा' सा कोई बनना नहीं चाहता... कोई दूसरों के लिये काँटों का ताज नहीं पहनना चाहता... कोई दूसरों की पीड़ा की सलीब अपने काँधों पर नहीं ढोना चाहता... कोई पतितों के उद्धार के लिये... जीते-जी अपने हाथ-पैरों में कीले नहीं ठुकवाना चाहता... 'ईसा' की बातें तो सब करते हैं... पर खाली-कोरी बातों से भला किसका भला होता है-

**भूलों का सिलसिला**
**टूटी हुई प्रतिज्ञाएँ**
**भंग हुए वचन**
**और दरका हुआ ईमान**
**स्वार्थ और पलायन के मंच**
**आज बने हैं, आदमी का ईमान ...**

जिन्दगी का मकसद अपने खुद का सुख-चैनों- आराम नहीं है... जीवन निजी सुख-सुविधा का भी नाम नहीं है... बल्कि जीवन है नाम दुखियारों के दुःख हर लेने का...उस फरिश्ते... उस देवपुत्र... 'ईसा' की मोहब्बत... आज भी बदस्तूर बसी है दो हजार पंद्रह वर्षों से तमाम दुनिया भर में फैले उसके अनुयायियों के दिलों में...यहूदिया राज्य के बैथलेहम में... मदर 'मरियम' और 'यूसुफ' की संतान के रूप में जन्मे 'ईसा' का राज्य आज भी करोड़ों-अरबों इंसानों के हृदयों पर ईश्वर के पुत्र के रूप में है ...

'ईसा' हालांकि हमारे अपने देश 'भारत' से बहुत दूर जन्में परन्तु कहानी कुछ उनकी भी अपने 'कृष्णा' सी ही है... 'कृष्ण' हुए तो कंस ने बृज के सब बच्चों को मारने का आदेश दिया... ताकि खुद उस पापी राक्षस की जान बची रहे... जब 'ईसा' पैदा हुए तो...अनेकों ज्योतिषी वहाँ के क्रूर शासक 'हेरोदेस' के पास पहुँच गये और बोले कि... हमने पूर्व में उसका ईश्वरीय 'तारा' देखा है... उसे प्रणाम करने आये हैं... जो दुनिया में ईश्वर का संदेश फैलायेगा... सबको प्यार बाँटकर... नफरत खत्म करेगा... इसे सुनते ही स्वार्थ का पुतला 'हेरोदेस' हत्यारा बन बैठा... 'बैथलेहम' के सब बच्चों को मार डालने का आदेश दे बैठा... तब 'यूसुफ' अपने बेटे 'ईसा' को लेकर 'गलील' और 'नासरत' देश जा निकले... और फरदान में... उन्हें यूहन्ना नाम के संत से ईसा का 'बपतिस्मा' (ईसाइयों का एक पवित्र संस्कार) करवाया...

श्रुति है कि 'ईसा' का जैसे ही 'बपतिस्मा' हुआ... परमेश्वर की दिव्य आत्मा... कबूतर का रूप धारण कर उनकी परिक्रमा करने लगी... आकाशवाणी हुई 'ईसा मेरा प्रिय पुत्र है' इसके बाद 'ईसा' दुनिया के कष्ट मिटाने की साधना में तप करने लगे... और... अपने बारह शिष्यों के साथ गाँव-गाँव घूम कर ... लोगों की बीमारियाँ दूर कर उन्हें चंगा करते रहे... पीड़ित मानवता के हर कष्ट को वह हरते रहे...

आखिर किस जुर्म की सजा मिली 'ईसा मसीह' को... वह तो सिर्फ इतना भर कहते थे... 'परमात्मा से प्रेम करो'...'दीन दुखियों से प्रेम करो'... जैसे हमारे 'कृष्ण-कन्हैया' को प्यार से लोग 'यदुश्रेष्ठ' पुकारते थे... ठीक वैसे ही यहूदियों ने प्यार से... सम्मान से... ईसा को...'यहूदियों का राजा' बुलाना शुरू कर दिया... जमीन जीतकर... राज्य जीतकर राजा बनना आसान है... परन्तु मनुष्य के दिलों का 'राजा' बनना बड़ा कठिन है... क्योंकि दिलों पर राज करने के लिए...अपनी 'कुर्बानी' देनी पड़ती है... जबकि लोगों पर राज करने के लिए 'मक्कारी' करनी पड़ती है... लोगों पर राज करने वाली हुकूमत ने... रहमत और नेकी के 'फरिश्ते' 'ईसा मसीह' पर झूठा मुकदमा चलाया... और उनकी सच्ची बातों को दबाने के लिए उन्हें सलीब पर लटका दिया...

पर कहाँ मार पाया कोई 'ईसा' को...? 'ईसा' तो खुद ही कहते थे... 'मैं नष्ट होने नहीं... अपितु मानव को सम्पूर्ण बनाने के लिए आया हूँ'... वह कहते थे... 'सच्ची आध्यात्मिक प्रगति संकीर्णता में नहीं वरन् विस्तार में निहित होती है... आध्यात्मिक प्रगति सबको अपने साथ लेकर चलने में है... न कि किसी को पृथक करने में... वह कहते थे... 'जब व्यक्ति का हृदय पवित्र होता है... तब वह ईश्वर को देख सकता है'...

इस ज़माने में 'ईसा'... रोज-रोज नहीं जन्म लेते और जब 'ईसा' एक बार पैदा हो जाते हैं तब फिर कभी नहीं मरते... चाहे जमाना उन्हें कितनी भी कठिन मौत मारे... चाहे उन्हें सलीब पर लटका दे... या जमीन में गहरे दफना दे... या गुफा में गाड़ दे... पर 'ईसा' कभी नहीं मरते... वह अमर हो जाते हैं मानवता के दिलो-दिमाग में...

इसीलिए मैं जमाने वालों से कहता हूँ कि... ढूढ़ो अपने- अपने दिलों के अन्दर छुपे हुये 'ईसा' को... छोड़ दो नफरत... और...करो मोहब्बत हर दीन-दुःखी से... तुम 'ईसा' सा अपनी ही मौत का सलीब भले अपने ही कन्धों पर न उठा पाओ... पर पीड़ा तो समझो उस 'मसीहा' की... जो तुम्हारे लिए जीते जी सलीब पर चढ़ गया... ऐ दुनिया वालों...! जो तुम दौलत को छोड़... मोहब्बत को अपना लो... जो तुम सुखों की चाहत छोड़... दूसरों के दुःख- दर्दों से रिश्ता बना लो... तो तुम भी बन सकते हो 'ईसा' के सच्चे अनुयायी...

**दौलत के पीछे नहीं...**
**तुम दीन के पीछे भागो...**
**दुनिया की रोशनी से**
**सदियाँ शिकायत करती हैं**
**इस मोहब्बत के मौसम में**
**नफरत को कैसे बो दिया**
**यह इंसान का खून है**
**इंसान से सवाल करता है**
**ईसा के पाक होठों को**
**सूली ने कैसे चूम लिया...**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

प्राकृतिक परिवेश

**कभी अप्रैल मध्यम तापमान का महीना हुआ करता था, वहीं अब असामान्य गर्मी का संकेत देने लगा है**

## अप्रैल- नवजीवन, पुनर्जन्म और उल्लास का प्रतीक

सिकंदर बंसल

अप्रैल का महीना केवल कैलेंडर का एक पृष्ठ नहीं, बल्कि समय के उस सूक्ष्म और संवेदनशील मोड़ का प्रतीक है जहां प्रकृति, मनुष्य और स्मृति- तीनों एक साथ परिवर्तन के एक अदृश्य संगीत में सहभागी हो जाते हैं। यह वह क्षण है जब सर्दियों की जड़ता धीरे-धीरे पीछे छूटती है और गर्मी की आहट सामने आकार लेने लगती है। हवा में एक हल्की-सी बेचैनी, पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों का उत्साह, खेतों में रंग बदलती फसलें और मनुष्य के भीतर जागती नई आकांक्षाएं- अप्रैल इन सबका संगम है। साहित्य ने इस महीने को केवल ऋतु परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के गहरे रूपक के रूप में देखा है, जहां हर परिवर्तन अपने साथ आशा और विडंबना दोनों को लेकर आता है। अंग्रेजी साहित्य में अप्रैल का सबसे चर्चित और जटिल चित्रण टीएस इलियट की कविता 'द वेस्ट लैंड' में मिलता है, जहां वे कहते हैं- 'अप्रैल इज दि क्रूएलस्ट मंथ'। यह पंक्ति पहली दृष्टि में विस्मय उत्पन्न करती है, क्योंकि सामान्यतः अप्रैल को नवजीवन, पुनर्जन्म और उल्लास का प्रतीक माना जाता है। किंतु इलियट के लिए यह पुनर्जन्म पीड़ा से भरा हुआ है। मृत स्मृतियों का पुनर्जीवन, संवेदनाओं का पुनः जागरण- ये सभी प्रक्रियाएं मनुष्य को उसकी भीतरी शून्यता से सामना कराती हैं। इसलिए उनके लिए अप्रैल 'क्रूर' है, क्योंकि यह हमें हमारी जड़ता से बाहर निकालकर उस सच्चाई के सामने खड़ा कर देता है, जिससे हम अक्सर बचना चाहते हैं।

आज के समय में, जब समाज मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है, इलियट की यह व्याख्या और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होती है। इसके विपरीत, ज्योफ्री चौसर की 'द कैंटरबरी टेल्स' में अप्रैल का चित्रण अत्यंत उत्सवधर्मी और जीवन से भरपूर है- 'व्हैन दैट एप्रिल विद हिज शॉवर्स सूट'। यहां अप्रैल वर्षा की मधुर फुहारों और प्रकृति के पुनर्जागरण का प्रतीक है, जो लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित करता है। तीर्थयात्रा के बहाने यह सामूहिक अनुभव का महीना बन जाता है, जहां विभिन्न वर्गों और स्वभावों के लोग एक साथ जीवन की कथा साझा करते हैं। चौसर का यह दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि अप्रैल केवल व्यक्तिगत भावनाओं का नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना और सामाजिक समन्वय का भी प्रतीक है। आज के विभाजित और तनावपूर्ण सामाजिक परिवेश में यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिंदी साहित्य में भी अप्रैल की उपस्थिति अत्यंत संवेदनशील और बहुआयामी है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविताओं में वसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का जो चित्रण मिलता है, वह अप्रैल की आत्मा को गहराई से अभिव्यक्त करता है। उनके यहां प्रकृति केवल सौंदर्य का विषय नहीं, बल्कि संघर्ष और श्रम का भी प्रतीक है। 'वह तोड़ती पत्थर' में जो श्रमिक स्त्री का चित्रण है, वह हमें यह याद दिलाता है कि ऋतु परिवर्तन का आनंद हर वर्ग के लिए समान नहीं होता। जहां एक ओर प्रकृति में नवजीवन का उत्सव है, वहीं दूसरी ओर जीवन के कठोर यथार्थ भी उतने ही सजीव हैं। महादेवी वर्मा के काव्य में ऋतुएं मनोभावों का रूप ले लेती हैं। उनके लिए अप्रैल एक ऐसी दहलीज है जहां स्मृति और आशा का मिलन होता है- एक ओर बीते हुए समय की छाया, दूसरी ओर आने वाले भविष्य की हल्की-सी आभा। इसी प्रकार रवीन्द्रनाथ ठाकुर के गीतों और कविताओं में वसंत और नवजीवन की जो अनुभूति है, वह अप्रैल को केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जन्म का भी प्रतीक बना देती है। अप्रैल के साथ जुड़ा एक हल्का-फुल्का, किंतु गहरा सांस्कृतिक प्रसंग है- अप्रैल फूल। पहली अप्रैल को मनाया जाने वाला यह दिन हास्य, परिहास और छोटे-छोटे छल-प्रपंचों का प्रतीक है। परंतु यदि इसे गहराई से देखें, तो यह केवल मजाक का दिन नहीं, बल्कि मानवीय जीवन की विडंबनाओं का भी संकेत है। हम अपने दैनिक जीवन में कितनी बार भ्रमों और आडंबरों में जीते हैं- अप्रैल फूल का यह दिन हमें इन भ्रमों पर हंसने का अवसर देता है। आज के समय में, जब सोशल मीडिया और आभासी दुनिया में सत्य और असत्य के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है, यह अप्रैल फूल हमें सचेत भी करता है कि हर चमकती हुई चीज सत्य नहीं होती। इस प्रकार यह दिन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मबोध का भी अवसर बन सकता है। वर्तमान परिस्थितियों में अप्रैल का स्वरूप और भी जटिल हो गया है। जलवायु परिवर्तन ने ऋतुओं के स्वाभाविक चक्र को प्रभावित किया है। जहां कभी अप्रैल मध्यम तापमान और सुखद हवाओं का महीना हुआ करता था, वहीं अब यह असामान्य गर्मी और अनिश्चित मौसम का संकेत देने लगा है। हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों का पिघलना, असमय वर्षा, और तापमान में अचानक वृद्धि- ये सभी संकेत इस बात के हैं कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। यहां इलियट की 'क्रूरता' एक नए अर्थ में सामने आती है- प्रकृति का वह रूप, जो मानव के अतिक्रमण और लापरवाही का परिणाम है। अप्रैल का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक पक्ष भी है। भारत में यह नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने का समय है। सरकारी योजनाओं का आरंभ, बजट का प्रभाव, और नई आर्थिक नीतियों की दिशा- ये सभी इस महीने को केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाते हैं। किंतु इसके साथ ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। इस प्रकार अप्रैल आशा और चिंता, दोनों का संगम बन जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी अप्रैल विशेष महत्व रखता है। यह परीक्षा परिणामों और नए सत्र की शुरुआत का समय होता है। विद्यार्थियों के लिए यह महीना उत्साह और तनाव दोनों लेकर आता है। किसी के लिए यह सफलता का उत्सव है, तो किसी के लिए आत्ममंथन का अवसर। यहां चौसर की यात्रा और इलियट की पीड़ा दोनों एक साथ अनुभव में आती हैं- एक ओर आगे बढ़ने की खुशी, दूसरी ओर पीछे छूट जाने का भय। यह विविधता हमें यह सिखाती है कि भारत में समय को केवल गणना के रूप में नहीं, बल्कि उत्सव और संस्कृति के रूप में देखा जाता है। हर समुदाय अपने तरीके से इस महीने को नए आरंभ के रूप में मनाता है, जो हमारी सांस्कृतिक बहुलता और एकता का सुंदर उदाहरण है। इस तरह

जीवन दर्शन

## जो जीना चाहते हैं वे जोखिम स्वीकार करते हैं

जीवन को गहराई और समग्रता से जीना पहाड़ों की ऊंचाइयों पर चलने जैसा है। जो गिरने से डरते हैं, वे समतल जमीन पर ही सरकते रहते हैं, लेकिन जो सच में जीना चाहते हैं, वे जोखिम स्वीकार करते हैं।

जीवन खतरनाक है, जबकि मृत्यु सबसे अधिक सुविधाजनक और आरामदेह प्रतीत होती है। मृत्यु में कोई चुनौती नहीं, कोई अनिश्चितता नहीं; इसलिए अनेक लोग अनजाने में ही जीवन से बचने का रास्ता चुन लेते हैं। वे ऐसे जीते हैं कि कम से कम जीना पड़े, क्योंकि जितना कम जिएंगे, उतना कम खतरा होगा। जितना अधिक जिएंगे, उतनी ही संभावना होगी चोट की, असफलता की और गिरने की। जीवन में जितनी तीव्रता होगी, उतनी ही उसमें आग होगी, उतनी ही उसमें धार होगी।

जीवन को गहराई और समग्रता से जीना पहाड़ों की ऊंचाइयों पर चलने जैसा है। ऊंचाई पर चलने वाला गिर भी सकता है। जो गिरने से डरते हैं, वे समतल जमीन पर ही सरकते रहते हैं। दरअसल, वे चलते नहीं, बस घिसटते रहते हैं। उड़ान उनके लिए कल्पना मात्र है। लेकिन जो सच में जीना चाहते हैं, वे जोखिम स्वीकार करते हैं।

एक शिष्य सूरजमुखी के फूल जैसा होता है और



उसका अपने गुरु के निकट होना सूर्य की ओर उड़ान भरने जैसा है। जिस दिशा में सूर्य होता है, वह उसी ओर मुड़ जाता है। सूर्य ही उसका जीवन है। सूर्य डूबे, तो वह भी सिमट जाता है, सूर्य उगे, तो वह खिल उठता है, हवाओं में झूमता है, धूप पीकर मस्त हो जाता है। उसके भीतर तुरंत नृत्य जाग उठता है।

फ्रेडरिक नीत्शे ने कहा है, लिव डेंजरसली, अर्थात खतरनाक ढंग से जियो। वास्तव में, यह दो शब्दों की पुनरुक्ति है। जीना ही खतरनाक ढंग से जीना है। जीने का कोई और तरीका है ही नहीं। जहां जीवन है, वहां अनिश्चितता है; जहां अनिश्चितता है, वहीं विकास है। फिर भी सदियों से धर्म ने जीवन के निषेध का रूप ले लिया है। लोग समझ बैठे कि भाग जाना ही अध्यात्म है। समस्याओं से भागना, संबंधों से दूर हो जाना, संसार से कट जाना ही धर्म है। पर जितने अधिक संबंध, उतना अधिक जीवन।

संबंध जीवन को गहराई, सघनता और विस्तार देते हैं। जी भरकर जीने का अर्थ है अनेक संबंधों में उतरना, प्रेम करना, जुड़ना, टूटना और फिर से बनना। इसलिए सच्चा संदेश भागने का नहीं, जागने का है। जागकर जीना ही धर्म है। भागकर जीना न धर्म है, न जीवन।

मनुष्य ने ही धर्म को आत्मघाती बना दिया, जबकि धर्म कभी आत्मघाती नहीं हो सकता। दोष धर्म का नहीं, मनुष्य की भीरुता का है। भयभीत मन अपनी कमजोरी को तर्कों से ढक लेता है। जो जीवन से भागते हैं, वे स्वयं को त्यागी कहते हैं, पर सच यह है कि वे जोखिम से डरते हैं। जीवन का खजाना असीम है, उसकी गहराई अथाह है। यदि ईश्वर कहीं है, तो वह जीवन में ही व्याप्त है, कण-कण में, भीतर और बाहर, हर दिशा में। इसलिए इस जन्म का हिसाब इसी जन्म में देखो। पिछले जन्म की कल्पनाओं में उलझने से पहले वर्तमान को पूर्णता से जियो। साहस के साथ, जागरूकता के साथ और समग्रता के साथ। यही सच्चा धर्म है, यही सच्चा जीवन है। **ओशो**

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**द्वौ अम्भसि निवेष्टव्यौ गले बद्ध्वा दृढां शिलाम्!**
**धनवन्तम् अदातारम् दरिद्रं च अतपस्विनम्!!**

**भावार्थ**

दो प्रकार के लोगो के गले में पत्थर बांधकर उन्हें समुद्र में फेंक देना चाहिए। पहले वे व्यक्ति जो अमीर होते है पर दान नहीं करते और दूसरे वे जो गरीब होते है लेकिन कठिन परिश्रम नहीं करते।

# बागेश्वर धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब



## विशेष श्रृंगार से सजे बालाजी, गौ दुग्ध से हुआ अभिषेक

**जागरण, छतरपुर।** बागेश्वर धाम में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस खास मौके पर बालाजी का भव्य और दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रातःकाल षोडशोपचार पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद गौ दुग्ध से बालाजी का महा अभिषेक संपन्न हुआ जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

मंदिर के प्रधान पुजारी प्रदीप महाराज ने बताया कि बालाजी को फल, फूल, मिठाइयों और छप्पन भोग अर्पित कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल और अधिक भव्य बन गया। देशभर से हजारों श्रद्धालु इस अवसर पर बागेश्वर धाम पहुंचे और बालाजी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्तों की भारी भीड़ के बावजूद व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं।

इस दौरान बेंगलुरु से आई श्रद्धालु नैना आहूजा ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी बेटी के साथ जन्मोत्सव में शामिल होने आई है। यहां आकर मन को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। बालाजी के दर्शन जीवन को धन्य कर देते हैं।

### संतों की उपस्थिति में महाराज श्री ने किया हनुमत यज्ञ

बागेश्वर महाराज ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बालाजी के समक्ष संतों की उपस्थिति में श्री हनुमत यज्ञ किया। यज्ञ के पहले कथाओं में महाराज श्री के साथ रहने वाली हनुमान जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया, उन्हें छत्र लगाकर फूलों से सजाया गया। बागेश्वर धाम आए हजारों श्रद्धालुओं को महाराज श्री ने आशीर्वाद देते हुए श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।

# हनुमान जयंती पर भक्ति में डूबा पूरा मंडला शहर, जगह-जगह हुए धार्मिक आयोजन

## विश्व हिन्दू परिषद ने निकाली भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर



**जागरण मंडला।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पूरा मंडला शहर भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बजरंगबली के जयकारों, घंटों और शंखनाद से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शहर के विभिन्न इलाकों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। कहीं भजन-कीर्तन हुए तो कहीं प्रसाद वितरण और भंडारे आयोजित किए गए। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया, जिससे हर जगह उत्सव का माहौल नजर आया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ भगवान हनुमान की पूजा कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

**भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र :** हनुमान जयंती के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हाथों में भगवा ध्वज लिए युवक-युवतियां जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं, जिनमें भगवान हनुमान के विभिन्न रूपों का सुंदर चित्रण किया गया। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की धुन पर भक्त झूमते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरण किया।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम :** कार्यक्रम के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए।

**हर गली-मोहल्ले में दिखी आस्था की झलक :** हनुमान जयंती के अवसर पर शहर की हर गली और मोहल्ले में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में विशेष उत्साह नजर आया। कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ और रातभर भजन संध्या का आयोजन किया गया।

**आस्था, उल्लास और एकता का दिखा संगम :** इस पावन पर्व पर मंडला में आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान जयंती ने न केवल धार्मिक भावना को मजबूत किया, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य भी किया।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, संकरी गली के कारण फायर ब्रिगेड को हुई परेशानी



**छतरपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गोवर्धन टॉकीज के पास शॉर्ट सर्किट के कारण अब्दुल की उजाल एवं छिलाई पॉलिश की दुकान में अचानक आग लग गई। घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। आग तेजी से फैलने लगी तो स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन गली अत्यंत संकरी होने के कारण वाहन घटना स्थल से करीब 50 मीटर दूर ही खड़ा करना पड़ा। इससे आग बुझाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि फायर ब्रिगेड की छोटी गाड़ी और मौके पर मौजूद लोगों की त्वरित सूझबूझ से फायर सिलेंडर का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया गया। समय पर आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया और आसपास की अन्य दुकानों को नुकसान नहीं पहुंचा। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, याचिका के बाद आम आदमी पार्टी को मिली बड़ी सफलता, जिला चिकित्सालय को मिले ईएनटी डॉक्टर

**जागरण मण्डला।** जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी से मरीज हलाकान चल रहे हैं। छोटे-छोटे उपचारों के लिए महानगरों की ओर मरीजों को जाना पड़ता है जिससे समय और धन दोनो का नुकसान होता है और लंबे समय से सभी विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग चल रही थी लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नही आए हैं वहीं आम आदमी पार्टी लगभग एक साल से इस विषय को लेकर ताकत से काम कर रही थी धरना प्रदर्शन ही नही आंदोलन भी कर चुकी है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल में लंबे समय से चली आ रही विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को लेकर आखिरकार एक अहम उपलब्धि सामने आई है। कान नाक और गला (ईएनटी) विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति को आम आदमी पार्टी ने अपने लगातार संघर्ष और जनदबाव का परिणाम बताया है। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने इसे जनता की जीत करार देते हुए कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत आंदोलन और कानूनी प्रक्रिया के बाद संभव हो सकी है। जानकारी के अनुसार मंडला जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञों की कमी को लेकर आम आदमी पार्टी ने वर्ष



2025 की शुरुआत से ही आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी थी। 28 फरवरी 2025 को पार्टी कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जिसमें अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति मांग की गई थी। इसके बाद भी जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी ने 25 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक कलेक्ट्रेट रोड पर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई। आंदोलन को और तेज करते हुए 28 अगस्त 2025 को पार्टी की तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल को मंडला आमंत्रित किया गया। उनके नेतृत्व में एक विशाल रैली निकाली गई जिसमें प्रशासन और सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। इसके बावजूद जब हालात में कोई सुधार नहीं हुआ तो पार्टी ने कानूनी रास्ता अपनाने का निर्णय लिया। नवंबर 2025 में हाई कोर्ट के माध्यम से प्रशासन को नोटिस भेजा गया लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही। अंततः 7 फरवरी 2026 को आम आदमी पार्टी द्वारा जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई। इस याचिका के बाद न्यायालय ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए। इसी बीच जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो गई जिसे आम आदमी पार्टी ने अपने संघर्ष की पहली बड़ी जीत बताया है। अब मंडला जिला अस्पताल में डॉ. सौम्या चौबे और डॉ. सरिता उईके को कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे जिले के हजारों मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है जिन्हें अब तक इस तरह के उपचार के लिए बाहर के शहरों का रुख करना पड़ता था। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि यह उपलब्धि केवल आम आदमी पार्टी की नहीं बल्कि पूरे जिले की जनता की जीत है जिन्होंने इस मुद्दे पर पार्टी का साथ दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। जब तक जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब जब नियुक्ति हो गई है तो कई जनप्रतिनिधि और अन्य राजनीतिक दल इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी मंडला के अलावा किसी ने गंभीर पहल नहीं की थी। लगातार धरना प्रदर्शन और न्यायालय की शरण में जाने के बाद ही यह परिणाम सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी इसी तरह स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होता रहेगा। आम जनता का कहना है कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से न केवल इलाज आसान होगा बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी बड़ी राहत मिलेगी। मंडला जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञों की नियुक्ति एक सकारात्मक कदम है जो यह दर्शाता है कि यदि जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मिलकर किसी मुद्दे को गंभीरता से उठाएं तो बदलाव संभव है। अब देखना होगा कि अन्य जरूरी विशेषज्ञों की नियुक्ति कब तक होती है और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को कितना मजबूत किया जा पाता है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सूर्यकुण्ड धाम में ब्रह्ममुहूर्त में विशेष पूजन अर्चन

**जागरण मंडला ।** जिले के सकवाह स्थित सूर्यकुण्ड धाम हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सुबह तडके ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपने जीवन में सुख-समृद्धि कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। चारों ओर



जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। हनुमान जन्मोत्सव का शुभ क्षण प्रातः 3 बजकर 45 मिनट पर आया जिसे विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भगवान के जन्मोत्सव के साक्षी बने। जैसे ही पूजा संपन्न हुई श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास का माहौल और भी बढ़ गया। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि इस धाम की विशेषता यह है कि यहां विराजमान भगवान हनुमान अपने भक्तों को तीन स्वरूपों बाल, युवा और वृद्ध रूप में दर्शन देते हैं। यही विशेषता इस मंदिर को अन्य धामों से अलग बनाती है और भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है और कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। मंदिर के पुजारी मुरलीधर नंदा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का यह पर्व हर वर्ष इसी प्रकार भव्यता के साथ मनाया जाता है लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की संख्या पहले से अधिक रही। वहीं सेवादार शंकर सिंधिया और रितेश कछवाहा ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालु पूनम सिंधिया ने बताया कि यहां आकर उन्हें अद्भुत शांति और आस्था का अनुभव होता है। हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सूर्यकुण्ड धाम क्षेत्र में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है जहां हर वर्ष भक्तों का सैलाब उमड़ता है और पूरा वातावरण भक्ति और उत्सव के रंग में रंग जाता है।

# मंत्री श्रीमती उइके ने ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, किसानों से किया सीधा संवाद

**जागरण मंडला।** विकासखंड नैनपुर के विभिन्न ग्रामों में बुधवार रात्रि में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने तत्काल संज्ञान लेते हुए गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। ग्राम धतूरा में पहुंचकर किसानों से संवाद किया तथा नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री श्रीमती उइके ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों द्वारा बताया गया कि ओलावृष्टि के कारण फसल पूरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।



इस पर मंत्री श्रीमती उइके ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों की समस्याओं का बिंदुवार संज्ञान लेते हुए वास्तविक नुकसान का आकलन सुनिश्चित करें। मंत्री के निर्देशानुसार राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को राहत प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।मंत्री श्रीमती उइके ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित ग्रामों में शीघ्र ही किसान चौपाल का आयोजन किया जाए, जिसमें वे स्वयं उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगी। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सीधे संवाद का मंच उपलब्ध कराना है।

# ट्रेक्टर चालक ने मारी बाइक सवार को टक्कर, पिता-पुत्र घायल

**छतरपुर।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक सड़क हादसा बमीठा थाना क्षेत्र के खरोई गांव में हुआ। खरोई निवासी सुरेंद्र रैकवार 29 वर्ष अपने 10 वर्षीय बेटे बृजेश के साथ मोटरसाइकिल पर खेत जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।
स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और दोनों को बमीठा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बनी रहने पर जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल दोनों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान दर्ज करने का काम शुरू कर दिया है।

**लाखों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार : छतरपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस चेक बाउंस एवं लेनदेन के मामले में करोड़ों की 420 करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कार्यवाही की है आरोपी बुरहानपुर का रहने वाला है और उसका नाम ऋषिकेश आतरे को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि चेक बाउंस के मामले में एक आरोपी फरार था जिसके ऊपर ग्वालियर और छतरपुर जिले में कुल 5 मामले दर्ज हैं। इसके विरूद्ध और भी कई लेनदेन की शिकायतें थीं। कई लोगों का पैसा इनवेस्ट करने के नाम पर ले लिया था और फरार हो गया था। करीब 4 से 5 साल से वह यहां से फरार था। आरोपी ऋषिकेश आतरे बुरहानपुर का रहने वाला है और यहां पर नरसिंहगढ़पुरवा में रहकर लोगों से धोखाधड़ी की है। हमारी जानकारी के मुताबिक करीब 70 से 80 लाख रूपए लोगों का इनवेस्ट के नाम पर ठगा गया और वापिस नहीं किया गया।

# भाजपा मंडल घुघरी और सलवाह में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

## मंत्री संपतिया उईके रही उपस्थित

**जागरण मंडला।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संगठन को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आगाज किया गया। आज, 2 अप्रैल से शुरू हुए इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मंडल घुघरी और सलवाह के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।वरिष्ठ नेताओं ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षण के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री उईके ने कार्यकर्ताओं का पंजीयन कर उन्हें भाजपा का फीता पहनाकर सम्मानित किया और आह्वान किया कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।मंच पर उपस्थित



गणमान्य नेता कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे नीरज मरकाम प्रदेश उपाध्यक्ष, संजय कुशराम जिला पंचायत अध्यक्ष,रामप्रकाश साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष,महेंद्र राठौर, देवदत्त झा, बिजेंद्र कोकड़िया: वरिष्ठ नेता जनिया बाई मरावी: जनपद अध्यक्ष संगठनात्मक एकजुटता पर जोर कार्यक्रम का सफल संचालन और समन्वय मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे (घुघरी) और राजकुमार चौकसे (सलवाह मंडल अध्यक्ष) के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर रामकली प्रजापति, शंभू साहू, संजय साहू, श्रीराम अग्रवाल, महेंद्र चौकसे, मुन्ना चक्रवर्ती, पंचलाल साहू, बजारी लाल मरावी और मीडिया प्रभारी दुर्गेश प्रजापति सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराना है, ताकि वे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सेवा कर सकें।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **21/04/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्री लाल बहादुर सिंह पुत्र श्री चन्द्रभान सिंह** दीन दयाल प्लाजा (नं.1 से नं.6) एन.एच.-7,ढेकहा, पाडरा, रीवा (म.प्र.) 486001 | **संपत्ति का समस्त भू भाग व्यावसायिक दुकान नं. 39, दीन दयाल धाम प्लाजा, रीवा, तह. हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) क्षेत्रफल-18.00 वर्गमीटर,** संपत्ति मालिक- लाल बहादुर सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार) पूर्व-सेटअप, पश्चिम, सड़क, उत्तर-दुकान संख्या 38,दक्षिण-एचआईजी मकान GPS Location: 24.542737, 81.272444 PROPERTY ID: CNRBLAL2 सांकेतिक कब्जा | 07.12.2016 / 26.04.2018 / दि. 25/03/2026 को ₹ 77,67,742.36 +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 17,25,000/- / ₹ 1,72,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 20/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 21/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 02.04.2026, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# हनुमान जन्मोत्सव पर दक्षिण मुखी बड़े हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा



**जागरण, कटनी।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर पूरा कटनी नगर प्रभु श्री राम और प्रभु हनुमान की भक्ति में लीन दिखाई दिया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम श्री श्री 1008 दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर कमानिया गेट मे पं.आनंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। शिव के 11वें रुद्र अवतार भगवान हनुमान की जयंती का उत्साह हर किसी के अंदर अभी से देखने को मिल रहा है। नगर मे अलग-अलग हिस्से से हनुमान ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। बुधवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया जो शाम 5 बजे से श्री श्री 1008 दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर कमानिया गेट से प्रारंभ होते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से निकली। गुरूवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन विशाल प्रभात फेरी शोभायात्रा जों 20 सालों से लगातार निकाली जा रही हनुमान प्रभात फेरी का वृहद आयोजन प्रातः 6 बजे से किया गया जिसमें अलग अलग झांकियों के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी देखने को मिली जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर में समाप्त हुयी। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को श्री 1008 दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर कमानिया गेट में बजरंग बली की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया जा रहा जिसमे सायं 7 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। तदुपरांत रात्रि 8.30 बजे से दिव्य पंच महाआरती का आयोजन कर नगर के लोगों के लिए अरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की गई। मंगल आरती के बाद हजारों की संख्या में भक्तों ने संकट मोचन महाराज का दर्शन प्राप्त करें।

## निगम अध्यक्ष ने नगरवासियों की समस्या पर गैस सिलेंडर वितरण हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र

**कटनी।** नगर की जनता को रसोई गैस सिलेंडर वितरण में आ रही निरंतर समस्याओं को लेकर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा पहल की गई है। इस संबंध में श्री पाठक द्वारा कलेक्टर कटनी को पत्र लिखकर गैस सिलेंडर वितरण में हो रही अनियमितताओं एवं आम नागरिकों को हो रही असुविधाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है। श्री पाठक नें जानकारी देते हुए बताया किए शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी एवं ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद समय पर गैस सिलेंडर वितरण नहीं किया जा रहा है। कई स्थानों पर सप्लाई में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है तथा उपभोक्ताओं को सिलेंडर समाप्त होने की सूचना देकर परेशान किया जा रहा है। इससे नगर की आम जनता, विशेषकर गृहिणियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि यह विषय सीधे तौर पर आम नागरिकों की दैनिक जरूरतों से जुड़ा हुआ हैए इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही उचित नहीं। उन्होंने पत्र के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि सभी गैस एजेंसियों में खाद्य निरीक्षक की निगरानी में प्रतिदिन गैस सिलेंडर का वितरण होए ताकि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी न हो। श्री पाठक ने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी प्राथमिकता सदैव जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका कर्तव्य ही नहीं बल्कि सामाजिक सेवा का दायित्व भी है। श्री पाठक नें कलेक्टर कटनी को पत्र प्रेषित कर मांग की है कि पूर्व की भांति गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू कराते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाए ताकि हर घर तक समय पर गैस सिलेंडर पहुंच सके।

# डीएलसी मोबाइल ऐप के माध्यम से पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन अभियान शुरू

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित किया जा रहा है जिससे पारंपरिक मैन्युअल प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके। योजना प्रभारी सनद विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यालय कलेक्टर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कटनी के निर्देशानुसार जिले एवं नगरीय निकाय स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं निशक्त पेंशन योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार किया जाएगा। हितग्राही डीएलसी सत्यापन हेतु आधार फेस आरडी एवं बीएसए ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर आसानी से प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। दोनों ऐप का इंस्टॉल होना अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम के कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क कर सकते है।

योजना प्रभारी ने बताया कि निगम द्वारा वार्डवार हितग्राहियों की सूची तैयार कर संबंधित वार्ड प्रभारियों को उपलब्ध कराई गई है। साथ ही वार्ड स्तर पर तैनात अमले को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के पेंशनधारियों का शत प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें। नगर निगम ने नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का समय पर सत्यापन सुनिश्चित कराएं जिससे उन्हें पेंशन का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त होता रहे।

## सीएलके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**जागरण गोहपारू।** नगर के सीएलके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल यू के तिवारी व मय स्टाप सहित जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालयों में रंग-बिरंगे परिधानों में पहुंचे बच्चों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति से वातावरण हर्षोल्लासपूर्ण रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं स्वागत गीतों के माध्यम से प्रवेशोत्सव को और भी आकर्षक बनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से शत-प्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया गया।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस निगम को 1.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ

**कटनी।** नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु चलाए गये विशेष अभियान के तहत वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। अंतिम दिन 1765 करदाताओं ने शासन द्वारा अधिभार में प्रदान की गई छूट का लाभ उठाते हुए 1 करोड़ 26 लाख 82 हजार 529 रुपये की बकाया कर राशि निगम कोष में जमा की। निगमायुक्त ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि करदाताओं की सक्रिय सहभागिता नगर विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नगर निगम की राजस्व टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टीम द्वारा किए गए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप ही यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में भी समय पर करों का भुगतान करें जिससे नगर के विकास कार्यों को गति मिल सके।

# विजयराघवगढ़ विधायक ने किया नन्हे जीवन को सुरक्षित, इलाज की ली पूरी जिम्मेदारी



### नगर परिषद अध्यक्ष की मानवीय पहल से बची मासूम की जान

**कटनी।** कैमोर के एक मासूम की जिंदगी उस वक्त खतरे में पड़ गई जब वह दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। कैमोर निवासी मासूम की हालत इतनी गंभीर थी कि परिजनों के सामने मानो अंधेरा छा गया था। लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में इंसानियत की एक ऐसी मिसाल सामने आई जिसने उम्मीद की लौ फिर से जला दी। कैमोर निवासी नन्हा बच्चा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही इसकी सूचना नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर को मिली उन्होंने बिना एक पल गंवाए अपने सभी कार्य छोड़ दिए और सीधे बच्चे की मदद के लिए दौड़ पड़ीं। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता ने एक परिवार को टूटने से बचा लिया। वह स्वयं बच्चे को लेकर विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। बच्चे की आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति को देखते हुए उन्होंने तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराई। इस बीच जब पूरे मामले की जानकारी पलक नमीत ग्रोवर द्वारा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को दी गई तो उन्होंने भी मानवीयता का परिचय देते हुए तुरंत पहल की। उन्होंने बच्चे को जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया और उसके सम्पूर्ण इलाज का खर्च स्वयं उठाने की जिम्मेदारी ली। यह घटना सिर्फ एक मदद नहीं बल्कि संवेदनशीलता जिम्मेदारी और इंसानियत की जीवंत तस्वीर बनकर सामने आई है। एक ओर जहां जनप्रतिनिधियों की सक्रियता ने एक मासूम को नया जीवन देने का कार्य किया वहीं यह भी साबित कर दिया कि सच्ची सेवा वही है जो संकट की घड़ी में किसी के काम आए। आज वह नन्हा बच्चा सुरक्षित है और उसके परिवार की आंखों में आंसू हैं लेकिन इस बार ये आंसू दर्द के नहीं बल्कि कृतज्ञता और राहत के हैं।

## फर्जी एफआईआर के विरोध में कांग्रेस नेता ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के थाना मातगुवाँ थाना क्षेत्र के ग्राम चौका निवासी एडवोकेट एवं कांग्रेस नेता राजेन्द्र सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को फर्जी बताते हुए एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा पुरानी रंजिश के चलते झूठा मामला दर्ज कराया गया है। राजेन्द्र सिंह के अनुसार गांव के भगत सिंह और उनके परिवार का लंबे समय से गांव में दबदबा है, जिसका वह विरोध करते रहे हैं। इसी कारण पहले भी उनके खिलाफ एक फर्जी मामला दर्ज कराया गया था, जो वर्तमान में न्यायालय में लंबित है।

## फिनो पेमेन्ट बैंक डिस्ट्रीब्यूटर आउटलेट से 13 लाख की नगद राशि चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जागरण कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राइवेट बैंक से लाखों की चोरी करने के मामले मे पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस कण्ट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता मे जानकारी देते हुए बताया की आवेदक अमित जैसवानी पिता स्व.गोपालदास जैसवानी उम्र 40 वर्ष निवासी कैरन लाईन पानी की टंकी के पास थाना माधवनगर के रहने वाले है तथा आवेदक के द्वारा स्वयं के निवास स्थान में ही एजेंसी का काम करते है। आवेदक के प्रतिष्ठान से जिले के माइक्रो फायनेंन्स एजेन्ट नगद राशि को देकर उनकी कंपनियो के पोर्टल सीएमएस सर्विस में नगद राशि को जमा करवाने का काम करते है आवेदक के द्वारा उक्त नगद राशि को विभिन्न बैंकों के माध्यम से नगद राशि को जमा करवा दिया जाता है। राष्ट्रीय बैंक के वित्तीय वर्ष समाप्ति के दिन होने के कारण तथा बैंक में अवकाश होने के कारण आवेदक के पास लगभग 13 लाख रूपये के आसपास की नगद राशि रखी हुई थी जो कोई अज्ञात व्यक्ति लेकर चला गया है। आवेदक के द्वारा दी गई सूचना पर तथा प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक कटनी के द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया गया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डा संतोष डेहरिया के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर से एक टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी तथा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम कटनी, सीसीटीव्ही कन्ट्रोल कटनी तथा कटनी एवं आसपास के सरहदी जिलों के थाना प्रभारियों से स्वयं संपर्क स्थापित कर घटना के संबंध में सूचना दी गई।

**मकान बेचना है**

गुलाब नगर दून पब्लिक स्कूल के पीछे सासी सदन (चुरहट हाउस) 60×40 में बना दो मंजिला मकान सर्व सुविधा युक्त अच्छी लोकेशन में तुरंत बेचना है।
सम्पर्क करें:- 9407061064, 8839218130 RN-Free(3/4)

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की योग्यता 10वीं 12वीं पास ग्रेजुएट मान्य है। सैलरी 6000 प्लस कमीशन के साथ 10 से 15000 हजार महीना कमाएँ। शीघ्र आवश्यकता है।
सम्पर्क करें:- 9171582126, 9630528017 पता:- जिला हॉस्पिटल के सामने न्यू बस स्टैण्ड के पास विशाल कम्प्यूटर के ऊपर मऊगंज में। RN-85366 (4/4)

फोटो नंबर-01

अधिवक्ता के मान सम्मान को बनाए रखने का दायित्व हमारा है- एडवोकेट श्री सैनी

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने जारी

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 579/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 04/11/2025
**इश्तहार**

आवेदक शेषमणि लोनिया पिता श्री बृजलाल लोनिया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म0प्र0) एवं आवेदिका वर्षा रावत पिता श्री बुद्धसेन रावत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थाना रायपुर कर्चु. जिला रीवा (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
पेशी दिनांक- 04.05.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-85367

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 97/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 02.04.2026
**इश्तहार**

आवेदक हिमांशु रंजन गौर उम्र 28 वर्ष पिता श्री भागीरथ गौर निवासी वार्ड नं 44 गोल क्वाटर बिछिया थाना बिछिया तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका कामना सिंह उम्र 28 वर्ष पिता श्री देवेन्द्र सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम पो. पथरिया 281 तहसील सिरमौर थाना बैकुण्ठपुर जिला रीवा (हाल मुकाम वार्ड नं 9 अनंतपुर निराला नगर तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर अन्तर्जातीय विवाह योजना का लाभ प्राप्त करने बावत हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, चालान प्रति, म.प्र. विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण नियम 2008, नियम 10 (2) के तहत दिनांक 29.09.2025 को जारी प्रमाण पत्र की प्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

आवेदक, आवेदिका द्वारा दिनांक 22.09.2025 को चिरहुला मंदिर रीवा में हिन्दु रीति रिवाज से विवाह किया गया है। अतः उक्त विवाह के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
पेशी दिनांक: 06.05.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-85012

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**
प्रकरण क्रमांक /0209/निगरानी/2025-26

01. मुन्नीलाल शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला निवासी ग्राम बरहटा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) वर्तमान पता शारदापुरम तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) ................ निगरानीकर्ता

बनाम

01. शैलेन्द्र कुमार शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला 02. आनन्द कुमार शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला 03. रेवा प्रसाद शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला 04. सिद्धार्थ कुमार शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला, निवासी ग्राम बरहठा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) .............. गैर निगरानीकर्तागण

//आम इश्तहार //

गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 01 से लगायत 04 तक सभी निवासी ग्राम बरहठा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता मुन्नीलाल शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला निवासी ग्राम बरहटा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) वर्तमान पता शारदापुरम तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0023/अपील/2024-25 पारित आदेश दिनांक 11.06.2025 के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 22.04.2026 को पेशी नियत है। अतः गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 01 से लगायत 04 तक सभी निवासी ग्राम बरहठा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 22.04.2026 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्तागण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्तागण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला - रीवा (म.प्र.)
RN-85368

**उत्तर मध्य रेलवे**
L. No. JHS-DyCEE-WS-T-06-2025-26 दिनांक: 30.03.2026
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, उत्तर मध्य रेल झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का विवरणः वैगन मरम्मत कार्यशाला, झाँसी में मैन कूलिंग पंखे, वेल्डिंग बस बार, पावर पॉइंट और औद्योगिक सॉकेट की व्यवस्था।
निविदा मूल्यः रू. 9032204/-मात्र (नब्बे लाख बत्तीस हजार दो सौ चार मात्र)
बिड सिक्योरिटीः रू. 180700/- मात्र (एक लाख अस्सी हज़ार सात सौ मात्र)
निविदाः JHS-DyCEE-WS-T-06-2025-26 | कार्य समापन अवधिः 05 माह
निविदा बंद होने की तिथिः- 24.04.2026 (15:00 बजे तक), निविदाकार निविदा दिनांक 24.04.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 706/26 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना संख्याः डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-89 दिनांकः 01.04.2026
**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झाँसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
कार्य का नामः झाँसी में वैगन रिपेयर वर्कशॉप के पॉकेट यार्ड में बैलेंस सीसी पेवर ब्लॉक की व्यवस्था।
अनुमानित लागत (रूपये): ₹ 24928751.50 (दो करोड़ उन्चास लाख अठ्ठाइस हजार सात सौ इक्यावन रुपये पचास पैसे मात्र)
अमानत राशि (रूपये): ₹ 498600/- | निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपयेः कुछ नही
निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 28.04.2026 15:00 बजे
स्वीकृत पत्र प्रपत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह
पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 719/26(A)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-34-26 दिनांक- 30.03.2026
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल, झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्याः JHS-N-W-34-26
कार्य का नामः Augmentation ऑफ़ नेटवर्किंग बेकबोन फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ़ PRS & UTS ओवर JHS डिवीज़न।
कार्य लागत लगभगः ₹ 36488708.68 | धरोहर राशिः ₹ 729800/-
निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, निविदा खुलने की तिथिः 21.04.2026 Time 15.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 09 माह
• निविदा दिनांक 21.04.2026 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION - S AND T पर देखें। 731/26 FA
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-एन-2026-63 | अनुमानित लागत : ₹ 5990166.94
कार्य का नामः प्रोवीजन ऑफ लॉन्गर लूप लाइन ऑन थर्ड लाइन एट सिकरोदा कानड़ी स्टेशन इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-धौलपुर सेक्शन ऑफ एडीईएन/ग्वालियर अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ/झाँसी जूरिडिक्सन इन झाँसी डिवीजन।
अमानत राशिः ₹ 119800.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 04 माह
ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-एन-2026-67 | अनुमानित लागत : ₹ 16131742.35
कार्य का नामः प्रोवीजन ऑफ लॉन्गर लूप लाइन ऑन थर्ड लाइन एट अनंतपेथ स्टेशन इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-धौलपुर सेक्शन ऑफ एडीईएन/लाइन/झाँसी अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ/झाँसी जूरिडिक्सन इन झाँसी डिवीजन।
अमानत राशिः ₹ 322600.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह
निविदा बंद होने की तिथिः 23.04.2026 at 15:00
निविदा दिनांक 23.04.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 726/26(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन- 2026-65
कार्य का नाम : अपग्रेडेशन ऑफ़ बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी एट न्यू ताज पिटलाइन ग्वालियर।
अनुमानित लागत रू.: 5298878.25 | अमानत राशि : 106000.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह
निविदा बन्द होने की तिथि : 28/04/2026 at 15:00 hrs., • निविदा दिनांक 28/04/2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 722/26 (D)
North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
दिनांक : 30.03.2026
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्या : डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-88
कार्य का नाम : आरसीएनके/जेएचएस में सीमा दीवार के चारों ओर पूर्वनिर्मित नाली आवरण के साथ प्लिंथ सुरक्षा और सुदृढ़ीकरण व्यवस्था प्रदान करना।
अनुमानित लागत (रूपये) : 36488266.70 (तीन करोड़ चौंसठ लाख अठ्ठासी हजार दो सौ छियासठ रूपये और सत्तर पैसे मात्र।
अनुमानत राशि (रूपये) : 729800/- | निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये : कुछ नहीं
निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 28.04.2026 15:00 बजे
स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह
पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 705/26 (C)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्रांक :- झाँसी / एच / जी. 66 / एचवीएस / चयन दिनांकः- 01.04.2026
**विज्ञप्ति**
**मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की नियुक्ति के संबंध में आवेदन हेतु।**
**नियम व शर्ते :- मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में 02 पद ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट पर नियुक्त किया जाना हैं। जो पद निम्नवत् हैं:-**
1.1 आर्थोपेडिक विशेषज्ञ (Orthopadic ) -सप्ताह में 6 दिन के लिए एक दिन में 04 घंटे।
1.2 महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (Gyn. &Obs.)-सप्ताह में 6 दिन के लिए एक दिन में 04 घंटे।
2. अर्हता और अनुभवः-
2.1. स्पेशलिस्ट किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद संबंधित स्पेशलिटी से संबंधित व्यवसायिक कार्य में कम-से-कम 03 वर्षों का अनुभव।
2.2. यदि स्नातकोत्तर डिग्री वाले उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न हो तो स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद संबंधित स्पेशलिटी से संबंधि व्यावसायिक कार्य में 05 वर्ष के अनुभव वाले स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारक।
3. आयु विवरणः- 3.1. पहली बार नियुक्ति के दौरान 30 वर्ष और 64 वर्ष के बीच की आयु वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. 2. लगातार नियुक्ति की आयु सीमा 65 वर्ष हैं।
4. कार्य कालः-
4.1. हर बार प्रस्ताव दिया जायेगा, यह प्रस्ताव केवल एक वर्ष के लिये होगा।
4.2. एक वर्ष बीत जाने के बाद कार्यकाल वृद्धि के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।
5. विजिट / घंटों आदि की संख्याः-
5.1 प्रतिदिन औसतन 04 घंटे / सप्ताह में 06 दिन
इसके अलावा, ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट को रविवार अवकाश के दिन सहित किसी भी दिन जब कभी आपात काल में और दिन के किसी भी समय बुलाया जाने पर अस्पताल में आना होगा।
6. भुगतान किया जाने वाला मानदेयः-

| इयुटी के घंटे | स्पेशलिस्ट |
|---|---|
| सप्ताह में 06 दिनों के लिए एक दिन में 04घंटे | प्रति माह 78,000/- रुपये |

7. निःशुल्क रेलवे पासः-
7.1. प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में सेलेक्शन ग्रेड के अधिकारियों की पात्रता के अनुसार स्वयं के साथ पति / पत्नी और आश्रित बच्चों के लिये (रेलवे कर्मचारियों के लिये लागू नियमों के अनुसार ) राजधानी एक्सप्रेस सहित एसी टू टियर और शताब्दी एक्सप्रेस के वातानुकूलित कुर्सीयान में संपूर्ण भारतीय रेलवे और कोंकण रेलवे में वैध एक सेट मानार्थ रेलवे पास उपलब्ध कराया जायेगा।
7.2. मानार्थ पास कैलेण्डर वर्ष में नियुक्ति के 03 माह के बाद प्राप्त किया जा सकता हैं।
8. पारिश्रमिक में कटौती की दैनिक दरः-
ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट को प्रत्येक वर्ष 12 दिनों की छुट्टी लेने की अनुमति है। 12 दिनों के बाद किसी भी अनुपस्थिति के लिये निम्नलिखित दरों पर पारिश्रमिक कटौती की जायेगी। (पैरा 06 के अनुसार आवर्द्धित मानदेय की पिछले दर पर )

| सप्ताह में प्रतिदिन घंटों की संख्या | स्पेशलिस्ट |
|---|---|
| सप्ताह में 06 दिनों के लिए एक दिन में 04घंटे | प्रतिदिन 3,250 /- रुपये |

9. अनुबंध की समाप्तिः- किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व नोटिस देकर किसी भी समय अनुबंध समाप्त किया जा सकता है। प्रशासन के पास इस प्रकार अनुबंध समाप्त करने का कारण नहीं बताने का अधिकार सुरक्षित है।
10. जो चिकित्सक ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट पद के लिये उक्त नियम व शर्तों को पूर्ण करते है, वह आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर मध्य रेलवे, झांसी के कार्यालय में समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर जमा करें।
नोटः उपरोक्त विस्तारित विज्ञापन उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट http.//www.ncr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर मध्य रेलवे, झांसी
734/26(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# सीएम ने दिल्ली में सांसदों से पूछा- आपके कौन से काम रुके

## मुख्यमंत्री ने सांसदों को दिया डिनर, वन टू वन की चर्चा, खंडेलवाल भी रहे मौजूद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश से निर्वाचित पार्टी सांसदों से सीधे संवाद किया और उनसे पूछा कि क्या आपके संसदीय क्षेत्र में कोई काम रुक रहे हैं। उन्होंने सांसदों से बंद कमरे में वन टू वन चर्चा की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री प्रदेशाध्यक्ष के साथ दोपहर बाद नई दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदेश के सांसदों को डिनर में आमंत्रित किया। इससे पहले सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने पार्टी के सभी सांसदों से वन टू वन चर्चा की।

सीएम ने सांसदों से उनके क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों को लेकर जानकारी हासिल की, तो प्रदेशाध्यक्ष ने उनसे से संगठन को लेकर चर्चा की। विशेष तौर पर संसदीय क्षेत्र में विधायकों और सांसदों के बीच सामंजस्य को लेकर खंडेलवाल ने सांसदों से फीडबैक लिया। उन्होंने सांसदों को बताया कि संगठन ने यह तय कर दिया कि जब भी सरकार के मंत्री अपने प्रभार के जिलों का भ्रमण करेंगे,तो एक बार सांसद के साथ एकांत में बैठकर क्षेत्र के समग्र विकास के रोडमैप पर मंथन करेंगे। मुख्यमंत्री ने भी सांसदों से कहा कि उन्हें यदि किसी भी तरह की असुविधा समझ में आती है,वे सीधे उन्हें जानकारी दें। सीएम ने कहा कि उनके द्वारा मैदानी अधिकारियों को साफ तौर पर कह दिया गया है कि उन्हें अपने दफ्तरों में बैठने के साथ जिलों का भ्रमण भी करना है और जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद भी बनाना है ऐसा नहीं करने वाले अधिकारी मैदानी पोस्टिंग में नहीं रह पाएंगे। वन टू वन के दौरान सीएम डॉ. यादव ने सांसदों से उनके संसदीय क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यो के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सांसदों से अपेक्षा की वे अपने क्षेत्र प्रवास के दौरान विकास कार्यों का मैदानी आकंलन करे और यदि कही किसी भी स्तर पर गड़बड़ी उन्हें समक्ष में आती है,तो इसकी जानकारी से उन्हें अवगत कराएं। सीएम ने सांसदो से कहा कृषक कल्याण वर्ष के दौरान वे भी किसानों के हितों के लिए सुझाव दें। यदि कोई नवाचार उनके समझ में आता है,तो इस बारे में भी उन्हें बताए, जिससे वर्ष के दौरान किसानों के हितों के लिए ज्यादा से ज्यादा काम किया जा सके।



### विधायक -सांसद में असहमति

पार्टी सूत्रों की मानें तो मध्यप्रदेश के कुछ निकायों में एल्डरमैन के अलावा जनभागेदारी समितियों और दूसरी राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय और मुख्यमंत्री के पास जो सिफारिशें पहुंची है, उनमें विधायक और सांसदों के बीच असहमति जैसी स्थिति है। बताया गया है कि विशेषकर नगर निगमों में एल्डरमैन की नियुक्तियां इसलिए लंबित रखी गई है, क्योंकि किसी भी निगम में एल्डरमैन बनाने के लिए वहां के विधायकों और सांसदों द्वारा अलग-अलग समर्थकों के नाम भेजे गए है। इसकी वजह से नियुक्तियां नहीं हो पा रही है, जबकि पार्टी का लक्ष्य है कि जितनी जल्द हो सके भाजपा अपनी सभी तरह की संगठनात्मक और सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों का काम पूरा कर दिया जाए। इस पर बुधवार को दिल्ली में हुई बैठक में सांसदों से बड़ा दिल रखकर विधायकों के साथ सहमति बनाने की बात कही गई है।

### नाराजगी की बात आई थी सामने

कुछ सांसदों द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व से नाराजगी जताई गई थी, कि मध्यप्रदेश में उन्हें महत्व नहीं मिल रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल के साथ मिलकर सांसदो से सभी विषयों पर चर्चा करने को कहा था। बताया गया है कि संसद चलने की वजह से दोनों सदनों में पार्टी के सासंद दिल्ली में मौजूद है।

**कुछ सांसद रहे गैरहाजिरः** बैठक में कुछ सांसद मौजूद नहीं थे। इनमें भोपाल सांसद आलोक शर्मा भी हैं, जो असम में चुनावी जिम्मेदारी से नहीं पहुंच सके। इनके द्वारा दूसरे सांसदों की भी असम, पश्चिम बंगाल में चुनावी मौजूदगी की वजह से बैठक में शामिल होने नहीं पहुंच सके।

### केंद्रीय मंत्रियों से भी की मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में बुधवार को केन्द्रीय संचार और उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर से भी मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल के साथ महेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फील्ड ट्रेनर्स ने घर-घर जाकर किया अभ्यास

**जनगणना कार्य के लिए प्रशिक्षण संपन्न**

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के फील्ड ट्रेनर्स का प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण टीटी नगर स्थित मॉडल स्कूल में संपन्न हो गया है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी मास्टर ट्रेनर्स को सुपरवाइजर और प्रगणक के रूप में फील्ड विजिट कराई गई। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर आंकड़े जुटाने का प्रायोगिक अभ्यास किया और फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं व उनके सटीक समाधान पर विस्तार से चर्चा की। समापन समारोह को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर सुमित कुमार पांडे और जिला जनगणना अधिकारी भवन गुप्ता ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आगामी जनगणना 2017 के लिए सुपरवाइजरों और प्रगणकों के प्रशिक्षण को शासन के निर्देशानुसार पूरी गंभीरता से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला प्रशिक्षण नोडल अधिकारी व मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, डॉ. मुकेश नापित, प्रो. सिद्धांत जैन सहित जनगणना निदेशालय से जिला प्रभारी मनोज सैनी व राकेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जनजातीय समाज बच्चों को भेजे स्कूलः शाह

**विसं, भोपाल।** जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने सभी जनजातीय परिवारों से बच्चों को शाला भेजने की अपील की है। शिक्षा से ज्यादा मूल्यवान कुछ नहीं है। ज्ञान से ही सुनहरे भविष्य का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राच्य सरकार जनजातीय परिवारों की नई पीढ़ी को शैक्षणिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए संकल्पित है। डॉ. शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र सरकार के सहयोग से जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्थाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आज न तो शिक्षकों की कमी है और न ही स्कूली अधोसंरचना में कोई कमी है। सभी अभिभावकगण अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होने जनजातीय क्षेत्रों में काम कर रही स्वयं सेवी संस्थाओं और शासकीय योजनाओं और परियोजनाओं में काम कर रहे अमले से भी अपील की है कि वे स्कूल जाने योग्य बच्चों को शालाओं में प्रवेश दिलवाने में मदद करें और अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभायें।

# समीता राजौरा संभालेंगी वन्य प्राणी विभाष को प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया

### पहली बार वन विभाग में तीन आईएफएस महिला अधिकारी बनी एचओडी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश वन विभाग ने बुधवार को वन बल प्रमुख की दौड़ में रहे विभाष ठाकुर को प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया है। जबकि प्रधान मुख्य संरक्षक समीता राजौरा को वन्य प्राणी का नया मुखिया बनाया गया है। इसके अलावा दो और आईएफएस को स्थानांतरित किया गया है। बता दें कि पहली बार वन विभाग में तीन आईएफएस महिला अधिकारी एचओडी बनाई गई हैं। राज्य सरकार ने लगभग एक माह पहले दो वरिष्ठ अधिकारियों को सुपरसीड करते हुए आईएफएस शुभरंजन सेन को मध्यप्रदेश का नया वन बल प्रमुख बनाया था। इसके बाद ये तय था कि उनसे वरिष्ठ दोनों अधिकारियों को वन मुख्यालय से बाहर भेजा जा सकता है। तकरीबन एक माह बाद विभाग ने अपने स्थानांतरण आदेश में विभाष कुमार ठाकुर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान बनाने का आदेश जारी कर दिया। उनकी सेवाएं लोक सेवा प्रबंधन विभाग को प्रतिनियुक्ति पर सौंपी गई हैं। वन बल प्रमुख से सीनियर दूसरे अधिकारी एच.यू खान वन विकास निगम में एमडी पद की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। वर्ष 1992 बैच की आईएफएस अधिकारी डॉ. समीता राजौरा प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रबंध संचालक मप्र राज्य लघुवनोपज संघ को पीसीसीएफ वन्य प्राणी बनाया गया है। विभाग ने उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी है। इसी तरह विभाष कुमार ठाकुर के प्रतिनियुक्त पर जाने की वजह से खाली हुए पीसीसीएफ अनुसंधान एवं विस्तार की जिम्मेदारी आईएफएस अर्चना शुक्ला को दी गई है। अर्चना शुक्ला वन विकास निगम में बतौर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद का दायित्व निभा रही थीं।





### पहली बार एपीसीसीएफ को बनाया एमडी

विभाग ने पहली बार राज्य लघुवनोपज संघ का एमडी एपीसीसीएफ स्तर के अधिकारी को बनाया है। इस पद पर वर्ष 1997 बैच की कमोलिका मोहंता को एपीसीसीएफ प्रशासन से बदलकर एमडी की जिम्मेदारी सौंपी है।

### खान नवंबर में होंगे रिटायर

एचयू खान वर्ष 1989 कैडर के अधिकारी हैं। जो वन बल प्रमुख की दौड़ में आगे थे। विभाष कुमार 1990 बैच के आईएफएस हैं। खान नवंबर में सेवानिवृत्त हो जाएंगे, जबकि विभाष ठाकुर भी दिसम्बर या अगले साल जनवरी में सेवानिवृत्त जाएंगे। इन दोनों अधिकारियों को राज्य शासन ने सुपरसीड करते हुए वर्ष 1991 बैच के अधिकारी शुभरंजन सेन को वन बल प्रमुख बना दिया।

## स्टेट बार की नामांकन राशि वापस नहीं होगी

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में बार काउंसिल आफ इंडिया के आदेश अनुरूप प्रत्येक प्रत्याशी के लिए नामांकन शुल्क एक लाख पच्चीस हजार रुपये व दिव्यांग प्रत्याशियों के लिये नामांकन शुल्क पांच हजार रूपये निर्धारित किया गया है। उक्त राशि किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगी। यह जानकारी चुनाव अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने दी। उन्होंने बताया कि यह चुनाव 23 सदस्यों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिनमें से पांच सदस्य महिलाएं होंगी व दो महिला सदस्यों को सह-नामांकन के माध्यम से नामित किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि 25 सदस्यों वाली इस संस्था में 30 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए निर्धारित है, जिसमें से 20 प्रतिशत अर्थात पांच सदस्य महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे व दो महिला सदस्य सह-नामांकन के माध्यम से नामित किए जाएंगे। शेष 18 सदस्यों का निर्वाचन नियमानुसार वरीयतामत प्रणाली द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को प्रत्याशियों के लिए एक से 23 तक क्रम संख्या अपनी वरीयता के अनुसार अंकित करनी होगी।

# विधानसभा ने किया 27 सदन समितियों का गठन

### सत्ता-विपक्ष के सदस्यों को शामिल किया गया

**विसं, भोपाल।** विधानसभा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के लिए अपनी 27 सदन समितियों का गठन कर दिया है। इन समितियों में सत्ता और विपक्ष के सदस्यों को शामिल किया गया है। कई नए विधायकों को भी समिति में शामिल होने का मौका मिला है। विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा बुधवार को इन समितियों का एलान कर दिया। कार्य मंत्रणा समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा सदस्य सुविधा समिति का गठन करते हुए सभापति नियुक्त करते हुए समिति सदस्यों को नाम नर्दिष्ट किया गया है। तोमर कार्यमंत्रणा समिति के सभापति व डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, हेमंत खंडेलवाल, डॉ. सीतासरन शर्मा, अजय विश्नोई, मीना सिंह मांडवे, हरिशकर खटीक, सोहनलाल बाल्मीक, यादवेन्द्र सिंह, लखन घनघोरिया एवं हेमंत सत्यदेव कटारे को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति का सभापति पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक को बनाया है। विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, गौरव पारधी, विष्णु खत्री, श्राजेश सोनकर, रामनिवास शाह, डॉ.अभिलाष पाण्डेय, राकेश शुक्ला (गोलू), सुनील उइके, डॉ. विक्रांत भूरिया एवं राजन मंडलोई को समिति का सदस्य बनाया है। प्रश्न एवं संदर्भ समिति का सभापति विधायक अरुण भीमावद को बनाया गया है। विधायक हरिसिंह सप्रे, राजेश वर्मा, प्रणय प्रभात पाण्डेय,नारायण पटेल, अनिल जैन (निवाडी), इंजी. गोपाल सिंह ,श्याम बरडे, बाला बच्चन, झूमा ध्यानसिंह सोलंकी एवं सुरेश राजे को समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन को सदस्य सुविधा समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक मोहन शर्मा, प्रहलाद लोधी, मनोज पटेल, घनश्याम चन्द्रवंशी, राजकुमार, राजेंद्र भारती, रजनीश सिंह एवं डॉ. रामकिशोर समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है।

# फाइलों की परेशानी से मुक्त होगी पुलिस जिलों में शुरू होगा ई-ऑफिस सिस्टम

## एक क्लिक पर मिलेगी अपराधी के फिंगरप्रिंट और आई स्कैनिंग की जानकारी




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस अब पूरी तरह हाईटेक होने जा रही है। जनवरी माह में ई-एचआरएमएस लागू करने के बाद अब पुलिस विभाग के कामकाज में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए ऑनलाइन ई-ऑफिस सिस्टम पर कामकाज शुरू होगा। इसके लिए बुधवार को पीएचक्यू में ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डीजीपी कैलाश मकवाणा ने प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को इस सिस्टम का शत-प्रतिशत उपयोग करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्णयों में तेजी लाने और जवाबदेही तय करने के लिए डिजिटल वर्किंग को अपनाना ही होगा। इस ट्रेनिंग के दौरान डीजीपी ने कानून व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को अलर्ट रखते हुए आगामी हनुमान जन्मोत्सव के दौरान अधिकारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर भीड़भाड़ वाले और धार्मिक स्थलों का मुआयना करने के निर्देश दिए। उन्होंने धर्म स्थलों और बड़े आयोजनों में सुरक्षा के लिहाज से एंट्री-एग्जिट द्वार अलग रखने, सीसीटीवी से निगरानी करने और वीआईपी मूवमेंट के दौरान आम जनता को परेशानी न होने देने की बात भी कही।

### टैब से जांच और ई-साक्ष्य ऐप में स्टोर होंगे सबूत

ट्रेनिंग में एडीजी एससीआरबी जयदीप प्रसाद ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में ई-ऑफिस का काम पूरी तरह शुरू हो चुका है और अब इसे जिलों में भी लागू किया जा रहा है। अब पुलिस के जांच अधिकारी किसी भी घटना की छानबीन टैबलेट के जरिए करेंगे और घटनास्थल के सबूत ई-साक्ष्य ऐप के जरिए सेव किए जाएंगे। पुलिस के ई-ऑफिस सिस्टम में अपराधियों पर लगाम कसने के लिए एक खास मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट का ऑप्शन भी है। इसके तहत गिरफ्तार अपराधियों के फिंगरप्रिंट, आंखों की स्कैनिंग और डीएनए सैंपल का डिजिटल डेटा रखा जाएगा। इस आधुनिक तकनीक से अपराधियों को पहचानना और उन्हें ट्रैक करना आसान हो जाएगा। इस ऑनलाइन ट्रेनिंग में भोपाल-इंदौर के पुलिस कमिश्नर, आईजी और एसपी शामिल हुए, जिन्हें एनआईसी के एक्सपर्ट्स ने डिजिटल सिस्टम चलाने की बारीकियां सिखाईं। पुलिस सभी यूनिटों और जिला बल में ई-ऑफिस का उपयोग 1 मई से शुरू कर देगी।

# बसों में बाईं ओर दो दरवाजे और एक अतिरिक्त आपातकालीन द्वार हो

**हाईकोर्ट का जबलपुर आरटीए को दिए निर्देश**

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, जबलपुर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सभी स्टेज कैरिज और पर्यटक बसें मोटर वाहन नियम मध्य प्रदेश के नियम 164 का अनुपालन करें। कोर्ट ने सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन न किए जाने पर कहा कि यह बहुत ही खेदजनक स्थिति है कि कई वातानुकूलित बसों, और यहां तक कि गैर-वातानुकूलित लक्जरी बसों और स्लीपर बसों में बाईं ओर दो दरवाजे और एक अतिरिक्त आपातकालीन द्वार नहीं है। लक्जरी बसों से जुड़ी आग दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में जान-माल की हानि हो रही है। तकरीबन किसी भी वाहन पर बाईं ओर दो द्वार सुनिश्चित नहीं किए गए हैं और परमिट अंधाधुंध जारी किए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि वाणिच्यिक विचार यात्री सुरक्षा से आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आरटीए को यह जांच करने का निर्देश दिया कि क्या किसी भी स्टेज कैरिज और पर्यटक बसों द्वारा नियम 164 का उल्लंघन किया जा रहा है। यदि कोई बसें उल्लंघन करती पाई गईं, तो उनका संचालन 45 दिनों के भीतर बंद कर दिया जाए। कोर्ट ने परिवहन विभाग के मुख्य-अतिरिक्त सचिव को इस संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी शपथपत्र में पेश करने को कहा गया। अगली सुनवाई 27 अप्रैल को नियत की गई है। मंडला निवासी बस आपरेटर राम मिलन राय की ओर से दायर याचिका में राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण (एसटीएटी) के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में एक प्रतिद्वंद्वी आपरेटर (प्रतिवादी नंबर-दो) द्वारा दायर संशोधन की अनुमति दी थी और याचिकाकार्ता के परमिट को निरस्त कर दिया था। तर्क दिया गया नंबर-दो प्रतिद्वंद्वी रूट आपरेटर नहीं था और उसके पास परमिट देने पर आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं था। सुनवाई में कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता की बस में कुल मिलाकर केवल 36 सीटें थीं, जो निर्धारित आवश्यकता से कम थीं। कोर्ट ने कहा कि नियम 164 के तहत प्रत्येक गाड़ी में बाईं ओर कम से कम दो दरवाजे होने चाहिए, एक प्रवेश के लिए और एक निकास के लिए, और दाईं या पिछली तरफ एक आपातकालीन दरवाजा होना चाहिए। जबकि वर्तमान मामले में, बस में केवल एक प्रवेश द्वार और एक आपातकालीन द्वार था। कोर्ट ने कहा कि अधिकार क्षेत्र का प्रश्न निर्णायक नहीं है क्योंकि वैधानिक गैर-अनुपालन पर परमिट रद्द करना उचित है। याचिकाकर्ता का वाहन मप्र के नियम 77 (1-ए) के तहत आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहा। बेंच ने कहा कि दो दरवाजे होने से व्यावहारिक चिंताएं पैदा होती हैं, लेकिन यह भी माना कि दुर्घटनाओं और आग की घटनाओं के मामले में दरवाजे आवश्यक हैं।



## डीपीई बना घोटालों का केंद्रः पटवारी

**विसं भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि डीपीई दफ्तर घोटालों का केन्द्र बन गया है। इसकी वजह से सरकार को लगभग 100 करोड़ के टेंडर निरस्त करने पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार की यह कार्यवाही कांग्रेस के दबाव में हुई है। पटवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस काफी समय से आवाज उठाती आ रही है। पिछले दिनों विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा सिंडिकेट से जुड़े सरकारी अधिकारियों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 100 करोड़ रुपये के टेंडर निरस्त किए गए तथा 149 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच प्रारंभ कराई गई। वर्ष 2023 में खरीदे गए 3500 कंप्यूटर एवं अन्य उपकरण, जिन्हें बाजार मूल्य से लगभग 250 प्रतिशत अधिक कीमत पर खरीदा गया, उस प्रकरण पर भी संज्ञान लिया गया। उन्होंने कहा कि इन टेंडरों में तकनीकी शर्तों की अनदेखी करते हुए एसर कंपनी से लगभग रुपए 60,000 मूल्य के पैनल रुपए 1,20,000 में खरीदे गए और जल्दबाजी में भुगतान भी कर दिया गया, जबकि कंपनी स्वयं टेंडर की शर्तों को पूरा नहीं करती थी।

**बैठक** मुख्यमंत्री ने सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए निर्देश

# प्रदेश में कंबाइन हार्वेस्टरों से नहीं लिया जाएगा टोल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। हमने तय किया है कि किसानों की फसल काटने के लिए कंबाइन हार्वेस्टरों को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के टोल प्लाजा पर शुल्क नहीं लिया जाएगा। सीएम बुधवार को अपने निवास पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक ले रहे थे, जिसमें उन्होंने अधिकारियों से हार्वेस्टरों से शुल्क नहीं लिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टोल मार्गों पर शुल्क में छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा।



**गुणवत्ता से समझौता नहीं, लेंगे सख्त एक्शनः** सीएम ने कहा कि निर्माण कार्य की किसी भी तरह से देरी नहीं होनी चाहिए। जमीन अधिग्रहण का मामला हो या भी दूसरे आवश्यक कार्य सभी में पूरी तरह से पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य में किसी भी स्थिति में गड़बड़ी या गुणवत्ता की अनदेखी सामने आती है,तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। फिर चाहे कोई कितना बड़ा अधिकारी क्यों न हो।

**नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना पर मुहरः** संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए।

### भोपाल बायपास के नए एलाइनमेंट किए मंजूर

बैठक में राजधानी भोपाल के पश्चिम में बायपास के लिए नए एलाइनमेंट को मंजूरी दी गई। एमपीआरडीसी द्वारा 35.61 किलोमीटर लंबे नए मार्ग का एलाइनमेंट तैयार किया गया है। जिसमें वन क्षेत्र,वन्य जीव,रामसर साइट और समसगढ़ शिवमंदिर के संरक्षण का पूरा ध्यान दिया गया है।

### वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनेगा

वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए 5 किलोमीटर लंबा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनाया जाएगा। हाइवे के दोनों ओर 12 फीट ऊंची जाली लगाई जाएगी और 610 मीटर लंबा वाइल्ड लाइफ अंडरपास भी तैयार किया जाएगा। नए प्लान में बाईपास को रातापानी टाइगर रिजर्व के बफर जोन से बाहर रखा गया है। बैठक अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।

## नकली सोना पर गोल्ड लोन लगाया 23 करोड़ का चूना!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईसीआईसीआई बैंक में 23 करोड़ रुपये के गोल्ड लोन घोटाले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार अधिकारियों को इंटरनल ऑडिट में इस बात का पता चला। दरअसल नागपुर में बैंक की नौ ब्रांचों में नकली सोना जमा किया गया है। बैंक के जोनल ऑफिस के कर्मचारी, धनंजय रमेश थिटे की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, धंतोली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

जनवरी 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच हुआ घोटाला-पुलिस ने बताया कि यह धोखाधड़ी जनवरी 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच अंजाम दी गई थी। यह घोटाला तब सामने आया, जब बैंक ने अपने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो का इंटरनल ऑडिट किया। इस ऑडिट के दौरान पता चला कि बैंक की नौ अलग-अलग ब्रांचों में गिरवी रखे गए गहने असल में सोने के नहीं है, उसकी जगह नकली सोना जमा किया गया था।

**159 खाता धारकों ने लोन के बदले की धोखाधड़ी** पुलिस की माने तो कुल 159 लोगों ने नकली सोना जमा किया है। जिसकी कुल कीमत 23 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस का कहना है कि मामले में इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या बैंक के कर्मचारी या अधिकारी भी इस धोखाधड़ी में शामिल थे।

# रायसेन में 50 एकड़ गेहूं की फसल में आग, 11 किसानों के खेत जले



**जागरण, रायसेन।** प्रदेश के रायसेन जिले में बुधवार दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। आग में करीब 50 एकड़ में लगी फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने का मौका नहीं मिला। आग की लपटों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए किसानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर 25 ट्रैक्टर और पेड़ों की टहनियों से आग बुझाने का प्रयास किया। एक ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आकर जल गया। इतनी देर में आग विकराल होती चली गई और 11 किसानों के खेत जल गए। करीब घंटेभर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन के अधिकारी सहित सांची नगर पालिका की दमकल टीमें मौके पर पहुंची लगातार आग बुझाने में जुटी रहीं। इसी बीच फायर ब्रिगेड का पानी भी खत्म हो गया। अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट और नरवाई से आग लगा बताया जा रहा है हालांकि किसानों ने बिजली कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।



लेबनान के बेरूत में इजरायली हमले के बाद बिल्डिंग से आग का गोला निकलता हुआ। इस हमले में बेरूत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वाले हाईवे के पास एक बिल्डिंग को निशाना बनाया गया था। इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के एक बड़े कमांडर यूसुफ इस्माइल हाशेम को मार दिया है। यह हमला बेरूत में हुआ था, हालांकि हिजबुल्लाह की तरफ से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अटारी-वाघा सीमा पर रिट्रीट का समय बदला

**अमृतसर, जेएनएन।** अटारी-वाघा सीमा पर होने वाली बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। 1 अप्रैल से यह समारोह अब शाम 5.30 बजे शुरू होगा। नए शेड्यूल के तहत सेरेमनी समाप्त होने का समय शाम 6.00 बजे रखा गया है। इससे पहले यह समारोह शाम 5.00 बजे से 5.30 बजे तक होता था। बढ़ते तापमान और दिन लंबे होने, देर से सूर्यास्त होने के कारण यह निर्णय लिया गया है ताकि दर्शकों को सुविधा हो। यह बदलाव पंजाब के तीन प्रमुख बॉर्डरों अटारी अमृतसर, हुसैनीवाला फिरोजपुर और सादगी फाजिल्का पर लागू किया गया है। सुरक्षा जांच और सीट सुरक्षित करने के लिए दर्शकों को दोपहर 3.00 बजे तक बॉर्डर पर पहुंचने की सलाह दी गई है। साथ ही अपने साथ एक वैध पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड जरूर रखने को कहा गया है। गैलरी में प्रवेश निःशुल्क है।

### अमेरिका: लास वेगास में एफ-35 जेट क्रैश

**वॉशिंगटन,जेएनएन।** अमेरिका के नेवादा में लास वेगास के पास मंगलवार को नेलिस एयरफोर्स बेस से जुड़ा एफ-35 लाइटनिंग-२ फाइटर जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह क्रैश लास वेगास से 25 मील उत्तर-पूर्व में 'इंडियन स्प्रिंग्स' के पास नेवादा टेस्ट और ट्रेनिंग रेंज के प्रतिबंधित सैन्य क्षेत्र में हुआ। विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने समय रहते इजेक्ट कर लिया। पायलट सुरक्षित है और उसे केवल मामूली चोटें आई हैं, जिसके लिए उसका इलाज किया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि क्रैश सैन्य ट्रेनिंग रेंज के अंदर हुआ, जिससे किसी भी नागरिक आबादी या रिहायशी इलाके को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अमेरिकी वायुसेना ने इस हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह विमान नेलिस एयर फोर्स बेस के 6वें वेपन्स स्क्वाड्रन का हिस्सा था।

### निशिकांत ने मांगी माफी बोले-बीजू महान नेता

**नई दिल्ली, जेएनए।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को लेकर दिए गए अपने विवादित बयान पर माफी मांग ली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो वे बेशर्त क्षमा चाहते हैं। निशिकांत दुबे ने अपने स्पष्टीकरण में कहा कि बीजू पटनायक हमेशा एक ऊंचे कद के स्टेट्समैन रहे हैं। उनका बयान उनकी निजी राय थी। इसे गलत तरीके से जोड़ा और समझा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जवाहरलाल नेहरू को लेकर कही गई बात को बीजू पटनायक से जोड़ दिया गया, जो सही नहीं है। दरअसल, 27 मार्च को मीडिया से बातचीत में दुबे ने आरोप लगाया था कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान जवाहरलाल नेहरू ने अमेरिका और सीआईए की मदद ली। सीआईए, अमेरिका और नेहरू के बीच बीजू पटनायक एक 'कड़ी' थे।

### जम्मू-कश्मीर: मुठभेड़ में एक आतंकी की मौत

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह एक आतंकी को मार गिराया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से चल रहा था और अभी भी इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों के अनुसार, एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि खास खुफिया जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने मंगलवार शाम इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रात में अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। बुधवार सुबह जैसे ही सर्च ऑपरेशन फिर शुरू हुआ, सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक आतंकी को मार गिराया गया। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। एजेंसियां आसपास के इलाकों में सघन तलाशी ले रही हैं।

### विधानसभा चुनाव: कांग्रेस-भाजपा ने तेज किया चुनाव प्रचार

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की जड़: प्रधानमंत्री डबल गुलामी की सरकार: प्रियंका

**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम, पश्चिम बंगाल, केरल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है। असम में जहां मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस के बीच है वहीं पश्चिम बंगाल में टीएमसी के बीच मुकाबला है। भाजपा की ओर से पीएम मोदी ने मोर्चा संभाल रखा है, वहीं कांग्रेस से राहुल गांधी के साथ प्रियंका वाड्रा भी चुनावी रैली कर रहीं हैं। उधर, प. बंगाल में सीएम ममता बनर्जी भी पूरी ताकत झोंक रही हैं।

**कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्की:** प्रधानमंत्री मोदी ने असम के धेमाजी में चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के 'स्वघोषित राजकुमार' (राहुल गांधी) की पराजय की सेंचुरी (100वीं हार) जल्द ही पूरी होने वाली है। उन्होंने विश्वास जताया कि असम विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा-एनडीए जीत की हैट्रिक लगाएगी। रैली में उन्होंने असम की नई पहचान 'चाय और चिप' (सेमीकंडक्टर प्लांट) के रूप में होने की बात कही और कांग्रेस पर विकास में बाधा डालने का आरोप लगाया। मोदी ने जनता को 'मोदी की गारंटी' देते हुए असम के और तेज विकास का भरोसा दिलाया।

### पूरा देश जानता है कांग्रेस विकास विरोधी है: पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर कड़ा पलटवार किया। बिश्वनाथ में सभा में पीएम ने कहा, पूरा देश जानता है कांग्रेस विकास विरोधी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जड़ रही है। कांग्रेस ने असम की पहचान, गर्व और और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। आजादी के बाद से इसने सत्ता के लिए असमिया पहचान से समझौता किया और बार-बार असम के हितों को नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे के लिए अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया है। मोदी ने कहा, उन्होंने (कांग्रेस) असम की 'आत्मा', 'शान', 'पहचान' और 'सुरक्षा' से समझौता किया है। अगर भाजपा सत्ता में वापस आती है, तो यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने और छठे शेड्यूल के तहत आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा सहित मुख्य पॉलिसी उपाय किए जाएंगे।

### मोदी अमेरिका और सरमा पीएम के गुलाम: प्रियंका



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को असम के शिवसागर जिले के नाजिरा में एक चुनावी रैली के दौरान भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे 'डबल इंजन' की जगह 'डबल-गुलामी की सरकार' करार दिया। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के 'गुलाम' बन गए हैं और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा प्रधानमंत्री मोदी के 'गुलाम' हैं। उन्होंने असम की जनता से इस 'डबल-गुलामी' वाली सरकार को सत्ता से बाहर करने और कांग्रेस को चुनने का आग्रह किया, ताकि राज्य में लोक-कल्याणकारी शासन स्थापित हो सके। प्रियंका ने कहा, भाजपा केवल तभी काम करती है, जब उसे अपना फायदा दिखता है, जबकि कांग्रेस ईमानदारी से सेवा करती है।

### भाजपा हमारा पैसा लूट रही : ममता



प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने जनसभा में कहा कि भाजपा हमारा पैसा लूट रही है और झूठ बोल रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा अवैध कोयला खदानों से पैसे ले रही है और बंगाल का जीएसटी का पैसा केंद्र सरकार द्वारा ले लिया गया है, जिसके बदले में राज्य को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र पर बंगाल का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाता सूची से असली मतदाताओं के नाम हटाने और बाहरी लोगों (जैसे यूपी और बिहार से) के नाम जोड़ने का आरोप लगाया है।

**60 में 47 लाख आपत्तियां निपटीं:** प. बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच 31 मार्च तक कुल 60 लाख आपत्तियों में से 47.4 लाख आपत्तियों का निपटारा कर लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि प्रतिदिन १.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है।

### लोकसभा में एफसीआरए संशोधन बिल पर हंगामा

## 'बिल वापस लो' के नारे; सरकार बोली-पारदर्शिता के लिए जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक यानी एफसीआरए बिल को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सांसदों ने सदन के भीतर और बाहर इस बिल का विरोध करते हुए 'एफसीआरए बिल वापस लो' के नारे लगाए। कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के सदस्य अपनी सीटों से खड़े हो गए और लगातार नारेबाजी करते रहे। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने कई बार सांसदों से शांत रहने और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की, लेकिन विरोध थमता नजर नहीं आया। बिल में एक अहम प्रावधान यह भी है कि जिन एनजीओ का रजिस्ट्रेशन रद्द, समाप्त या सरेंडर हो जाता है, उनकी विदेशी फंडिंग और संपत्तियों के प्रबंधन के लिए एक नामित प्राधिकरण बनाया जा सकता है। सरकार का दावा है कि इससे फंड के दुरुपयोग को रोका जा सकेगा।



### क्या है एफसीआरए संशोधन बिल?

एफसीआरए (फॉरेन कॉन्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट) से जुड़े इस संशोधन विधेयक को 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था।

**बिल का उद्देश्य**

- विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और सख्त और स्पष्ट करना
- एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना
- संदिग्ध फंडिंग और उसके उपयोग पर निगरानी मजबूत करना

### विरोध में तर्क: एनजीओ पर नियंत्रण का प्रयास

विपक्षी दलों और एफसीआरए संशोधन विधेयक के आलोचकों का आरोप है कि यह बिल नागरिक समाज और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की स्वतंत्रता को सीमित करने की कोशिश है। यह कानून सरकार को एनजीओ पर अधिक नियंत्रण देने वाला है और इससे सामाजिक संगठनों के कामकाज पर असर पड़ सकता है। साथ ही विदेशी फंडिंग पर अत्यधिक प्रतिबंध से विकास और सामाजिक कार्य प्रभावित होंगे।

### सरकार का पक्ष: राजनीतिक नहीं, प्रशासनिक सुधार

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह बिल कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह केवल नियमों को बेहतर बनाने और पारदर्शिता लाने के लिए है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उस दिन लोकसभा में इस बिल पर चर्चा नहीं होगी और अन्य जरूरी विधेयकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अमेरिकी जज का बड़ा फैसला

## राष्ट्रपति ट्रंप के बॉलरूम प्रोजेक्ट पर फिलहाल ब्रेक



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी जिला न्यायाधीश रिचर्ड लियोन ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3,300 करोड़) की व्हाइट हाउस बॉलरूम परियोजना पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। साथ ही, ट्रंप बर्थराइट सिटीजनशिप (जन्मसिद्ध नागरिकता) को खत्म करने के अपने कार्यकारी आदेश पर कानूनी लड़ाई के लिए 1 अप्रैल, 2026 को व्यक्तिगत रूप से अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित हो रहे हैं। न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि ट्रंप प्रशासन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की मंजूरी के बिना इस विशाल परियोजना को आगे नहीं बढ़ा सकता। यह प्रोजेक्ट व्हाइट हाउस के ऐतिहासिक ईस्ट विंग को तोड़कर उसकी जगह 90,000 वर्गफीट का बॉलरूम बनाने के लिए था। संरक्षणवादी समूहों ने तर्क दिया था कि ट्रंप ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर ऐतिहासिक ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। न्यायाधीश ने प्रशासन को अपील करने के लिए 14 दिनों का समय दिया है। ट्रंप ने इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे अदालत में चुनौती देने की बात कही है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 1 अप्रैल, 2026 को ट्रंप के उस आदेश पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उन्होंने गैर-नागरिकों या अवैध प्रवासियों के अमेरिका में जन्मे बच्चों को मिलने वाली स्वचालित नागरिकता को समाप्त करने का निर्देश दिया था।

## बॉलीवुड को ग्लोबल बनाने आ रहे 'राम'!



**मुंबई, जेएनएन।** भारत की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक नमित मल्होत्रा की रामायण का इंतजार बस अब खत्म होने को है। 2 अप्रैल को, हनुमान जयंती पर रामायण से पहला टीजर सामने आने वाला है। ये फिल्म के मुख्य किरदार, राम का कैरेक्टर रिवील होगा। इस रामायण का इंतजार इंडियन सिनेमा फैन्स तब से कर रहे हैं, जब 2017 में ये पहली बार अनाउंस हुई थी। पहली अनाउंसमेंट से लेकर बड़े पर्दे पर आने तक नमित मल्होत्रा के इस प्रोजेक्ट में बहुत कुछ बदला है, लेकिन नहीं बदली तो सिर्फ एक चीज-विजन। 9 साल पहले भी नमित का दावा था कि ये फिल्म रामायण को ऐसे स्केल पर लेकर आएगी, जो भारतीय सिनेमा ने पहले नहीं देखा। पिछले साल जुलाई में जब इस रामायण फिल्म का पहला इंट्रोडक्शन वीडियो सामने आया, तो ये वादा पूरा होने का हिंट मिलने लगा था। अब रामायण का टीजर एक ऐसे सफर की शुरुआत होगा, जो दिवाली पर फिल्म की रिलीज तक भारतीय सिनेमा के ग्लोबल होने की नई कहानी लिखेगा। रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा बता चुके हैं कि दो पार्ट्स में आ रही उनकी ये फिल्म करीब 4000 करोड़ रुपए के बजट में शूट हुई है। ये बजट रामायण को सबसे महंगा इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट बना रहा है। रामायण के लिए मोशन कैप्चर की ऐसी तकनीकें लगी हैं, जिनका इस्तेमाल इस स्केल पर इंडियन सिनेमा पहली बार देखेगा। 2000 फ्रेम प्रति सेकंड कैप्चर करने वाला वीवीएस सिर्फ एक्टर्स की परफॉर्मेंस ही नहीं, उनके चेहरे के एक-एक एक्सप्रेशन रिकॉर्ड करता है। इंटरस्टेलर, अवतार जैसी टॉप हॉलीवुड फिल्मों में इस्तेमाल हुई परफॉर्मेंस कैप्चर और वॉल्यूम कैप्चर तकनीकें रामायण में भी इस्तेमाल हुई हैं। कई ऑस्कर विनिंग फिल्मों के ग्राफिक्स पर काम कर चुकी नमित की कंपनी डीएनईजी ने रामायण के विजुअल्स पर काम किया है। आईमैक्स के लिए ये फिल्म खासतौर पर तैयार की गई है। कई भाषाओं में लाने के लिए इसे एआई की ऐसी तकनीक से डब किया गया है कि एक्टर्स के होंठों के मूवमेंट से डबिंग होने का पता ही नहीं चलेगा। इन सारी तकनीकों का मकसद सिर्फ एक है-पौराणिक कहानियों में दर्ज ऐसा संसार क्रिएट करना, जिसे हम इन कहानियों के साथ इमेजिन करते हैं।

### वंदे भारत में मिला खराब खाना, फोटो वायरल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मॉर्डन ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस अब खाने को लेकर सवालों में है। रांची की एक महिला ने दावा किया है कि ट्रेन का खाना उनके लिए खतरनाक साबित हुआ। तस्वीरें और मेडिकल पर्ची सामने आने के बाद मामला गरमा गया है। वहीं आईआरसीटीसी ने सफाई दी है कि सब कुछ ठीक था। इस मामले पर रेलवे की कैटरिंग सेवा देने वाली संस्था आईआरसीटीसी ने सफाई दी है। उनके मुताबिक, उसी दिन दिए गए खाने की जांच की गई थी और सब कुछ संतोषजनक पाया गया आईआरसीटीसी का कहना है कि उस दिन किसी अन्य यात्री ने खाने की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत नहीं की। आईआरसीटीसी की सफाई के बाद भी आयुषी संतुष्ट नहीं दिखीं। उन्होंने कहा कि भले ही किसी और को परेशानी नहीं हुई हो, लेकिन वह और उनका बेटा इससे प्रभावित हुए हैं।

**मिशन** लूनर प्रॉस्पेक्टस के तहत चांद में मौजूद खनिजों पर कंपनियों की नजर

# चांद पर माइनिंग की तैयारी में कंपनियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चांद पर माइनिंग अब केवल विज्ञान कथा नहीं रह गई है, बल्कि यह एक उभरता हुआ अरबों डॉलर का व्यवसाय क्षेत्र बनता जा रहा है। चंद्रमा की सतह पर प्लैटिनम, हीलियम-3 और दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के विशाल भंडार होने की संभावना है। वर्तमान में, कई निजी कंपनियां और अंतरिक्ष एजेंसियां चंद्रमा के संसाधनों का उपयोग करने के लिए 'लूनर इकोनॉमी' विकसित कर रही हैं।

**ये कंपनियां कर रही तैयारियां :** स्टारपाथ कंपनी चंद्रमा पर बर्फ की माइनिंग करने के लिए काम कर रही है। इन्होंने हाल ही में बर्फ निकालने के लिए 12 मिलियन डॉलर की धनराशि जुटाई है। इस बर्फ से भविष्य के मिशनों के लिए पानी और रॉकेट ईंधन (हाइड्रोजन और ऑक्सीजन) बनाया जा सकेगा। फायरफ्लाई एयरोस्पेस चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहले मल्टी-रोवर मिशन के लिए नासा के साथ काम कर रही है। इनका 'ब्लू घोस्ट' लैंडर चंद्रमा की सतह पर पेलोड पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन कंपनी नासा के अर्टमिस प्रोग्राम के तहत चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति, व्यावसायिक विकास के लिए तकनीक विकसित कर रही है। एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी लूनर सिटी प्रोजेक्ट के माध्यम से चंद्रमा पर शहर बसाने और संसाधनों के उपयोग की तैयारी कर रही है। लूनर एम्बेसी एक ऐसी निजी संस्था है, जिसने चंद्रमा पर जमीन बेचने के विचार को लोकप्रिय बनाया है। हालांकि, इसके कानूनी पहलुओं पर अंतरराष्ट्रीय विवाद हैं।




### चांद पर मौजूद खनिज

- **हीलियम-3:** यह पृथ्वी पर बहुत दुर्लभ है, लेकिन चंद्रमा पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो सकता है। यह स्वच्छ परमाणु संलयन ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण ईंधन है।
- **बर्फ:** चंद्रमा के ध्रुवों पर मौजूद बर्फ का उपयोग अंतरिक्ष यात्रियों के पीने के पानी और भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों के लिए रॉकेट ईंधन बनाने के लिए किया जा सकता है।
- **बहुमूल्य धातुएं:** चंद्रमा की सतह पर खरबों डॉलर मूल्य का प्लैटिनम और अन्य दुर्लभ धातुएं मौजूद हो सकती हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और बैटरी तकनीक के लिए आवश्यक हैं।
- **लूनर प्रॉस्पैक्टर:** मूल रूप से 1998 में नासा द्वारा लॉन्च किया गया एक टोही मिशन था, जिसने चंद्रमा के ध्रुवों पर हाइड्रोजन (बर्फ के रूप में) और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की उपस्थिति के स्पष्ट संकेत दिए थे।

## विश्व मंच पर आयुर्वेद की गूंज: आचार्य बालकृष्ण को मिला 'विश्व आयुर्वेद रत्न' सम्मान



**हरिद्वार।** आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय ज्ञान-परंपरा के संरक्षण में निरंतर कार्य कर रहे आचार्य बालकृष्ण को एक और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नेट ग्रीन फाउंडेशन की ओर से आयोजित अर्थ अवार्ड एंड हाई इंपैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के अंतर्गत उन्हें 'विश्व आयुर्वेद रत्न' से अलंकृत किया गया। यह गरिमामयी समारोह यूनेस्को हाउस नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहें। हालांकि आचार्य बालकृष्ण इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इस सम्मान को आयुर्वेद की उस महान परंपरा को समर्पित किया जो हजारों वर्षों से मानवता के समग्र स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का मार्ग प्रशस्त करती आई है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि उस समृद्ध भारतीय परंपरा का है, जिसने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सिद्धांत को जीवन में उतारा। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा तथा यूनेस्को की प्राकृतिक विज्ञान इकाई के प्रमुख डॉ. बेन्नो बोएर सहित कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और नीति-निर्माता उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी गणमान्य अतिथियों ने आयुर्वेद और सतत विकास के बीच गहरे संबंध पर विचार साझा किए।

# पवई में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजा जय श्रीराम का जयघोष





**जागरण, पवई**

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में पवई नगर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में भक्ति का माहौल देखने को मिला।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान जगह-जगह भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा।

प्रशासन भी इस दौरान पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी।

नगरवासियों ने इस आयोजन को लेकर नगर पंचायत पवई की व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जहां भक्तों ने बढ़-चढ़कर सेवा भाव से हिस्सा लिया।

हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन ने पवई नगर में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## पवई में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

**पवई।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में पवई नगर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में भक्ति का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान जगह-जगह भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा।
प्रशासन भी इस दौरान पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। नगरवासियों ने इस आयोजन को लेकर नगर पंचायत पवई की व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जहां भक्तों ने बढ़-चढ़कर सेवा भाव से हिस्सा लिया। नुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन ने पवई नगर में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

# पुलिस द्वारा मारपीट एवं अवैध हथियार के मामले में त्वरित कार्यवाही, 02 आरोपी गिरफ्तार

### जमीनी विवाद के चलते मारपीट एवं हवाई फायर कर दी गई थी जान से मारने की धमकी



**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में मारपीट एवं अवैध हथियार के गंभीर प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

दिनांक 04/03/2026 को फरियादी केदारनाथ पटेल पिता स्व. श्रीराम पटेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि भूमि विवाद को लेकर आरोपी किर्तू पटेल, भास्कर पटेल, अवधेश पटेल एवं बिहारी पटेल से पूर्व से रंजिश चल रही थी। उक्त रंजिश के चलते आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ मारपीट की गई। घटना के दौरान आरोपी किर्तू पटेल एवं अवधेश पटेल अपने हाथ में देशी कट्टा लिए हुए थे, जिसमें से किर्तू पटेल द्वारा हवाई फायर कर फरियादी को जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 63/2026 धारा 125, 296(बी), 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं एसडीओपी गुनौर श्री राजीव भदौरिया के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए, ग्रामीणों से पूछताछ की गई एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई। इसी क्रम में दिनांक 02/04/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बस स्टैंड गुनौर में बस से आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर बस से उतरते ही आरोपी किर्तू पटेल को पकड़ लिया गया। मौके पर उसका भाई अवधेश पटेल भी मिला, जिसे भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम हार से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं एक खाली खोखा जप्त किया गया। अवैध हथियार मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### गिरफ्तार आरोपी

किर्तू पटेल पिता बिहारी पटेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर जिला पन्ना

अवधेश पटेल पिता बिहारी पटेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर जिला पन्ना

उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष कश्यप, आरक्षक योगेन्द्र सिंह, नीलेश एवं अमन का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# गुनौर विधायक ने निर्माणाधीन देवेन्द्रनगर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**पन्ना।** गुनौर विधायक राजेश कुमार वर्मा ने गुरूवार को निर्माणाधीन देवेन्द्रनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना के संबंध में रेल अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री वर्मा ने स्टेशन परिसर, ट्रैक बिछाने के कार्य, प्लेटफॉर्म निर्माण, यात्री सुविधाओं एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए।

रेलवे अधिकारियों ने मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है और बिना समयावधि ब?ाए मई 2026 में इस रेलखंड पर ट्रायल रन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से विस्तार करते हुए सकरिया रेलवे स्टेशन तक जुलाई 2026 में ट्रायल संचालन किया जाएगा। वहीं पन्ना रेलवे स्टेशन तक ट्रायल मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस रेल लाइन के चालू होने से आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर ब?ेंगे, स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और पर्यटन को भी ब?ावा मिलेगा। विधायक ने कहा कि यह रेल परियोजना गुनौर सहित पूरे क्षेत्र के लिए विकास की नई धुरी साबित होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासी इस सुविधा का इंतजार कर रहे थे और अब यह सपना साकार होने की दिशा में तेजी से आगे ब? रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित नागरिकों ने भी अपनी खुशी जाहिर की। लोगों का कहना था कि रेल लाइन शुरू होने से यात्रा आसान होगी, समय की बचत होगी और क्षेत्र की पहचान भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। कई नागरिकों ने विधायक एवं रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि परियोजना तय समय पर पूरी होकर जल्द ही आम जनता के लिए शुरू होगी।

# पुलिस की प्रभावी कार्यवाही 06 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

### गैर इरादतन हत्या के गंभीर प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी को दबिश देकर पकड़ा गया



**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह चौहान एवं एसडीओपी अजयगढ़ अनुभाग राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना बृजपुर पुलिस द्वारा फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बृजपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना बृजपुर के अपराध क्रमांक 310/2020, धारा 304, 201 भादवि (गैर इरादतन हत्या) के प्रकरण में करीब 06 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सुरेश गौड़, पिता चंद्रभान गौड़ (उम्र 22 वर्ष), निवासी ग्राम कोल्हूआ बरोंधा, जिला सतना को पुलिस द्वारा लगातार प्रयास एवं सटीक सूचना के आधार पर बरोंधा, जिला सतना से गिरफ्तार किया गया है।

उक्त आरोपी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जिला पन्ना के प्रकरण क्रमांक स्ञ 150/2020 में लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना बृजपुर पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बरोंधा क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति पाण्डेय के नेतृत्व में एएसआई रावेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश, प्रधान आरक्षक प्रदीप हरदेनिया, आरक्षक दिलीप शर्मा, अमर सिंह आरक्षक चालक संतोष एवं साइबर सेल पन्ना टीम का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

## समीक्षा बैठक 4 अप्रैल को

**पन्ना।** संपूर्णता अभियान अंतर्गत पन्ना जिले के आकांक्षी विकासखंड अजयग? में विभाग स्तर पर समस्त अपेक्षित कार्यवाही की पूर्णता के संबंध में शनिवार, 4 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस अभियान अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक के समस्त बिंदुओं के संदर्भ में आगामी 14 अप्रैल तक शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाना है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को समीक्षा बैठक में नियत एजेंडा अनुसार स्वयं विभागीय जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./3365/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 02.04.2026

**NOTICE INVITING TENDER No. 375/MTN/2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table-1 : Name of Work - Repair/Maintenance of The Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 18559730.00 |
| 2. | Burhanpur | 1 | 7691154.00 |
| 3. | Damoh | 1 | 2561528.00 |
| 4. | Jabalpur | 2 | 42719123.00 |
| 5. | Katni | 1 | 37282537.00 |
| 6. | Khargone | 2 | 16307731.00 |
| 7. | Narmadapuram | 1 | 17315222.00 |
| 8. | Panna | 1 | 21667719.00 |
| 9. | Raisen | 2 | 13152445.00 |
| 10. | Satna | 4 | 95753040.00 |
| 11. | Seoni | 1 | 13924079.00 |
| 12. | Shajapur | 1 | 30723330.00 |
| 13. | Sidhi | 1 | 42806866.00 |

- **Table-2 : Name of Work - Repair/Maintenance of The Rural Roads for Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 24067337.00 |
| 2. | Bhind | 3 | 24645480.00 |
| 3. | Khandwa | 1 | 10017930.00 |
| 4. | Khargone | 2 | 23378082.00 |
| 5. | Mandsaur | 1 | 8846598.00 |
| 6. | Neemuch | 3 | 37161693.00 |
| 7. | Ratlam | 2 | 30044681.00 |
| 8. | Shajapur | 1 | 12590180.00 |

- **Table-3: Name of Work – Repair / Maintenance of The Rural Roads for Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 1 | 22385174.00 |
| 2. | Balaghat | 5 | 180140907.00 |
| 3. | Barwani | 1 | 16105204.00 |
| 4. | Betul | 1 | 16952761.00 |
| 5. | Dewas | 1 | 23577147.00 |
| 6. | Dhar | 3 | 49781591.00 |
| 7. | Jhabua | 1 | 3030730.00 |
| 8. | Khandwa | 1 | 8786302.00 |
| 9. | Khargone | 1 | 19542394.00 |
| 10. | Morena | 1 | 13218131.00 |
| 11. | Neemuch | 2 | 32779872.00 |
| 12. | Sagar | 1 | 4138895.00 |
| 13. | Sidhi | 1 | 26669974.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **07.04.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **22.04.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/125181/2026

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## कलेक्टर ने अजयग में स्कूल चलें हम अभियान का लिया जायजा

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने स्कूल चलें हम अभियान के तहत गुरूवार को अजयग? विकासखंड क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रवेश उत्सव एवं शाला में नामांकित बच्चों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों सहित निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण तथा मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता के बारे में भी पूछा। संस्था प्रमुख से शिक्षकगण व विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के साथ विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा साइकिल वितरण की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक शाला सिन्हाई में विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान पाठ्येत्तर एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी लेकर मार्गदर्शन किया। उपस्थित कक्षावार विद्यार्थियों ने इस दौरान स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया तथा अपने रूचि के विषयों के बारे में भी उत्साहपूर्वक जानकारी दी। शासकीय प्राथमिक शाला बहादुरगंज में निरीक्षण के दौरान बच्चों ने जिला कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस मौके पर बच्चों से अक्षर ज्ञान एवं पहा?ा सहित अन्य विषयों के बारे में जानकारी लेकर प्रोत्साहित किया गया। जिला कलेक्टर ने बहादुरगंज शाला में बालिका शौचालय मरम्मत कार्य एवं पानी निकासी व्यवस्था का अवलोकन कर परिसर में स्थित पुराने जीर्णशीर्ण शासकीय भवन को डिस्मेंटल करने के लिए कहा। इसके अलावा पेयजल की उचित व्यवस्था सहित शाला परिसर में साफ-सफाई के विशेष निर्देश भी दिए गए।

# अब सरकार शराब दुकान चला रही है



**पन्ना।** मध्य प्रदेश की नवीन आबकारी नीति इस बार सभी शराब दुकानों का निष्पादन 31 मार्च तक नहीं करवा पाई। इस कारण शेष बची शराब की दुकानों का संचालन का निर्णय स्वयं सरकार द्वारा किया जाएगा। पन्ना जिले की 39 शराब दुकानो में से 6 शराब दुकानों का निष्पादन पूर्ण नही हो पाया। लिहाजा शासन से प्राप्त निर्देशों के पालन में पन्ना जिले की शराब दुकान पवई, गुनौर, सलेहा, कृष्णगढ़ , अजयगढ़ और मोहन्द्रा के संचालन का आदेश कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा किया गया। जहां आबकारी उपनिरीक्षको को दुकानों का प्रभारी बनाया गया। उनके अधीन आबकारी आरक्षकों और नगर सैनिकों को बतौर विक्रयकर्ता नियुक्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा शासकीय संचालन का निर्णय लिया गया है।

शराब दुकान पवई,कृष्णगढ़ और मोहन्द्रा का प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय को बनाया गया है। शराब दुकान गुनौर और सलेहा के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय और शराब दुकान अजयगढ़ के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विक्रांत जैन को बनाया गया है। विक्रयकर्ता के रूप में आबकारी आरक्षक सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, वीरेंद्र यादव, पंचम सिंह नायक, बृजेंद्र सिंह, प्रभु दयाल वर्मा, प्रेमलाल प्रजापति, रामरतन प्रजापति नियुक्त किया गया। अभी भी शेष शराब दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया प्रचलित है। दुकानों के निष्पादन तक दुकानों का संचालन शासकीय ही होगा।

## नरवाई जलाने की घटनाओं की जांच व रोकथाम के लिए दल का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने जिला पन्ना अंतर्गत किसानों द्वारा नरवाई जलाने की घटनाओं की जांच तथा इसकी रोकथाम के उद्देश्य से जांच दल का गठन किया है। जांच दल में सहायक संचालक कृषि उत्तम सिंह बागरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि दल में संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, क्षेत्रीय हल्का पटवारी तथा कृषि विस्तार अधिकारी को भी शामिल किया गया है। नोडल अधिकारी को प्रत्येक दिवस पोर्टल पर प्रदर्शित नरवाई जलने की घटनाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने तथा मौके पर जाकर एवं जांच कर पंचनामा कार्यवाही के उपरांत संयुक्त हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को सौंपने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य की सतत निगरानी कर घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि गत 15 मार्च से सेटेलाइट के माध्यम से पोर्टल पर नरवाई जलाने की घटनाएं प्रदर्शित की जा रही हैं।

## पुलिस द्वारा थाना पवई थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के साथ 02 आरोपियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा पवई थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से करीब 4.5 किलोग्राम मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 90 हजार रूपये का जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले, खेती करने वाले, भण्डारण करने वाले एवं परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनु. अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप दिनांक 01.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लेकर पवई बायपास तिराहा स्थित माही ढाबा के पास बिक्री हेतु बैठे हैं। थाना प्रभारी पवई द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया, जहाँ दो संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग लिये बैठे मिले, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे । पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर उक्त दोनो संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई एवं संदेहियो के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर क्रमशः 2.193 किलोग्राम एवं 2.289 किलोग्राम कुल 4.525 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती लगभग 90,000/- रुपये का पाया गया।

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

पत्र क्र. 440/भू-अर्जन/2024 मऊगंज दिनांक 10/2/2025

**-: अधिसूचना :-**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकि नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा (1) 12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | नईगढ़ी | सोनवर्षा | 0.005 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.) | डी.बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा ( प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(कोमल सिंह)**
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा जिला-रीवा (म.प्र.)

**(बी. पी. मिश्रा)**
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला-रीवा (म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

**G-11058/26**

## स्थानांतरण के खिलाफ हाईकोर्ट से कपूर त्रिपाठी को राहत

**जागरण, विंध्यनगर।** मोरवा थाने के पूर्व प्रभारी कार्यवाहक निरीक्षक कपूर त्रिपाठी को उनके स्थानांतरण मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई है। त्रिपाठी ने पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के खिलाफ 28 मार्च को रिट पिटीशन दायर की थी। मामले की सुनवाई आज सिंगल बेंच में न्यायाधीश मनिंदर एस. भाटी द्वारा की गई जहां उन्हें राहत प्रदान की गई। वहींए प्रकरण की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता कपूर त्रिपाठी की ओर से सीनियर एडवोकेट के.सी. घिल्डियाल के मार्गदर्शन में अधिवक्ता ब्रमेंद्र प्रसाद पाठक आतिश कुमार यादव राममिलन साकेत सहित अन्य ने पक्ष रखा। अधिवक्ता आतिश कुमार यादव के अनुसार न्यायालय से स्टे मिलने के बाद कपूर त्रिपाठी के दोबारा मोरवा थाना का प्रभार संभालने की स्थिति बन गई है। वहीं आदेश की आधिकारिक प्रति प्राप्त करने के लिए उनके अधिवक्ता प्रक्रिया में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि कपूर त्रिपाठी को मोरवा थाना प्रभारी पद से करीब ढाई महीने के भीतर ही हटा दिया गया था और उनका स्थानांतरण मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी भोपाल किया गया था जिसे उन्होंने बिना पर्याप्त कारण बताते हुए न्यायालय में चुनौती दी थी। अब इस मामले में 8 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### खनन माफिया का कहर, ओवरलोड ट्रकों ने सड़कों को बनाया कब्रगाह

# खनन व ओवरलोड का कहर सड़कों की सांसें टूटीं, प्रशासन की चुप्पी बनी खतरा

### खनन की अंधी दौड़ में कुचली सड़कें, सिस्टम खराब

जागरण, मैहर

जिले के विकास की रफ्तार को ओवरलोड ट्रकों ने जैसे कुचल कर रख दिया है। जिस मैहर से अलग जिले के रूप में नई उम्मीदें जुड़ी थीं, वहीं आज सड़कें बदहाली की गवाही दे रही हैं और प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है। स्टेट हाईवे-11 पर भदनपुर से मैहर तक और नेशनल हाईवे-30 के हरनामपुर क्षेत्र में बनी सर्विस लाइन अब सड़क कम, गड्ढों का जाल ज्यादा नजर आती है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि हर गुजरते वाहन के साथ उड़ती धूल लोगों की जिंदगी में जहर घोल रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो इस बदहाली की जड़ में खनन और परिवहन माफिया का बेलगाम नेटवर्क है। भटूरा और आसपास की खदानों से निकलने वाले भारी-भरकम ओवरलोड ट्रक दिन-रात बिना किसी रोक-टोक के दौड़ रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर चल रहे इन वाहनों ने न केवल सड़कों की परत उधेड़ दी है, बल्कि सर्विस लाइन को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दोपहिया और छोटे वाहन चालकों के लिए चलना खतरे से खाली नहीं रहा। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस पूरी स्थिति से जिम्मेदार विभाग पूरी तरह अनजान नहीं हैं, फिर भी




कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। कई बार शिकायतें की गईं, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन हर बार आश्वासन का झुनझुना थमा दिया गया। न तो ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाई गई और न ही सड़कों की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। इस बदहाली का सीधा असर आम लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। उड़ती धूल ने पूरे क्षेत्र को प्रदूषण के जाल में जकड़ लिया है। घरों में धूल की परत जम रही है, सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं और बच्चों-बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी गंभीर हो गई है। लोगों का कहना है कि अब यह समस्या सिर्फ सड़क तक सीमित नहीं रही, बल्कि जनस्वास्थ्य का बड़ा संकट बन चुकी है।

### सर्विस लाइन पूरी तरह उखड़ी गड्ढों में तब्दील

सैकड़ों ओवरलोड ट्रकों की रोजाना आवाजाही से सड़कों में धूल से प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे आमजन को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। शिकायतों के बावजूद भी कार्रवाई शून्य पर अटकी हुई है। आए दिन सड़कों पर हादसे का खतरा बना रहता है। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही सख्ती दिखाई जाएगी? अगर समय रहते ओवरलोड ट्रकों पर नियंत्रण नहीं लगाया गया और सड़कों की तत्काल मरम्मत नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तो सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी आशीष ने बताया कि स्कूली बच्चे इसी रास्ते से जाते हैं और धूल इतनी ज्यादा है कि बच्चों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, प्रशासन को तुरंत कदम उठाना चाहिए।

**हिरामन, निवासी भदनपुर**

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कुम्हिया में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना




**जागरण, वैढ़न।** नवांकुर संस्था पिछड़ा वर्ग विश्वकर्मा समाज कल्याण संगठन समिति एवं ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती किरण जायसवाल तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समित के अध्यक्ष सचिव नवांकुर सखी राधिका देवी जायसवाल द्वारा जल मंदिर स्थापना प्याऊ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिगरौली के जिला समन्वयक के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड बैढ़न के आदर्श ग्राम कुम्हिया में नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा जल मंदिर की स्थापना की गई। जल मंदिर स्थापना प्याऊ का मुख्य उद्देश्य बढ़ती गर्मी एवं तेज धूप में राहगीरों को स्वच्छ एवं शीतल पेय जल उपलब्ध कराना है ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम पंचायत तथा नवांकुर संस्था का ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है जिसमे आम जनता को राहत मिली सकें। कार्यक्रम के दौरान राम कृपाल जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष एवं सहसचिव श्रीमान कन्हैया लाल जायसवाल प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष तेजमणि पाल सचिव राजेंद्र प्रसाद साकेत ग्राम पंचायत सचिव राम लल्लू बैस बरमदेव जायसवाल रामनरेश जायसवाल अजय कुमार जायसवाल सुदेश कुमार जायसवाल तथा ग्रामीण के वरिष्ठ गणमान्य लोग माताएं बहने उपस्थित रहे।

## वृहद पौधरोपण हेतु एनसीएल ने एमपीआरवीवीएन के साथ किया एमओयू



**जागरण, सिगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने सतत खनन की नीतियों के तहत वर्ष 26.-27 में 208.20 हेक्टेयर भूमि ;मध्य प्रदेश स्थित खदानों पर लगभग 4.70 लाख तथा 2 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 70000 पौधारोपण मियावाकी तकनीक से पौधारोपण का लक्ष्य रखा है पौधारोपण के लिए खदान के अधिभार डंप व समतल भूमि निर्धारित की गयी है जहां बड़े स्तर पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएँगे इस कार्य के लिए एनसीएल ने मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम एमपीआरवीवीएन के साथ एक एमओयू किया है कार्यक्रम के दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक पर्यावरण एवं वन राकेश कुमार उप प्रबंधक पर्यावरण डी. के. सैनी तथा मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा-सीधी परियोजना मण्डल राकेश कोडापे परियोजना रेंज अधिकारी अमलोरी झिंगुरदा एस के पटेल परियोजना रेंज अधिकारी जयंत एल पी शुक्ला उपस्थित रहे।

## अफसरों के आवास के सामने ही मौत का सफर, ट्रैक्टर-ट्रॉली में ठूंसकर जा रहे श्रद्धालु

**जागरण, मैहर।** आस्था नगरी मैहर में मां शारदा के दर्शन के बाद लौटते श्रद्धालुओं की सुरक्षा पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आ रही है। ताजा तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में खतरनाक तरीके से सफर कर रहे हैं। कोई ट्रॉली के छज्जे पर बैठा है तो कोई ट्रैक्टर और ट्रॉली के जॉइंट हिस्से पर जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहा है। यह नजारा सीधे-सीधे हादसे को न्योता देता दिख रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा घटनाक्रम उसी मार्ग पर हो रहा है, जहां जिले के बड़े अधिकारियों जैसे कलेक्टर, एसडीएम, एसपी और तहसीलदार के आवास स्थित हैं। यानी जिन सड़कों से रोज जिम्मेदार अफसर गुजरते हैं, वहीं खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है, लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। घंटाघर से देवी जी रोड तक ऐसे कई वाहन नजर आ रहे हैं, जिनमें क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग बैठे हुए हैं। ट्रॉली के किनारों और छज्जों पर बैठे श्रद्धालु जरा सी चूक में सड़क पर गिर सकते हैं। वहीं ट्रैक्टर और ट्रॉली के जॉइंट हिस्से पर बैठे



लोग सबसे ज्यादा जोखिम में हैं, जहां अचानक झटका लगने पर सीधा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्र और अन्य पर्वों पर यह लापरवाही हर साल दिखती है, लेकिन प्रशासन सख्ती नहीं करता। यातायात व्यवस्था केवल कागजों में नजर आती है, जमीनी स्तर पर कोई नियंत्रण नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक आस्था के नाम पर इस तरह मौत का सफर जारी रहेगा। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या समय रहते कार्रवाई करेगा। फिलहाल तस्वीरें साफ बता रही हैं कि मैहर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा नहीं, लेकिन जिम्मेदार अब भी बेखबर है।

## बिजली कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना



**जागरण, अमरपाटन।** मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर अमरपाटन में कर्मचारियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्यपालन अभियंता कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व महासंघ के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद पटेल ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए लंबित मांगों के जल्द निराकरण की मांग उठाई। प्रदर्शन में मुलायम प्रसाद पटेल, सुधीर प्रसाद सोंधिया, कमलेश पटेल, विपिन द्विवेदी, रामजी पटेल, मुन्नीलाल वर्मा, प्रमोद पटेल और गणेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## साधना सप्ताह 2 से 8 अप्रैल तक शासकीय सेवकों के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान

**जागरण, वैढ़न।** साधना सप्ताह अंतर्गत 2 से 8 अप्रैल के दौरान समस्त शासकीय मंत्रालयों विभागो संगठनों में शासकीय सेवकों के राष्ट्रीय उन्नति के अनुकूल विकास एवं मानवीय क्षमताओं में अभिवृद्धि हेतु विस्तृत एवं बहुआयामी प्रशिक्षण एवं परिचर्चा सबंधी कार्यक्रम साधना सप्ताह् का आयोजन किया गया है। साधना सप्ताह दौरान मिशन कर्मयोगी अंतर्गत पोर्टल पर उपलब्ध अधिक से अधिक प्रशिक्षण पाठ्याक्रमों की पूर्णता प्रदेश के समस्त शासकीय सेवकों संविदा कर्मियों के द्वारा की जाना है तथा क्षमता विकास आयोग एवं राज्य स्तर से आर.सी वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित समूह चर्चाओं एवं बेविनार इत्यादि के माध्यम से समस्त शासकीय सेवकों का क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।राष्ट्रीय सीखे सप्ताह 15 सितम्बर से 21 सितम्बर 25 के दौरान मध्यप्रदेश द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया था। अतः राष्ट्रीय सीखे सप्ताह में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु विभागो और जिलों से कार्यवाही अपेक्षित है।

## गोला मठ से शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान, जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

**जागरण, मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ गोला मठ मंदिर परिसर से किया गया। अभियान की शुरुआत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में हुई, जहां सफाई के साथ जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, एसडीएम दिव्या पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अभियान के तहत मंदिर परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कचरा हटाने, आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने और जल स्रोतों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान में शामिल जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। सभी ने मिलकर परिसर को साफ-सुथरा बनाने



का प्रयास किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए जल स्रोतों का संरक्षण बेहद जरूरी है। यदि समय रहते इस दिशा में प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में जल संकट गहरा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ रखें, गंदगी न फैलाएं और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहें। यह अभियान स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें जनसहभागिता से ही सफलता संभव है।

## अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा व कारतूस जब्त

**जागरण, मैहर।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमरपाटन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें उपजेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन और एसडीओपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना अमरपाटन पुलिस सक्रियता से कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 1 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम परसवाही में घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने शाहिल यादव (19) निवासी परसवाही को पकड़ा, जिसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस




बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह हथियार वीरेंद्र यादव (25) निवासी दलदल, जिला सतना से लिया था। जानकारी के आधार पर पुलिस ने वीरेंद्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**टीम की भूमिका सराहनीय :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते के साथ उपनिरीक्षक अनिल त्रिपाठी, हरीलाल वर्मा, राजू निपाने तथा आरक्षक सुरजीत सिंह और गुड्डू यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और सक्रियता की सराहना की है।

In The Court of III Civil Judge Junior Division, District Court, Singruali
Presiding Officer : सुश्री प्रिन्यू मिश्रा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000245/2025)
सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता............................वादी
Vs
बच्चा प्रसाद..............................प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक-06/05/2026
प्रेषिती-
1.बच्चा प्रसाद पिता दुर्गा प्रसाद पता. ग्राम मेढौली तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र यह कि प्रार्थी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आपके विरुद्ध आदेश 07 नियम 01 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 31 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
(प्रिन्यू मिश्रा)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
मुख्यालय वैढ़न जिला-सिंगरौली (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें- 1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## हनुमान जयंती पर पपरानाथ मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब




**जागरण, अमरपाटन।** हनुमान जयंती के अवसर पर पपरा स्थित पपरानाथ स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पहाड़ी के बीच स्थित इस दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की क्षेत्र में विशेष आस्था है। मान्यता है कि यहां भगवान हनुमान स्वयं प्रकट हुए थे और मंदिर से जुड़े कई धार्मिक प्रसंग प्रचलित हैं। मंदिर परिसर में छत न होने की परंपरा भी लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है। जयंती के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भी पहुंचे और पूजा-अर्चना कर भंडारे में शामिल हुए। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां नारियल बांधकर मन्नत मांगने की परंपरा है, जिसे पूरा होने पर श्रद्धालु भंडारा कराते हैं।

## मैहर मंदिर मार्ग की व्यवस्था ध्वस्त, पत्रकारों ने संभाला मोर्चा

**जागरण, मैहर।** विश्व प्रसिद्ध माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु बेहतर व्यवस्था की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर मार्ग की बदहाल स्थिति उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रही है। मेला अवधि में प्रशासन द्वारा लगाए गए अस्थायी डिवाइडर और स्टॉपर अब सड़कों पर बेतरतीब पड़े हैं, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गए हैं। मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जगह-जगह स्टॉपर सड़क के बीचों-बीच गिरे नजर आ रहे हैं। इनकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मेला खत्म होने के बाद भी इन्हें हटाने या व्यवस्थित करने की कोई पहल नहीं की गई, जिससे साफ है कि प्रशासन व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। इसी बीच जब यह लापरवाही जागरण टीम की नजर में आई तो संवाददाता शैलेश अग्रवाल और श्याम त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर खुद ही स्टॉपर को सड़क किनारे कराया, ताकि दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके। पत्रकारों द्वारा किया गया यह कार्य व्यवस्था की पोल खोलने के साथ-साथ



जिम्मेदारों की निष्क्रियता को भी उजागर करता है। गौरतलब है कि इसी मार्ग पर पहले भी एक दुकान कर्मचारी की सड़क हादसे में जान जा चुकी है। इसके बावजूद हालात नहीं सुधरे हैं। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही समझ से परे है। पहले भी मेला अवधि के दौरान पशुओं के आतंक को लेकर जागरण द्वारा खबर प्रकाशित की गई थी, जिस पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की थी। अब एक बार फिर यह मुद्दा सामने आया है, जिससे उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी जल्द संज्ञान लेंगे। श्रद्धालुओं का कहना है कि जिस स्थान पर देश के कोने-कोने से लोग आस्था लेकर पहुंचते हैं, वहां कम से कम मूलभूत व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। फिलहाल मंदिर मार्ग पर फैली अव्यवस्था प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है और हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है।

## रामनगर में घर-घर गैस सप्लाई की मांग तेज

**जागरण, रामनगर।** रामनगर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर अब घर-घर सप्लाई की मांग तेज हो गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता 'सूरज' ने प्रशासन से मांग की है कि अमरपाटन की तर्ज पर यहां भी गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाए जाएं। उन्होंने एसडीएम और गैस एजेंसी संचालकों से मिलकर समस्या से अवगत कराया और कहा कि एजेंसी पर लगने वाली लंबी कतारों से लोगों को भारी परेशानी होती है। इस पर एसडीएम एसपी मिश्रा ने आश्वासन दिया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

## हनुमान जयंती पर मंदिरों में पाठ पूजन और भंडारे का आयोजन

**जागरण, रामनगर।** हनुमान जयंती के अवसर पर रामनगर क्षेत्र के मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। विभिन्न गांवों और वार्डों में स्थित हनुमान मंदिरों में रामचरितमानस, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर हवन और भंडारे का आयोजन किया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। पुजारियों द्वारा भगवान हनुमान को सिंदूर, चोला और लड्डू का भोग अर्पित किया गया।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| रियान रिकेल्टन (मुंबई) | 81 |
| इशान किशन (हैदराबाद) | 80 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 78 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| जैकब डफी (बेंगलुरू) | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 03 |
| विजयकुमार (गुजरात) | 03 |

## बाउंड्री मीटर



89 छक्के

135 चौके

10 अर्धशतक

ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी के बीच पांचवें विकेट लिए नाबाद 119 रन की साझेदारी हुई। यह दिल्ली की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले राहुल और स्टब्स के बीच 111 रन की साझेदारी हुई थी।


## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 | 4.171 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | 2.907 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.397 |
| मुंबई | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.687 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.509 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 | - 0.509 |
| कोलकाता | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.687 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.397 |
| हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | -2.907 |
| चेन्नई | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.171 |

## मैदान से हटकर

### सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू, राजकुमार राव बनेंगे 'दादा'

भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म 'दादाः द सौरव गांगुली स्टोरी' की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। उड़ान और लुटेरा फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे, जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। मोटवानी ने भी कोलकाता के





ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की। राजकुमार ने बताया कि वे इस रोल के लिए काफी नर्वस हैं, लेकिन उतने ही एक्साइटेड भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं नर्वस हूं... ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन मजा भी आने वाला है। वे बंगाली लहजे को स्क्रीन पर सही ढंग से उतारने के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। उनकी पत्नी पत्रलेखा बंगाली होने के कारण उन्होंने घर पर ही इस भाषा को सीखा है। भारत के लिए 1992 से 2008 के बीच खेलने वाले गांगुली ने टेस्ट और वनडे में 38 शतक समेत 18575 रन बनाए हैं। गांगुली ने जुलाई 2025 में दिए इंटरव्यू में कहा कि उन पर बनने वाली फिल्म में उनके किरदार के लिए राव सही पसंद होंगे।

(जेएनएन)

# इटली की टीम लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूकी

## विश्व कप के सभी स्थान तय, पहली बार 48 टीमें

**मॉन्टेरी (मेक्सिको), जेएनएन।** विश्व कप फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए पिछले ढाई साल से चली क्वालिफाइंग प्रक्रिया के बाद सभी 48 टीम तय हो गई हैं। उत्तरी मैक्सिको के मॉन्टेरी में मंगलवार को खेले गए अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में इराक ने बोलीविया को 2-1 से हराकर 48वां और अंतिम स्थान हासिल किया। इस जीत के साथ ही 40 साल के अंतराल के बाद एशियाई टीम ने क्वालिफाई किया। यह मैच बोस्निया हर्जेगोविना की यूरोपीय प्लेऑफ में चार बार के चैंपियन इटली पर पेनल्टी शूटआउट में उलटफेर भरी जीत के कुछ घंटे बाद खेला गया। इसके साथ ही इटली लगातार तीसरी बार क्वालिफाई करने से चूक गया। क्वालिफाइंग के आखिरी दिन यूरोप की आठ टीमें चार स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। मैक्सिको में अंतरमहाद्वीपीय टूर्नामेंट ने शेष दो स्थानों का निर्धारण किया। विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने वाली एक अन्य टीम कांगो थी, जिसने मैक्सिको के ग्वाडालाजारा में जमैका को 1-0 से हराया। स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य तीनों ने यूरोपीय प्लेऑफ से क्वालिफाई किया है। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

### विश्व कप फुटबॉल में ग्रुप की स्थिति

| |
|---|
| ग्रुप-एः चेक गणराज्य, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण कोरिया |
| ग्रुप-बीः कनाडा, बोस्निया हर्जेगोविना, कतर और स्विट्जरलैंड |
| ग्रुप-सीः ब्राजील, हैती, मोरक्को, स्कॉटलैंड |
| ग्रुप-डीः ऑस्ट्रेलिया, पराग्वे, तुर्किए और अमेरिका |
| ग्रुप-ईः कुराकाओ, इक्वाडोर, जर्मनी और आइवरी कोस्ट |
| ग्रुप-एफः नीदरलैंड, जापान, स्वीडन और ट्यूनीशिया |
| ग्रुप-जीः बेल्जियम, मिस्र, ईरान और न्यूजीलैंड |
| ग्रुप-एचः केप वर्डे, सऊदी अरब, स्पेन और उरुग्वे |
| ग्रुप-आईः फ्रांस, नॉर्वे, सेनेगल और इराक |
| ग्रुप-जेः अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रिया और जॉर्डन |
| ग्रुप-केः कोलंबिया, जमैका, पुर्तगाल और उज्बेकिस्तान |
| ग्रुप-एलः क्रोएशिया, इंग्लैंड, घाना और पनामा |



■ इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था।

### चार बार का चैंपियन इटली को 66वें नंबर की बोस्निया हर्जेगोविना ने हराया

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली को विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।
बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है, जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए, जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया।

# होम ग्राउंड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने की कोशिश करेगी सीएसके

## आईपीएलः चेन्नई खाता खोलने को बेताब, पंजाब जीत लय बरकरार रखने उतरेगी

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले आईपीएल मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है, जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। सीएसके को राजस्थान के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं।




### चहल से रहना होगा सावधान

चहल का सीएसके के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है और पिछले सीजन इसी मैदान पर उन्होंने सीएसके के खिलाफ हैट्रिक भी ली थी। बीच के ओवरों में चहल के सामने शिवम दुबे की भूमिका अहम होगी। चहल ने अब तक सीएसके के खिलाफ 19 पारियों में 23 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 7.1 का रहा है। दुबे ने 2026 में स्पिन के खिलाफ 8 पारियों में 217 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और सिर्फ एक बार आउट हुए हैं।


### अर्शदीप और खलील के शानदार रिकॉर्ड

2024 से अब तक बाएं हाथ के गेंदबाजों में पंजाब के अर्शदीप ने सबसे ज्यादा 40 विकेट लिए हैं, जबकि सीएसके के खलील 32 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। पावरप्ले (1-6 ओवर) में भी इन दोनों का दबदबा रहा है। इस दौरान खलील ने 18 और अर्शदीप ने 15 विकेट झटके हैं। दोनों ही गेंदबाजों का विपक्षी कप्तान के खिलाफ रिकॉर्ड दमदार है। अर्शदीप ने रुतुराज गायकवाड़ को 6 पारियों में 3 बार आउट किया है, जबकि खलील ने भी श्रेयस अय्यर को आठ पारियों में तीन बार अपना शिकार बनाया है।

# दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने लिया संन्यास

## सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने के बाद लिया फैसला

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने इस साल केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन कहा कि वह अपनी घरेलू टीम लायंस की तरफ से खेलते रहेंगे। जोहानिसबर्ग के 37 वर्षीय खिलाड़ी वान डेर डुसेन ने पिछले साल मार्च से दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2018 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा 18 टेस्ट, 71 वनडे और 57 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वान डेर डुसेन ने कहा कि मैं अत्यंत गर्व और कृतज्ञता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।



- वान डेर डुसेन ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और उसके बाद वे सभी प्रारूपों के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने वनडे में अपना विशेष प्रभाव छोड़ा। उन्होंने इस प्रारूप में 50 से अधिक के औसत से 2657 रन बनाए, जिनमें छह शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज 2022 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेला था।
- 2023 विश्व कप में उन्होंने दो शतक जमाए और टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने लगातार तीन अर्धशतक लगाए और टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाए। यही उनके आखिरी वनडे मुकाबले भी साबित हुए। वान दर डुसेन ने 2021 का टी-20 विश्व कप भी खेला और इस प्रारूप में आठ बार टीम की कप्तानी की।

# मध्यप्रदेश की पूर्व महिला क्रिकेटरों को हर महीने सहायता राशि देगा एमपीसीए

**इंदौर, जेएनएन।** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने राज्य की पूर्व महिला खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें हर महीने 6,000 से 12,500 रुपए की सहायता राशि देने का फैसला किया है। एमपीसीए के मानद सचिव सुधीर आसनानी ने बताया कि संगठन की मंगलवार को आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने पूर्व महिला खिलाड़ियों को मासिक सहायता राशि देने का प्रस्ताव रखा जिसे समिति ने मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि जिन पूर्व महिला खिलाड़ियों को बीसीसीआई से कोई सहायता नहीं मिलती है, उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की टेस्ट और वनडे स्पर्धाएं खेल चुकीं पूर्व महिला खिलाड़ियों को हर महीने एमपीसीए की ओर से 12,500 रुपए प्रदान किए जाएंगे। घरेलू क्रिकेट खेल चुकीं पूर्व महिला खिलाड़ियों को उनके द्वारा खेले गए मुकाबलों के आधार पर 6,000 रुपए से 10,000 रुपए की मासिक सहायता राशि दी जाएगी। 75 साल की उम्र पूरी करने वाली महिला खिलाड़ियों को इस सहायता राशि के अलावा हर महीने 7,500 रुपए भी प्रदान किए जाएंगे। आसनानी ने बताया कि एमपीसीए की प्रबंध समिति ने चंद्रकांत पंडित को अगले दो वर्षों के लिए निदेशक (क्रिकेट) के रूप में सेवा विस्तार देने का फैसला भी किया। पंडित को मध्यप्रदेश के पहले रणजी खिताब का प्रमुख शिल्पकार माना जाता है। प्रबंध समिति की बैठक में चयनकर्ताओं, अंपायरों, प्रशिक्षकों और स्कोररों के मानदेय में बढ़ोतरी का फैसला भी किया गया।

# अर्जेंटीना में संभवतः अपने आखिरी मैच में मेसी ने दिखाया जलवा, टीम के लिए एक गोल दागा

**ब्यूनस आयर्स, जेएनएन।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेसी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 साल के मेसी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने 1978 और 1986 में भी विश्व कप जीता था। वह ग्रुप जे में 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा, जिसके बाद वह 22 जून को ऑस्ट्रिया और 27 जून को जॉर्डन से भिड़ेगा।



# आर्सेनल व बायर्न म्यूनिख विमेंस चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

## बायर्न ने 3 मिनट के अंदर दो गोल कर मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया

**लंदन, जेएनएन।** मौजूदा चैंपियन आर्सेनल दूसरे चरण में चेल्सी से 1-0 से हारने के बावजूद महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-1 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से वह 3-2 के कुल स्कोर के आधार पर अंतिम चार में पहुंच गया है। अब उसका सामना वोल्फ्सबर्ग या लियोनेस में से किसी एक से होगा। स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में स्जोके नुस्केन ने चेल्सी के लिए गोल दागा। इससे पहले बायर्न म्यूनिख ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया और कुल मिलाकर 5-3 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य दो क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना का सामना रियाल मैड्रिड से जबकि वोल्फ्सबर्ग का लियोन से होगा। पहले चरण के बाद बार्सिलोना 6-2 से जबकि वोल्फ्सबर्ग 1-0 से आगे है।




# पीटरसन ने पूछा, क्या रिषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं?

**मुंबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान रिषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है। पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रनआउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं, लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने कहा कि जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं, तो तब सवाल उठता है कि क्या पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो।

# कैंडिडेट्स शतरंजः ब्लूबाउम ने प्रज्ञानंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई

## प्रज्ञानंदा, ब्लूबाउम और अनीश गिरी संयुक्त तीसरे स्थान पर

**पाफोस (साइप्रस), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। पिछले साल के विश्व कप विजेता सिंदारोव ने बुधवार को चार मैचों में अपनी तीसरी जीत हासिल की, जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञानंदा ने पिछले दौर में सिंदारोव से हारने के बाद ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया। अब जबकि 10 दौर का खेल बाकी है, तब सिंदारोव के ठीक पीछे कारुआना 2.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि प्रज्ञानंदा, ब्लूबाउम और नीदरलैंड के अनीश गिरी समान दो अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। दिन के अन्य दो मैचों में अनीश गिरी ने रूसी खिलाड़ी एंड्री एसेपेंको को हराया, जबकि चीन के वेई यी ने अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख को चीन की जिनेर झू के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जबकि आर वैशाली ने रूस की एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना के साथ ड्रॉ खेला। कोनेरू हम्पी के नाम वापस लेने के बाद अंतिम समय में प्रतियोगिता में शामिल होने वाली यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने रूस की कटेरीना लागनो को पीछे छोड़ते हुए कजाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेव के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। मुजीचुक और अस्सौबायेवा 2.5-2.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वैशाली, गोरियाचकिना, झू और लागनो का नंबर आता है जिनके दो-दो अंक हैं। झोंगयी और दिव्या 1.5 अंकों के साथ ज्यादा पीछे नहीं हैं।



## लिलहा विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**सतना।** शासकीय प्राथमिक शाला लिलहा में बड़े धूमधाम से प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर उन्हें शिक्षण सामग्री प्रदान की गई साथ ही विशेष प्रकार का भोज भी कराया गया जिसमें प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती विमला रावतए प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रजापति सहायक शिक्षक सुरेश प्रसाद कुशवाहा रसोइया जानकी आदिवासी पिंकी कोल व अभिभावको की काफी संख्या में उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ


**सतना।** ग्राम पंचायत सोहावल में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 28 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत सतना शैलेन्द्र सिंह रहेए जिन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं डिजिटल साक्षरता के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सोहावल के सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी ने युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।

# आखिरकार घटिया निर्माण व अनियमितता जांच करने टीम गठित

### बेलदरा पंचायत का मामला आरईएस कार्यपालन यंत्री ने बनाई 3 सदस्यी टीम

**जागरण, सतना**

घटिया निर्माण को बढावा देने वाले तकनीकी अमले के विरूद्ध लगातार की जा रही शिकायतो के बाद भी जब कोई कार्यवाही होती नजर नही आई तब संचार संकर्म समिति के सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह ने शिकायत मिलते ही इस मामले पर संज्ञान लिया और जांच के लिए कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यंत्रिकी सेवा को टीम बनाकर जांच कराने के निर्देश दिये। सभापति द्वारा लिये गये संज्ञान के बाद कार्यपालन यंत्री ने जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलदरा में कराये गये घटिया निर्माण कार्यो की जांच के लिए तीन सदस्यी टीम गठित कर जिला पंचायत सीईओ को भेजा है।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना (म.प्र.)
Phone No-07672- 223236- E-Mail ceressatna@yahoo.in, ceressatna@mp.gov.in
क्रमांक/2301/ग्रायांसे/तक./2026 सतना, दिनांक 23-03-2026
प्रति,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत सतना म.प्र.
विषय :- ग्राम पंचायत बेलदरा जनपद पंचायत मैहर में शांतिधाम पहुंच मार्ग एवं नाली निर्माण में अनियमितता की जांच बाबत्।
संदर्भ :- 1. संचार संकर्म एवं स्थायी समिति की बैठक दिनांक 10.03.2026.
2. उपसरपंच ग्राम बेलदरा जनपद पंचायत मैहर जिला मैहर के पत्र दिनांक 13.02.2026, एवं 09.03.2026
—000—
उपरोक्त विषयान्तर्गत व संदर्भित पत्र क्र. 01 के क्रम में मान. श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानु सभापति महोदय जिला पंचायत सतना के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बेलदरा जनपद पंचायत मैहर में शांतिधाम पहुंच मार्ग की गुणवत्ता एवं अपूर्ण कार्य के पूर्ण कार्य पूर्ण मूल्यांकन एवं नाली निर्माण में अनियमितता की जांच हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है।
1- श्री विनोद खरे अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग सतना।
2- श्री आनंद कोल सहायक प्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सतना।
3- मान. श्री देवदत्त सोनी जिला पंचायत सदस्य।
कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सतना म.प्र.
पृ.क्रमांक/2301/A/ग्रायांसे/तक./2026
प्रतिलिपि,
सतना, दिनांक 23-03-2026
1. माननीय सभापति श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानु जी की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. महाप्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सतना म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित।
3. कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सतना म.प्र. की ओर सूचनार्थ व अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित।
4. संबंधित श्री ... की ओर प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त जांच की जाकर जाँच प्रतिवेदन 15 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सतना म.प्र.

### जांच टीम में इनको किया शामिल

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलदरा में उप सरपंच सहित कई पंचो द्वारा की गई शिकायत के बाद घटिया निर्माण की जांच करने जिन अधिकारियों को टीम शामिल किया गया है। उसमें एसडीओ पीडब्ल्यू डी विनोद खरे, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक के सहायक प्रबंधक आनंद कोल, और जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी को शामिल किया गया है। उक्त समिति ग्राम पंचायत बेलदरा में शांति धाम पहुच मार्ग की गुणवत्ता एवं अपूर्ण कार्यो को पूर्ण बता कर मुल्यांकन एवं नाली निर्माण में की गई अनियमितता की जांच की जायेगी।

### लगे थे ये भी आरोप

महिला दिवस के अवसर पर आयोजित की गई ग्राम सभा के दौरान पंचायत सचिव द्वारा किसी तरह की कार्यवाही रजिस्टर में नही लिखी गई। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के उपसरपंच सहित एक दर्जन पंचो ने लिखित शिकायत जिला पंचायत सीईओ से करते हुये कार्यवाही की मांग की है। यह पूरा मामला मैहर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलदरा का बताया जा रहा है। जहां पर 8 मार्च को आयोजित की गई ग्रम सभा में सचिव द्वारा उपस्थिति पंजी में सदस्यो के हस्ताक्षर तो करा लिये गये मगर ग्राम सभा की कार्यवाही पंजी में नही लिखी गई और न ही कोई प्रस्ताव डाला गया। खाली पंजी लेकर चले गये इस मामले पर पंचायत प्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की है उप सरपंच ने जब एजेंडे के अनुसार कार्यवाही लिखने के लिए सचिव को कहा तो सचिव ने प्रस्ताव बाद में लिखने की बात कही। ग्राम पंचायत बेलदरा जहां घटिया सड़क और नाली निर्माण के लिए चर्चित है कई शिकायते होने के बाद भी कार्यवाही नही की गई आखिरकार इस पंचायत को किसका संरक्षण प्राप्त है यह तो पता नही मगर अब उप सरपंच और एक दर्जन पंचो ने सरपंच पुत्र आशुक दाहिया पर सरपंची चलाने का आरोप लगाया है। पंचायत प्रतिनिधियो ने कहा है कि बेलदरा में इंद्रिरा बाई दाहिया सरपंच है मगर उनका पुत्र आशुक दाहिया सरपंच के दायित्वो का निर्वाहन करता है जबकि इस तरह का कृत्य करने पर धारा 40 की कार्यवाही के निर्देश स्पष्ट रूप से है। मगर कहीं किसी तरह की कार्यवाही नही हुई। शिकायत करताओ ने सरपंच इंदिरा बाई दाहिया के विरूद्ध पद के दुरूपयोग कराने के कारण धारा 40 की कार्यवाही करने की मांग की थी।

## दिव्यांगजन आकलन सह वितरण शिविर का प्रथम दिवस सम्पन्न

**जागरण, सतना।** सांसद गणेश सिंह के प्रयास से उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन गुरूवार को बिरला मार्केट सतना के कम्युनिटी हॉल में प्रारंभ हो गया है। शिविर में प्रथम दिवस नगर निगम सतना के दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता का आंकलन किया गया। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों की आवश्यकताओं के अनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस दौरान बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे और योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



शिविर के दूसरे दिन 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सांसद सतना गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत एवं नगर परिषद उचेहरा तथा नागौद के दिव्यांगजनों के लिए बिरला मार्केट सतना के कम्युनिटी हॉल में परीक्षण एवं सहायक उपकरणों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
4 अप्रैल 2026, शनिवार
समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीड़ित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
● लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। ● लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। ● खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। ● शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्राव होना। ● शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। ● शौच या पेशाब की आदतो मे विशेष बदलाव होना। ● शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कड़ापन महसूस होना। ● शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का छठवां दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न

**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ग्राम माधवगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का छठवां दिवस गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। यह शिविर 28 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। दिन की शुरुआत प्रातःकालीन प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम में भ्रमण कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के संदेश प्रसारित किए। इस दौरान ग्रामीणों की भी सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। प्रभात फेरी के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा योग, व्यायाम, परेड एवं पी.टी. का आयोजन किया गया, जिससे उनमें अनुशासन और शारीरिक क्षमता का विकास हुआ। परियोजना कार्य के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम के नालों की सफाई एवं रखरखाव किया गया। साथ ही नालों के किनारे सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने वृक्षों में पानी एवं मिट्टी डालकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतना विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में ए.के.एस. यूनिवर्सिटी, सतना के कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने संबोधित किया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अजय यादव क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. एन.के. भगत, अरुण यादव एवं विधायक प्रतिनिधि योगेश कुशवाहा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय ने की। मुख्य अतिथि विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा ने स्वयंसेवकों को नियमित डायरी लेखन की प्रेरणा देते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन हेतु सक्रिय सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास से ही समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छा वक्ता वही होता है, जो पहले एक अच्छा श्रोता बनता है। डॉ. क्रांति मिश्रा ने स्वयंसेवकों के नेतृत्व कौशल की सराहना करते हुए कहा कि वे अब निर्णय लेने में सक्षम होकर एक अच्छे नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित हो रहे हैं। प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय ने स्वयंसेवकों पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे महाविद्यालय एवं समाज का नाम अवश्य रोशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन स्वयंसेविका किरण मल्लाह द्वारा किया गया।



## ओबरी समिति से निकाले गये विक्रेता को अमरपाटन का प्रभार क्यों ?

**सतना।** ओबरी समिति से निकाले गये एक विक्रेता को अमरपाटन समिति का प्रभार क्यो और कैसे दे दिया गया यह बात समझ से परे है बताया जाता है कि दिसम्बर 2026 में विक्रेता अखिले श्रीवास्तव फर्जी तरीके ओबरी समिति का प्रभार लेकर कार्य करने लगे गेहू एवं धान खरीदी का कार्य करने के दौरान व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया। कृषको द्वारा बिक्री के लिए लाये गये गेहू और धान की तौलाई की राशि आज दिनांक तक भुगतान नही की गई जबकि शासन से तौलाई की राशि मिलती है।

## भूसा गौशालाओं को दान कराने के लिए किसानों को जागरूक करें : कमिश्नर

**सतना।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि रबी फसल की कटाई के बाद किसान नरवाई से भूसा बनाकर गौशालाओं को दान करें। रीवा संभाग में 318 गौशालाओं में निराश्रित और बीमार गौवंश की देखभाल की जा रही है। संभाग के सभी कलेक्टर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें गौशालाओं को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। इससे एक ओर जहाँ नरवाई की समस्या दूर होगी। वहीं दूसरी ओर गौ सेवा के रूप में पुण्य भी मिलेगा। पशुपालन विभाग के मैदानी कर्मचारी भूसा दान अभियान चलाकर किसानों को गौशालाओं को भूसा देने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी तथा पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैनात करके गांवों में भूसा दान अभियान चलाएं। ग्राम पंचायतों के माध्यम से भी भूसे का संग्रहण कराकर उसे गौशालाओं तक पहुंचाएं।

## राज्य स्तरीय पदक विजेताओं के लिए खेलवृत्ति के आवेदन आमंत्रित

**सतना।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेलवृत्ति उन खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी, जिन्होंने 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं। इनमें स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये, रजत पदक विजेताओं को 8 हजार रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को 6 हजार रुपये की खेलवृत्ति राशि प्रदान की जाएगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना ने बताया कि खेलवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी आवेदन पत्र संबंधित जिले के कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। खेलवृत्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं नियम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## कलेक्टर ने बटोही ग्राम का भ्रमण किया

**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मझगवां तहसील के नगर पंचायत चित्रकूट के अंतर्गत आने वाले बटोही ग्राम का भ्रमण कर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वनमंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर और तहसीलदार चित्रकूट कमलेश सिंह भदौरिया के साथ ग्राम का भ्रमण कर पेयजल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली और निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध विभाग
हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स)
प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी
जनरल मेडिसिन
जनरल सर्जरी
यूरोलॉजी
पीडियाट्रिक
पॉलीट्रामा
पल्मोनरी मेडिसिन
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा




जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com